खबरें छुपाता नहीं, छापता है
# शाह टाइम्स
मुरादाबाद, गुरुवार 2 अक्टूबर 2025 मुरादाबाद संस्करण: वर्ष 23 अंक 48 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00
shahtimes2015@gmail.com | आश्विन शुक्ल पक्ष 11 विक्रमी सम्वत् 2082 | 9 रबी उल सानी1447 हिजरी | नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित

अधिकतम :31°C
न्यूनतम: 25°C

विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें। मुफ्त पढ़ें E-paper


कश्मीरियों को बंदूक से डरा रही भाजपा : महबूबा मुफ्ती पेज 2


मोहसिन नकवी ने एशिया कप ट्रॉफी एसीसी के दफ्तर में जमा कराई खेल टाइम्स


अहिंसा गांधी का शास्त्र, भारत की पहचान व नई पीढ़ी की चुनौती सम्पादकीय


अमेरिका में शटडाउन हुआ लागू, सरकारी कामकाज ठप पेज 12

# मुजफ्फरनगर: हाईवे किनारे खड़े ट्रक में घुसी कार, छह की मौत

## एक की हालत गंभीर, करनाल से अस्थि विसर्जन के लिए हरिद्वार जा रहा था परिवार

शाह टाइम्स संवाददाता

**तितावी ( मुजफ्फरनगर )।** बुधवार को एक बड़ा सड़क हादसा हो गया। तेज रफ्तार अर्टिगा कार हाईवे किनारे खड़े ट्रक में घुस गई। कार चालक को नींद की झपकी आने पर सड़क हादसे में एक ही परिवार के 5 सदस्यों समेत 6 लोगों की मौत हो गई। मृतकों में मां- बेटा सहित तीन महिलाएं और तीन पुरुष शामिल हैं। कार में 7 लोग सवार थे, जिसमें 5 की मौके पर मौत हो गई और एक ने अस्पताल में दम तोड़ दिया। एक की हालत गंभीर है।

हरियाणा के करनाल जिले के फरीदपुर के रहने वाले महेंद्र जुनेजा कैंसर से पीड़ित थे। 22 सितम्बर को हार्ट फैल होने से महेंद्र की मौत हो गई थी। बुधवार को उनकी अस्थियों को गंगा में विसर्जित करने के लिए सभी परिवार के लोग दो कारों में सवार होकर करनाल से हरिद्वार जा रहे थे। एक कार में सवार महेंद्र की पत्नी, एक बेटा, दो बहनें, एक -शेष पृष्ठ दो पर





**■ अर्टिगा कार में चालक के अलावा परिवार के छह लोग थे सवार, मृतकों में मां-बेटा सहित 3 महिलाएं और 3 पुरुष शामिल**

### मृतकों के नाम

महेंद्र की पत्नी मोहिनी (45), बड़ा बेटा पीयूष (22), जीजा राजेंद्र (60) निवासी पानीपत, बहन विम्मी (50), छोटी बहन अंजू (46) और ड्राइवर शिवा (24) शामिल हैं।

### ड्राइवर रात को हिमाचल से आया था

हादसे में जान गंवाने वाला ड्राइवर शिवा पुत्र विनोद भी करनाल के फरीदपुर गांव का ही रहने वाला था। उसके 2 छोटे भाई अरुण और मोहित हैं। शिवा की 3 साल पहले दिल्ली की काजल से शादी हुई थी। उसका एक डेढ़ साल का बेटा रोनित है। परिवार ने बताया कि शिवा मंगलवार रात को हिमाचल में स्थित ज्वालाजी के दर्शन करके लौटा था। वह बुधवार को हरिद्वार नहीं जाना चाहता था, लेकिन कार मालिक ने आकर कहा कि बुकिंग हो चुकी है, इसलिए जाना पड़ेगा। इसके बाद शिवा घर से चला गया।

# घुसपैठियों से चुनौती मिल रही, सतर्क रहना होगा: मोदी

**■ कहा: संघ के पास डेमोग्राफी में बदलाव रोकने का रोडमैप**

**नई दिल्ली।** पीएम मोदी ने आरएसएस के शताब्दी समारोह में बुधवार को कहा कि संघ के स्वयंसेवकों ने कभी कटुता नहीं दिखाई। चाहे प्रतिबंध लगे, या साजिश हुई हो। सभी का मंत्र रहा है कि जो अच्छा है, जो कम अच्छा, सब हमारा है।

उन्होंने इस मौके पर आरएसएस के योगदान को दर्शाने वाला स्मारक डाक टिकट और सिक्का भी जारी किया। उन्होंने कहा कि संघ के स्वयंसेवक जो लगातार देश सेवा में जुटे हैं। समाज को सशक्त कर रहे हैं, इसकी भी झलक इस डाक टिकट में है। मैं इसके लिए देश को बधाई देता हूं। डाक टिकट पर शराष्ट्र सेवा के 100 वर्ष (1925-2025) लिखा है। सिक्के पर एक तरफ 100, सत्यमेव जयते और भारत/इंडिया लिखा है। दूसरी तरफ, भारत माता और संघ कार्यकर्ताओं की आकृति उकेरी गई है। पीएम ने कहा कि डटकर मुकाबला करना है। दूसरे देशों पर -शेष पृष्ठ दो पर

### चैतन्यानंद के कॉलेज से सेक्स टॉय व पोर्न सीडी मिली

**नई दिल्ली।** छात्राओं के यौन शोषण के आरोपी स्वामी चैतन्यानंद सरस्वती उर्फ पार्थ सारथी जिस कॉलेज में पढ़ाता था। उसके कैंपस से पुलिस को एक सेक्स टाय और पांच पोर्न सीडी मिली हैं। दिल्ली पुलिस बुधवार को चैतन्यानंद को लेकर कैंपस में छापेमारी करने गई थी। तलाशी के दौरान पुलिस को अश्लील सामग्री के अलावा प्रधानमंत्री मोदी, पूर्व अमेरिकी राष्ट्रपति बराक ओबामा और ब्रिटेन के एक अन्य नेता के साथ कथित तौर पर स्वामी की जाली तस्वीरें भी मिलीं। एक दिन पहले पुलिस ने चैतन्यानंद के मोबाइल से कई महिलाओं की चैट बरामद की थी।

### कॉमर्शियल एलपीजी सिलेंडर हुआ महंगा

**नई दिल्ली।** तेल विपणन कंपनियों ने बुधवार से वाणिज्यिक एलपीजी (रसोई गैस) सिलेंडर की कीमतों में बढ़ोतरी की है। राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में बुधवार से 19 किलोग्राम वाले वाणिज्यिक एलपीजी सिलेंडर के दाम 15.50 रुपये बढ़ गए हैं। वहीं 14.12 किलोग्राम वाले घरेलू एलपीजी सिलेंडर की कीमतों में कोई बदलाव नहीं किया गया है। इससे पहले इस साल मार्च के बाद लगातार छह बार वाणिज्यिक एलपीजी सिलेंडर की कीमतों में कटौती की गई थी। देश की सबसे बड़ी तेल विपणन कंपनी इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन की वेबसाइट के अनुसार, दिल्ली में बुधवार से वाणिज्यिक एलपीजी सिलेंडर 1,580 रुपये की बजाय 1,595. 50 रुपये का मिलेगा।

### सितम्बर में GST संग्रह 9.1% बढ़कर 1,89,017 करोड़ पर

**नई दिल्ली।** जीएसटी के तहत कुल राजस्व संग्रह सितम्बर 2025 में सालाना आधार पर 9.1 प्रतिशत बढ़कर 1,89,017 करोड़ रुपये रहा। उल्लेखनीय है कि सितम्बर 2024 में सकल जीएसटी राजस्व 1,73,240 करोड़ रुपये रहा था। चालू वित्त वर्ष की पहली छमाही में अप्रैल से सितम्बर तक कुल जीएसटी राजस्व संग्रह पिछले वित्त वर्ष की पहली छमाही की तुलना में 9.8 फीसदी बढ़कर 11,93,431 करोड़ रुपये पर पहुंच गया। सितम्बर में कुल जीएसटी रिफंड 40.1 प्रतिशत बढ़कर 28,657 करोड़ रुपये हो गया।

## केंद्र सरकार ने दिवाली से पहले दिया तोहफा

# केंद्रीय कर्मचारियों का महंगाई भत्ता 3 % बढ़ा

शाह टाइम्स ब्यूरो




**■ 49 लाख कर्मचारी, 68 लाख पेंशनर्स को फायदा, एक जुलाई से लागू, तीन महीने का एरियर मिलेगा**

**■ 57 नए केंद्रीय विद्यालयों की भी मिली मंजूरी, गेहूं का एमएसपी 160 रुपये प्रति क्विंटल बढ़ा**

**नई दिल्ली।** केंद्र ने दिवाली और दशहरा से पहले केंद्रीय कर्मचारियों के महंगाई भत्ते में 3 प्रतिशत की बढ़ोतरी कर दी है। यह इजाफा एक जुलाई से लागू होगा। कर्मचारियों को 3 महीने का एरियर मिलेगा। यह फैसला बुधवार को पीएम मोदी की अध्यक्षता में हुई कैबिनेट मीटिंग में लिया गया।

अब कर्मचारियों का महंगाई भत्ता 55 प्रतिशत से बढ़कर 58 प्रतिशत हो जाएगा। इसका लाभ 49.2 लाख केंद्रीय कर्मचारियों और 68.7 लाख पेंशनर्स को मिलेगा। इससे केंद्र सरकार के खजाने पर 10,084 करोड़ रुपये का भार आएगा। मार्च महीने में महंगाई भत्ते में 2 प्रतिशत की बढ़ोतरी की गई थी। तब यह 7 साल में सबसे कम इजाफा था। आमतौर पर महंगाई भत्ते में बढ़ोतरी 3 प्रतिशत से 4 प्रतिशत के बीच होती है, लेकिन उस वक्त बढ़ोतरी सिर्फ 2 प्रतिशत की गई थी। महंगाई बढ़ने के बावजूद सरकारी कर्मचारियों और पेंशनधारकों के जीवन स्तर को बनाए रखने के लिए महंगाई भत्ता यानी, डीए दिया जाता है। डीए की दरें ऑल इंडिया कंज्यूमर प्राइस इंडेक्स (एआईसीपीआई) के आधार पर तय होती हैं, और यह हर 6 महीने में अपडेट होती है। कैबिनेट बैठक में 57 नए केंद्रीय विद्यालयों को मंजूरी दी गई है। इसमें से 7 गृह मंत्रालय के अंतर्गत आएंगे। वहीं 50 विद्यालयों को राज्य सरकार संभालेगी। इनमें से 20 स्कूल उन जिलों में खोले जाएंगे जहां पहले से कोई केंद्रीय विद्यालय नहीं है। सूचना एवं प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने बताया कि गेहूं की एमएसपी 160 रुपये प्रति कुंतल बढ़ाकर 2,585 रुपये प्रति कुंतल कर दिया गया है। वहीं रबी सीजन 2026-27 में सरकार 297 लाख मीट्रिक टन गेहूं की खरीद का अनुमान लगा रही है। रबी सीजन 2026-27 के दौरान अनुमानित खरीद 297 लाख मीट्रिक टन होने की संभावना है और प्रस्तावित एमएसपी पर किसानों को भुगतान की जाने वाली राशि 84,263 करोड़ रुपये है। कैबिनेट ने एनएच-715 पर कालिबोर-नुमालिगढ़ के बीच 86 किलोमीटर लंबे रास्ते को फोर-लेन बनाने की मंजूरी दी। ये हाईवे तेजपुर और झांजी को जोड़ता है। फिलहाल, इस पर कुछ दूरी दो लेन की है। इस पर 6,967 करोड़ रुपये खर्च आएगा। बायोमेडिकल रिसर्च करियर प्रोग्राम के तीसरे फेज को भी मंजूरी मिली है, जिसपर 1,500 करोड़ रुपये खर्च किए जाएंगे। पहले दो फेज पूरे हो चुके। जिस पर सरकार ने कुल 2,388 करोड़ रुपये खर्च किए थे और 721 अनुदान जारी किए थे। थर्ड फेज के तहत 401 रिसर्चर को 6 साल तक सपोर्ट। इसमें 192 रिसर्च फेलोशिप, 106 अनुदान और 103 रिसर्च मैनेजमेंट शामिल है।

# जस की तस रहेगी लोन की ईएमआई

## आरबीआई ने रेपो रेट 5.5 प्रतिशत पर स्थिर रखा

**नई दिल्ली।** भारतीय रिजर्व बैंक की मौद्रिक नीति समिति ने सर्वसम्मति से रेपो रेट को 5.5 फीसदी पर बरकरार रखने का फैसला किया है। आरबीआई के गवर्नर संजय मल्होत्रा ने बुधवार को एमपीसी की तीन दिन चली बैठक के बाद इस फैसले की जानकारी दी।

तमाम बाजार विश्लेषकों की ओर से ब्याज दरों में कटौती के दावों के बीच अनुमान जताया गया था कि आरबीआई एमपीसी इस बार नीतिगत दरों को स्थिर रखेगी। आरबीआई के इस फैसले से जस की तस रहेगी लोन की ईएमआई। आरबीआई गवर्नर ने बुधवार को नीतिगत दरों को बरकरार रखने का ऐलान करते हुए बताया कि अनुकूल मानसून, कम मुद्रास्फीति और मौद्रिक नरमी से आर्थिक वृद्धि की संभावना मजबूत बनी हुई है। आरबीआई गवर्नर ने एमपीसी के फैसलों का एलान करते हुए कहा कि जीएसटी को युक्तिसंगत बनाने से महंगाई पर मजबूत असर पड़ेगा। इसके साथ ही उपभोग और विकास को प्रोत्साहन मिलेगा। आरबीआई गवर्नर संजय मल्होत्रा ने कहा कि मौद्रिक नीति समिति ने नीतिगत दर को 5.5 प्रतिशत पर अपरिवर्तित रखने का निर्णय लिया।

**■ जीएसटी में सुधारों से महंगाई पर पड़ेगा असर**

### यूपीआई लेनदेन पर शुल्क का प्रस्ताव नहीं

**मुंबई।** आरबीआई के गवर्नर संजय मल्होत्रा ने बुधवार को कहा कि यूनिफाइड पेमेंट इंटरफेस (यूपीआई) के माध्यम से लेनदेन पर शुल्क लगाने का फिलहाल कोई प्रस्ताव नहीं है। श्री मल्होत्रा ने केंद्रीय बैंक की मौद्रिक नीति समिति (एमपीसी) की बैठक के बाद एक संवाददाता सम्मेलन में इस संबंध में पूछे गए प्रश्न के उत्तर में कहा कि फिलहाल यूपीआई लेनदेन पर शुल्क लगाने का कोई प्रस्ताव आरबीआई की ओर से नहीं है। लोन पर स्मार्टफोन खरीदने के बाद उसकी किस्त न भर पाने की स्थिति में बैंक को फोन लॉक करने का अधिकार देने के बारे में पूछे जाने पर आरबीआई गवर्नर ने कहा कि यह अभी परीक्षणाधीन है।

Global HR Solutions
Kyrgyzstan (Bishkek)
जल्द जरूरत है !
जॉब्स उपलब्ध:
• वेल्डर (3G & 4G ARC) • राज मिस्त्री
• कंस्ट्रक्शन लेबर • सिलाई टेलर
वेतन: 700 USD प्रति माह (नेट)
टैक्स कम्पनी देगी
आवश्यक दस्तावेज़:
• रेफरेन • योग्यता प्रमाणपत्र
• सर्विस सर्टिफिकेट • वेल्डर टेस्ट रिपोर्ट
सम्पर्क करें :-
+91 8630026067

# एनसीआरबी रिपोर्ट: देश में सात प्रतिशत बढ़ा क्राइम




**नई दिल्ली।** नेशनल क्राइम रिकॉर्ड्स ब्यूरो (एनसीआरबी) ने मंगलवार को देश में 2023 के दौरान हुए अपराधों की रिपोर्ट सार्वजनिक की। रिपोर्ट के मुताबिक, 2023 में देश में कुल 62 लाख 41 हजार 569 अपराध दर्ज हुए। ए 2022 की तुलना में 7.2 फीसदी ज्यादा हैं।

देशभर में महिलाओं पर 4.48 लाख अपराध दर्ज हुए, जो 10 साल में सबसे ज्यादा हैं। दुष्कर्म के मामलों में राजस्थान (5,078 केस) का पहला स्थान है। हत्या के मामले में यूपी (3,206 केस) सबसे आगे है। वहीं, देशभर में बड़े क्राइम जैसे हत्या, दुष्कर्म और लूट के मामलों में कमी देखी गई है। हालांकि इनमें दुष्कर्म के केस सबसे ज्यादा दर्ज किए गए। दूसरे नंबर पर हत्या और तीसरे पर लूट के केस दर्ज हुए। इस रिपोर्ट के मुताबिक राज्यों में हत्या और अपहरण के मामलों में उत्तर प्रदेश और बिहार सबसे ऊपर हैं। यानी गंभीर अपराधों की संख्या अन्य राज्यों की तुलना में इन दोनों राज्यों में सबसे अधिक है। इसके अलावा, सड़क दुर्घटनाओं के मामलों में भी यूपी टॉप पर है, जो राज्य में बढ़ती ट्रैफिक और सुरक्षा व्यवस्था की चिंताओं को दर्शाता है। देशभर में साइबर क्राइम के मामलों में 31 प्रतिशत की बढ़ोतरी हुई है। 2023 में कुल 86,420 केस दर्द किए गए। साइबर के माध्यम से हत्या के मामले में यूपी, दुष्कर्म में राजस्थान और लूट में महाराष्ट्र सबसे आगे रहा। देश में सबसे कम साइबर क्राइम सिक्किम में दर्ज किए गए। 2023 में बच्चों के खिलाफ अपराधों की दर 39.9 प्रति एक लाख बाल जनसंख्या रही, जो 2022 में 36.6 थी। इन मामलों में अपहरण (79,884, 45 फीसदी) और पाक्सो एक्ट के तहत अपराध (67,694, 38.2 फीसदी) सबसे प्रमुख रहे।



## संक्षिप्त समाचार

### अतीक का बेटा अली अहमद झांसी जेल में स्थानांतरित

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में केंद्रीय कारागार नैनी में पिछले 38 महीने से बंद अतीक अहमद के बेटे अली अहमद को बुधवार सुबह कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच झांसी जेल में ट्रांसफर कर दिया गया। प्रयागराज के प्रॉपर्टी डीलर से पांच करोड़ रुपये रंगदारी मांगने के आरोप में अली अहमद 30 जुलाई 2022 से नैनी जेल के हाई सिक्योरिटी सेल में बंद था। उसका नाम उमेश पाल हत्याकांड में भी आया है। बुधवार को नैनी जेल प्रशासन को देर रात शासन से ट्रांसफर का आदेश मिला, जिसके बाद सुबह करीब आठ बजे भारी पुलिस बल के साथ अली को झांसी के लिए रवाना किया गया। इस दौरान सख्त सुरक्षा प्रबंध किए गए। बताया जा रहा है कि 17 जून को डीआईजी जेल के औचक निरीक्षण में अली के बैरक में 1100 रुपये नकद मिले थे, जिसके बाद जेलकर्मियों पर कार्रवाई हुई थी। इसी के चलते अली को अन्य जेल में शिफ्ट किए जाने की प्रक्रिया तेज हुई थी।

### जुबीन गर्ग मौत में नामजद आरोपियों को हिरासत में भेजा

**गुवाहाटी।** विश्व विख्यात गायक जुबीन गर्ग की मौत के मामले में दर्ज एफआईआर में नामजद दो आरोपियों श्यामक. ानु महंत और सिद्धार्थ शर्मा को बुधवार को एक अदालत ने विशेष जांच दल (एसआईटी) की 14 दिनों की हिरासत में भेज दिया । एसआईटी ने दोनों आरोपियों को मंगलवार देर रात दिल्ली में गिरफ्तार किया गया और आज सुबह गुवाहाटी स्थित मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट के आवास पर पेश किया, जहां मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट ने सुनवाई करते हुए उन्हें 14 दिनों की हिरासत में भेज दिया।

# कश्मीरियों को बंदूक से डरा रही भाजपा: मुफ्ती

## कहा: लोगों को जबरन राष्ट्रगान के लिए खड़ा किया जा रहा

शाह टाइम्स ब्यूरो



■ पीडीपी प्रमुख ने 15 युवाओं को हिरासत में लिए जाने की निंदा की


■ पुलिस स्कूल की जमीन पर शहीद स्मारक बनाने की योजना बना रही

**नई दिल्ली।** जम्मू-कश्मीर की पूर्व मुख्यमंत्री महबूबा मुफ्ती ने श्रीनगर में राष्ट्रगान के दौरान खड़े न होने के आरोप में 15 युवाओं को हिरासत में लिए जाने की निंदा की। उन्होंने कहा कि कश्मीर में लोगों को जबरन, यहां तक कि बंदूक की नोक पर राष्ट्रगान के लिए खड़ा किया जा रहा है।

पीपुल्स डेमोक्रेटिक पार्टी (पीडीपी) की अध्यक्ष मुफ्ती ने कहा कि यह दुर्भाग्यपूर्ण है कि भाजपा ने हालात ऐसे बना दिए हैं कि लोगों को राष्ट्रगान के लिए मजबूर किया जा रहा है। जब मैं स्टूडेंट थी, तो हम अपनी इच्छा से राष्ट्रगान के सम्मान में खड़े होते थे, लेकिन अब यह दबाव डालकर करवाया जा रहा है। यह सरकार की विफलता है। दरअसल, 30 सितम्बर की शाम श्रीनगर के टीआरसी फुटबक्ल्ल मैदान राष्ट्रगान हुआ। इस दौरान वहां मौजूद 15 युवक खड़े नहीं हुए। मामला सामने आने पर पुलिस ने सभी को हिरासत में लिया था। महबूबा मुफ्ती ने बुधवार को श्रीनगर में मुस्लिम एजुकेशनल ट्रस्ट (एमईटी) स्कूल का दौरा किया। मुफ्ती ने मुस्लिम एजुकेशनल ट्रस्ट स्कूल के मैदान का दौरा करने के बाद कहा कि पुलिस इस जमीन पर शहीद स्मारक बनाने की योजना बना रही है, जिससे स्थानीय लोगों और युवाओं को खेल का मैदान खोना पड़ सकता है। हमारे खेल मैदान छीने जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि मैं डीजीपी से आग्रह करती हूं कि इस मैदान को बचाया जाए। इसके अलावा उन्होंने चटाबल इलाके के डेयरी फार्म मैदान का भी दौरा किया। यहां स्थानीय लोग लंबे समय से इसे सार्वजनिक खेल मैदान के रूप में बचाए रखने की मांग कर रहे हैं। यह मैदान दशकों से खेलों के लिए इस्तेमाल हो रहा है। प्रधानमंत्री मोदी ने भी मन की बात में पुलवामा की नाइट क्रिकेट प्रतियोगिता की सराहना की थी। इसलिए सेना को भी चाहिए कि यह मैदान युवाओं से न छीना जाए।

# उप्र में मृतक आश्रित कोटे में अब उच्च पद पर नहीं मिलेगी नौकरी

शाह टाइम्स ब्यूरो




**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में समूह ग और घ के पद पर कार्यरत कर्मचारी की सेवाकाल के दौरान मौत होने पर उसके आश्रित को उसी श्रेणी से उच्च पदों पर नौकरी नहीं दी जाएगी।

प्रमुख सचिव कार्मिक एम देवराज ने इसके लिए उत्तर प्रदेश सेवाकाल में मृत सरकारी सेवकों के आश्रितों की भर्ती (चौदहवां संशोधन) नियमावली-2025 जारी कर दी है। नियमावली के नियम 5 (1) में इसका प्रावधान कर दिया गया है। अब मृतक सरकारी सेवक जिस समूह में मृत्यु के समय कार्यरत था, उसके आश्रित को उस समूह से उच्चतर वर्ग में नौकरी नहीं दी जाएगी। नौकरी पाने के दौरान यदि उसे टाइपिंग नहीं आती है, तो उसे एक साल में कम से कम 25 शब्द प्रति मिनट करना सीखना होगा। अनुकंपा पर नौकरी पाने वाला यदि एक साल में टाइपिंग नहीं सीख पाता है तो उसे चतुर्थ श्रेणी के पद पर कर दिया जाएगा और वह तय समय में कार्यभार ग्रहण नहीं करता है, तो उसकी सेवा समाप्त कर दी जाएगी। उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग की परिधि में आने वाले पदों या पूर्व में इसमें आने वाले या फिर उत्तर प्रदेश अधीनस्थ सेवा चयन आयोग से भर्ती होने वाले पदों पर आश्रितों को अनु. कंपा पर नौकरी नहीं दी जाएगी। सुप्रीम कोर्ट में दाखिल प्रेमलता बनाम राज्य सरकार व अन्य में 5 अक्तूबर 2021 में पारित आदेश के आधार पर यह फैसला किया गया है।

# योगी के खिलाफ अभद्र टिप्पणी के विरोध में सिख समाज ने दिया

शाह टाइम्स ब्यूरो

**लखनऊ।** महाराष्ट्र के मौलाना द्वारा उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री व गोरक्षपीठाधीश्वर योगी आदित्यनाथ पर की गई अभद्र टिप्पणी के खिलाफ बुधवार को प्रदेश के 45 जिलों से आए सिख समाज के प्रतिनिधियों ने लखनऊ में धरना देकर विरोध दर्ज कराया।

इस दौरान लखनऊ की पूर्व महापौर संयुक्ता भाटिया भी साथ मे थी। परिवर्तन चौक पर धरना दे रहे सिख समाज ने मौलाना के खिलाफ कार्रवाई की मांग करते हुए जिला प्रशासन को ज्ञापन सौंपा। गुरु गोविन्द सिंह सेवा समिति उप्र के महामंत्री सरदार परवीन्दर सिंह एडवोकेट ने कहा की सिख समाज सभी धर्मो का सम्मान करता है एवं राष्ट्र के प्रति सदैव समर्पित रहता है। महाराष्ट्र के मौलाना के द्वारा जिस प्रकार से मुख्यमंत्री के विषय में निष्कृष्ट शब्दों का उपयोग किया गया है, वह अत्यन्त निन्दनीय है व असहनीय है। उन्होंने कहा कि उप्र का सिख समाज एकत्र होकर आज यहां यह संदेश देना चाहता है कि मुख्यमंत्री जो कि सिख गुरुओ के प्रति गहरी श्रद्धा एवं आस्था रखते है एवं संत प्रवृत्ति के है। ऐसे कर्म योगी के विषय में कोई भी अनैतिक कार्य सिख समाज बर्दाश्त नही करेगा एवं स्वयं ढाल बनकर खड़ा होगा। कानपुर से आए हुए उत्तर प्रदेश सिख फाउण्डेशन के अध्यक्ष अजीत सिंह छाबड़ा एवं सरदार खीन्दर सिंह रिन्कू तथा गुरुविन्दर वासू एवं राजेन्द्र सिंह नीटा ने मुख्यमंत्री के द्वारा सिख समाज के लिए किए गए कार्यो के विषय में विस्तार से बताया। बहराइच गुरुद्वारा प्रबन्ध समिति के अध्यक्ष मनदीप सिंह वालिया ने मुख्यमंत्री को सनातन धर्म रक्षक बताया एवं उनके लिए सदैव खड़े रहने की बात कही।

## आरएसएस ने देश को फायदा पहुंचाने वाला कोई काम नहीं किया

# संघ के सौ साल पर कांग्रेस ने उठाए सवाल

शाह टाइम्स ब्यूरो




■ कहा: इस संगठन ने हिंदुओं और मुस्लिमों का सांप्रदायिक विभाजन कर, देश को दो टुकड़ों में बांटकर खोखला कर दिया

**नई दिल्ली।** कांग्रेस ने कहा है कि राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ (आरएसएस) 100 साल का हो चुका है, लेकिन अपनी स्थापना से अब तक उसने कोई ऐसा काम नहीं किया जिससे देश को फायदा हुआ है।

कांग्रेस ने बुधवार को यहां सोशल मीडिया पर एक बयान में संघ पर अंग्रेजों का मुखबिर होने का आरोप लगाया और कहा कि इस संगठन ने हिंदुओं और मुस्लिमों का सांप्रदायिक विभाजन कर, देश को दो टुकड़ों में बांटकर खोखला कर दिया है। पार्टी ने कहा कि संघ का आज शताब्दी वर्ष है लेकिन इन सौ वर्षों में इस संगठन ने एक भी काम ऐसा नहीं किया जिससे देश को नुकसान छोड़ कोई फायदा पहुंचाया हो। पार्टी ने संघ को देश को बांटने वाला संगठन बताया और कहा कि आजादी के आंदोलन के दौरान उसके नेता न जेल गए और न ही अंग्रेजों ने उस पर कभी प्रतिबंध लगाया था। कांग्रेस ने तीखा हमला करते हुए कहा कि 1942 में अंग्रेजों के खिलाफ शुरू हुए भारत छोड़ो आंदोलन में जब पूरा देश जेल जा रहा था, तब संघ इस आंदोलन को दबाने में अंग्रेजों की मदद कर रहा था। पार्टी ने आरोप लगाया कि इस संगठन का एक भी नेता आजादी की लड़ाई में जेल नहीं गया और महात्मा गांधी, भगत सिंह और चंद्रशेखर आजाद जैसे देशभक्तों और क्रांतिकारियों को अराजक कहकर ब्रिटिश शासन के पक्ष में काम करता रहा। पार्टी ने संघ पर यह भी आरोप लगाया कि उसने संविधान निर्माण के लिए अपने एक भी प्रतिनिधि को संविधान सभा में नहीं भेजा था इसलिए शुरु से ही वह (संघ) संविधान को नकारता रहा है।

### संघ बताए, सौ साल में दलितों, पिछड़ों का प्रतिनिधित्व क्यों नहीं किया : संजय सिंह

**लखनऊ।** आरएसएस) के 100 वर्ष पूरे होने पर आम आदमी पार्टी उत्तर प्रदेश के प्रभारी व राज्यसभा सांसद संजय सिंह ने आरएसएस पर गंभीर आरोप लगाए हैं।

उन्होंने कहा कि आरएसएस में राष्ट्रीय शब्द लगा होने के बावजूद, यह संगठन देश की 85 प्रतिशत आबादी (दलितों, पिछड़ों और आदिवासियों) का प्रतिनिधित्व क्यों नहीं करता है। बुधवार को सांसद संजय सिंह ने पूछा कि 100 सालों के इतिहास में एक भी दलित, पिछड़ा या आदिवासी आरएसएस का प्रमुख क्यों नहीं बना। उन्होंने आश्चर्य व्यक्त किया कि आज तक एक भी महिला को भी संघ का प्रमुख क्यों नहीं बनाया गया। उन्होंने आरएसएस पर मनुवादी व्यवस्था और जातीय भेदभाव तथा छुआछूत की व्यवस्था में विश्वास रखने का आरोप लगाया और कहा कि यह संगठन बाबा साहब भीमराव अंबेडकर और उनके संविधान के खिलाफ है। उन्होंने जनता से ऐसे संगठनों से सावधान रहने की अपील की। संजय सिंह ने आरएसएस के आजादी के आंदोलन में योगदान पर सवाल उठाते हुए कहा कि इस सच्चाई को देश की जनता को जानना बहुत जरूरी है।

---



**सेंसेक्स** 80956.01
**निफ्टी** 24782.70



**सोना रु.** 117332
प्रति 10 ग्राम (24 कैरेट)

## अर्थ व्यापार



**चांदी रु.** 145120
प्रति किलो



# झूमा शेयर बाजार, सेंसेक्स भी उछला



**मुंबई।** मौद्रिक नीति और सुधारों पर रिजर्व बैंक के बयान के बाद बुधवार को घरेलू शेयर बाजारों में जबरदस्त तेजी देखी गई और लगातार आठ कारोबारी सत्रों की गिरावट से उबरता हुआ बीएसई का सेंसेक्स लगभग 716 अंक उछल गया।

केंद्रीय बैंक ने आज बैंकिंग में सुधार और ऋण उठाव को बढ़ावा देने के लिए कई प्रस्तावों की घोषणा की। इससे निजी बैंकों के शेयरों में अच्छी खासी तेजी देखी गई। टाटा मोटर्स के वाणिज्यिक और यात्री वाहनों के कारोबार को अलग करने के लिए रिकॉर्ड डेट की घोषणा के बाद उसके शेयरों में 5.54 प्रतिशत का उछाल देखा गया। सेंसेक्स 715.69 अंक (0.89 प्रतिशत) की तेजी के साथ 80,983.31 अंक पर बंद हुआ। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी-50 सूचकांक भी 225.20 अंक यानी 0.92 प्रतिशत चढ़कर 24,836.30 अंक पर पहुंच गया। मझौली और छोटी कंपनियों में भी इसी तरह की तेजी रही। निफ्टी मिडकैप-50 सूचकांक 0.87 प्रतिशत और स्मॉलकैप.100 सूचकांक 1.10 प्रतिशत बढ़ गया। एनएसई में निजी बैंकिंग सेक्टर का सूचकांक 1.97 प्रतिशत और फार्मा का 1.30 प्रतिशत की बढ़त में बंद हुआ। स्वास्थ्य समूह, रियलिटी, ऑटो, आईटी और तेल एवं गैस सेक्टरों में भी निवेशक लिवाल रहे। सार्वजनिक बैंकों के सेक्टर को छोड़कर अन्य सभी में तेजी रही। एनएसई की जिन 3,159 कंपनियों के शेयरों में कारोबार हुआ उनमें से 2,199 में बढ़त में और 875 गिरावट में बंद हुए जबकि अन्य 85 कंपनियों के शेयर अंततः अपरिवर्तित रहे। सेंसेक्स की 30 कंपनियों में से 22 के शेयर हरे निशान में बंद हुए। टाटा मोटर्स का शेयर सबसे अधिक 5.54 प्रतिशत चढ़ा। कोटक महिंद्रा बैंक में 3.45 प्रतिशत, ट्रेंट में 3. 31 प्रतिशत, सनफार्मा में 2.58 फीसदी और एक्सिस बैंक में 2.43 फीसदी की तेजी रही। आईसीआईसीआई बैंक का शेयर 1.77 प्रतिशत, एचडीएफसी बैंक का 1.48 प्रतिशत, अडानी पोर्ट्स का 1. 33 प्रतिशत, महिंद्रा एंड महिंद्रा का 1. 26 प्रतिशत, टेक महिंद्रा का 1.20 प्रतिशत, इटनरनल का 1.06 प्रतिशत, टाइटन का 1.04 प्रतिशत और आईटीसी का 1.01 प्रतिशत की बढ़त में बंद हुआ। टीसीएस, हिदुस्तान यूनीलिवर, बीईएल, रिलायंस इंडस्ट्रीज और इंफोसिस के शेयर भी हरे निशान में रहे। सबसे अधिक 1.10 फीसदी की गिरावट बजाज फाइनेंस में देखी गई। भारतीय स्टेट बैंक का शेयर 0.97 फीसदी, अल्ट्राटेक सीमेंट का 0.86 फीसदी और टाटा स्टील का 0.71 फीसदी टूट गया।

# सोना-चांदी के दाम ऑलटाइम हाई पर

**मुंबई।** सोने-चांदी के दाम एक अक्टूबर को एक बार फिर ऑलटाइम हाई पर पहुंच गए हैं। इंडिया बुलियन एंड ज्वेलर्स एसोसिएशन के अनुसार 10 ग्राम 24 कैरेट सोना 1,983 रुपये बढ़कर 1,17,332 रुपए पर पहुंच गया। इससे पहले ये 1,15,349 रुपये पर था। वहीं चांदी की कीमत भी 2,686 रुपये महंगी होकर 1,45,120 पर पहुंच गई। कल ये 1,42,434 रुपये पर थी। इस साल अब तक सोने की कीमत करीब 41,170 रुपये बढ़ी है। 31 दिसम्बर 2024 को 10 ग्राम 24 कैरेट सोना 76,162 रुपये का था, जो अब 1,17,332 रुपये हो गया है। चांदी का भाव भी इस दौरान 59,103 रुपये बढ़ गया है। 31 दिसंबर 2024 को एक किलो चांदी की कीमत 86,017 रुपए थी, जो अब 1,45,120 रुपये प्रति किलो हो गई है। 1.55 लाख रुपये तक जा सकता है सोना गोल्डमैन सैक्स की एक हालिया रिपोर्ट के अनुसार, बैंक ने अगले साल तक सोने के लिए 5000 डालर प्रति औंस का टारगेट रखा है। मौजूदा एक्सचेंज रेट के हिसाब से रुपये में यह लगभग 1,55,000 रुपये प्रति 10 ग्राम होगा।

# बुनियादी बचत खातों पर भी मिलेगी डिजिटल बैंकिंग की सुविधा

**मुंबई।** बुनियादी बचत बैंक खातों पर भी अब न्यूनतम बैलेंस की अर्हता के बिना डिजिटल बैंकिंग की सुविधा मिलेगी।

रिजर्व बैंक के गवर्नर संजय मल्होत्रा ने बुधवार को केंद्रीय बैंक की मौद्रिक नीति समिति (एमपीसी) की तीन दिवसीय बैठक के बाद जारी बयान में कहा किबुनियादी बचत बैंक खाताधारकों को न्यूनतम बैलेंस न रखने के लिए कोई शुल्क लगाए बिना दी जाने वाली सेवाओं में डिजिटल बैंकिंग (मोबाइल/इंटरनेट बैंकिंग) को भी शामिल करने का प्रस्ताव है। इस संबंध में जारी बयान में कहा गया है कि बुनियादी बचत खातों पर कुछ बुनियादी सुविधाएं बिना किसी शुल्क के मिलती हैं। मौजूदा परिस्थितियों में लोगों की जरूरतों को ध्यान में रखते हुए इसका विस्तार करने की योजना है ताकि वित्तीय समावेशन बढ़ सके।

इसके अलावा, आम लोगों की सुविधा के लिए बैंकों में दो आंतरिक ओम्बुड्समैन की प्रणाली को मजबूती प्रदान कर शिकायत निवारण को ज्यादा प्रभावी बनाया जाएगा। साथ ही, रिजर्व बैंक ओम्बुड्समैन योजना में भी बदलाव किए जाएंगे और इसमें ग्रामीण सहकारी बैंकों को भी शामिल किया जाएगा।

### चौहान ने बढ़े एमएसपी पर जताई खुशी

**नई दिल्ली।** केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने बुधवार को कहा कि दलहन मिशन और रबी फसलों के न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) में हुए इजाफे से खेती और किसानों के कल्याण पर खासा असर पड़ेगा। उन्होंने यहां जारी एक बयान में कहा कि वह देश के किसानों की ओर से इन निर्णयों के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का आभार व्यक्त करते हैं। ये फैसले देश की खाद्य, पोषण सुरक्षा और किसान कल्याण और कृषि पैदावार के क्षेत्र में दीर्घकालिक सकारात्मक प्रभाव डालेंगे। उन्होंने आगे कहा कि सरकार ने किसान हित को सर्वोपरि मानते हुए संसाधनों एवं योजनाओं को समग्र रुप से जोड़ने की दिशा बनाई है और यह किसानों के प्रति मोदी सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता को दर्शाता है।

## प्रथम पृष्ठ के शेष...

**मुजफ्फरनगर...**जीजा और ड्राइवर की मौत हो गई। ट्रक चालक ट्रक सहित मौके से फरार हो गया। हादसा बुधवार सुबह 6 बजे के करीब पानीपत-खटीमा हाईवे 709 एडी पर जयत्रिदेव फेमिली ढाबा (तितावी) के सामने हुआ। हादसा इतना भीषण था कि अर्टिगा कार संख्या एचआर 97ए-4097 पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई। टक्कर के बाद चीख-पुकार मच गई। टक्कर इतनी जोरदार थी कि अर्टिगा का अगला हिस्सा ट्रक में फंस गया। मो. हिनी, पीयूष, राजेंद्र, बिम्मी और ड्राइवर शिवा की मौके पर मौत हो चुकी थी। अंजू और हार्दिक गंभीर रूप से घायल थे। मृतक करनाल के फरीदपुर और पानीपत के रहने वाले थे। पुलिस ने शवों को पोस्टमार्टम के लिए मोर्चरी भिजवा दिया। एम्बुलेंस बुलाकर दोनों घायलों को तुरंत बघरा सीएचसी ले जाया गया। यहां से अंजू को मुजफ्फरनगर रेफर कर दिया गया जहां अस्पताल में अंजू ने भी दम तोड़ दिया। हार्दिक की गंभीर हालत को देखते हुए डाक्टरों ने उसे हायर सेंटर रेफर कर दिया। परिवार के लोग उसे पानीपत के लिए निजी अस्पताल में लेकर आए हैं। दूसरी गाड़ी ब्रेजा को ड्राइवर संदीप चला रहा था। इस गाड़ी में महेंद्र का भाई आत्मप्रकाश, सुरेंद्र, बहन मंजू और उसका साला बाबू था। हादसे के बाद इन लोगों का रो-रोकर बुरा हाल था। महेंद्र की सेनेटरी की दुकान थी-महेंन्द्र के भाई राजेंद्र ने बताया कि भाई महेंद्र जुनेजा की पिछले 7 साल से पानीपत में सेनेटरी स्टोर की दुकान है। उसके 2 बेटे- पीयूष और हार्दिक हैं। पीयूष ने 12वीं करने के बाद कॉलेज में एडमिशन लिया था। हादिक 10वीं क्लास में था। पिता के बीमार होने के बाद दोनों भाई दुकान संभालते थे। एसएसपी संजय वर्मा और जिलाधिकारी घटनास्थल पर पहुंचे और जानकारी ली। एसएसपी ने बताया की हादसे में हरियाणा के करनाल जिले के रहने वाले 6 लोगों की मौत हुई है।

**घुसपैठियों से..** आर्थिक निर्भरता, डेमोग्राफी में बदलाव के षड्यंत्र जैसी चुनौतियों से हमारी सरकार तेजी से निपट रही है। स्वयंसेवक होने के नाते मुझे खुशी है कि संघ ने इसके लिए ठोस रोडमैप भी बनाया है। घुसपैठियों से बड़ी चुनौती मिल रही है। हमें इससे सतर्क रहना है। पीएम ने कहा कि विभाजन की पीड़ा ने लाखों परिवारों को बेघर किया। स्वयं सेवक सबसे आगे खड़े थे। यह केवल राहत नहीं राष्ट्र की आत्मा को संबल देने का काम था। 1956 में अंजार के भूकंप में भी स्वयं सेवक राहत बचाव में जुटे थे। गुरुजी ने लिखा था कि किसी दूसरे के दुख को दूर करने खुद कष्ट उठाना निस्वार्थ हृदय का परिचायक है। उन्होंने कहा, 1962 के युद्ध के समय स्वयं सेवकों ने सीमा पर जवानों की मदद की। 1971 के युद्ध के बाद में देश में आए लोगों को सहायता दी। 1984 के दौरान सिख दंगों के पीड़ितों की मदद की।

# खेत में काम करने से मना किया, तो किसान ने दो किशोरों को मार डाला फिर पत्नी और बच्चियों संग दी जान

■ बहराइच के निंदुनपुरवा टेपरहा गांव में दिल दहला देने वाली घटना

**बहराइच।** बहराइच के निंदुनपुरवा टेपरहा गांव में बुधवार सुबह एक ग्रामीण ने दो किशोरों को खेत में लहसुन की बोवाई के लिए बुलवाया, सभी ने लहसुन की बोवाई से इन्कार किया, तो धारदार हथियार से वार कर उनकी हत्या कर दी। इसके बाद खुद को परिवार सहित कमरे में बंद कर आग के हवाले कर दिया। फायर ब्रिगेड और पुलिस ने मौके पर पहुंचकर आग पर काबू पाया।


इस अग्निकांड में दंपती व दो बेटियां समेत चार लोग जिंदा जल गए, चार मवेशियों की भी झुलसकर मौत हुई है। गांव निवासी विजय कुमार खेती बाड़ी और पशुपालन का काम करता था। बुधवार सुबह खेत में लहसुन की बोवाई के लिए विजय ने गांव निवासी सूरज यादव (14)पुत्र लच्छी राम और सनी वर्मा (13) पुत्र ओमप्रकाश को घर बुलवाया। दोनों ने नवरात्र का अंतिम दिन होने के चलते घर पर काम अधिक होने की बात कह कर खेत में काम करने से इन्कार कर दिया। इसी बात से गुस्साए विजय ने अपने घर के आंगन में धारदार हथियार से दोनों की हत्या कर दी। इसके बाद विजय ने खुद को पत्नी व बेटियों सहित कमरे के अंदर बंद कर घर में आग लगा ली। आग लगने पर कमरे में बंद लोगों ने चीखना चिल्लाना शुरू किया।

गांव के लोग दौड़े, लेकिन आंगन में लहूलुहान दो लाशों को देखकर सभी के होश उड़ गए। उधर कमरे के अंदर आग की लपटों से घिरे लोग चीख चिल्ला रहे थे। सूचना पर फायर ब्रिगेड और रामगांव थाने की पुलिस मौके पर पहुंची। किसी तरह आग पर काबू पाया गया। रामगांव थाना अध्यक्ष ने बताया कि सूरज यादव और सनी वर्मा की धारदार हथियार से हत्या की गई है। कमरे के अंदर से विजय यादव उसकी पत्नी और दो बेटियों के शव निकाले गए हैं। उप जिलाधिकारी सदर पूजा चौधरी, पुलिस क्षेत्राधिकार महसी मौके पर पहुंचे हैं।

शाह टाइम्स क्लासीफाईड्स Sale

स्त्री के सामने लज्जित होने से बेहतर है
आज ही इलाज करा लेना खोई हुई मर्दाना ताकत दोबारा प्राप्त करने के लिए आज ही मिलें या फोन करें।
काशीजादा, अमरोहा-UP
हाशमी दवाखाना
9997161320, 8272800800

काम कोर्स उदास क्यों?
अधिक संतुष्टि, हैराअंगेज पावर, शीघ्रपतन, नपुंसकता, बचपन की गलतियों से हमेशा के लिए छुटकारा।
फोन कर घर बैठे औषधियां डाक द्वारा प्राप्त करें।
ऋषि इन्टरनेशनल
08899787114
09808917010

Cipzer
HEALTH WITH CARE
जॉन्डिस क्योर
लिवर का जिगरी दोस्त

भूख की कमी, बदहजमी जॉन्डिस, फैटी लीवर, एल्कोहलिक लिवर डिजीज आदि से लड़ने की ताकत देता है ताकि आप रहे फिट एण्ड एक्टिव
प्रमुख मेडिकल स्टोर पर उपलब्ध।
86 8484 5757 info@cipzer.com

वैधानिक सूचना
पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार में प्रकाशित होने वाले सभी विज्ञापनों पर कार्यवाही करने से पहले पूरी जांच-पड़ताल कर लें तथा उचित सलाह ले लें। कोई भी अभिदाता जो इस अखबार में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संदर्भ में कोई राशि भेजता है, किसी चिकित्सीय सलाह पर कोई कार्यवाही या खर्च करता है या कोई वचन देता है, तो ऐसा वह स्वविवेक, बुद्धि तथा जोखिम पर करेंगे। कम्पनी, प्रकाशक या उसका कोई कर्मचारी विज्ञापनदाता या उसके किसी उत्पाद या सेवा हेतु किये गये किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन नहीं देते तथा ऐसे विज्ञापनों विश्वास करके किसी व्यक्ति को हुई क्षति, हानि परिणाम के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।

# भगवा लव ट्रैप : सीओ सिविल लाइन ने एसएसपी को सौंपी जांच रिपोर्ट

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** वर्ष 2019 में हुए दंगे-बलवे के बाद युवा सेवा समिति के अध्यक्ष रहे बदर अली द्वारा कई ऐसे काम किए जा रहे हैं जिससे समाज में द्वेष फैलाने के आरोप लग रहे हैं। कुछ लोगों का कहना है कि संस्था की ओर से अनैतिक और असमाजिक गतिविधियों को अंजाम दिया जा रहा है। गौरतलब है कि 5 माह पूर्व फायजा नामक छात्रा ने थाना मेडिकल में एक मुकदमा दर्ज कराया था जिसमें उसकी छवि खराब करते हुए भगवा लव ट्रैप के नाम का विवादित कैंपेन के माध्यम से देश और समाज का सौहार्द बिगाड़ने का आरोप लगाया गया था। मामले में चली जांच पड़ताल के बाद पिछले हफ्ते थाना मैडिकल पुलिस ने दो आरोपियों फिरोज और कासिम को गिरफ्तार करके जेल भेज दिया लेकिन इसी बीच मामले में सीओ सिविल लाइन के यहां चल रही जांच में एक बड़ा खुलासा सामने आया है। जांच अनुसार युवा सेवा समिति के अध्यक्ष थाना देहलीगेट निवासी बदर अली और उनके भाई शादाब अली पर कई गंभीर आरोप लगे हैं। उन पर समाज में द्वेष फैलाने और भगवा लव ट्रैप के नाम पर हिंदू और मुसलमान के बीच नफरत फैलाने जैसे आरोप के साथ इस काम का मास्टरमाइंड बताया गया है। आरोप है कि बदर अली के सोशल मीडिया के पेज पर अपलोड पोस्ट अनुसार, हिन्दू लड़कों के साथ चली गई या रह रही मुस्लिम युवतियों को लोभ लालच देकर या उनका माइंड वॉश करके इस्लाम में उनका धर्म संपरिवर्तन कराया जाने के लिए एक मिशन चल रहा है। मिशन से जुड़ी पोस्ट को भगवा लव ट्रैप जैसा विवादित नाम दिया गया है जिसको आगामी चुनाव से जोड़ते हुए शहर सहित बाहर के शहरों के व्हाट्सएप ग्रुप में शेयर किया जाता है। सूत्रों की माने तो जांच के दौरान पूछताछ में बदर अली और शादाब अली ने भगवा लव ट्रैप कैंपेन चलाना और उससे पोस्ट को सोशल मीडिया पर वायरल और शेयर करना कुबूल किया है। मामले में सीओ ने एसएसपी विपिन टाडा को रिपोर्ट सौंप दी है जिसमे बदर अली और शादाब अली के भगवा लव ट्रैप के अपराध को थाना मेडिकल वाले मुकदमे में समायोजित करके दोनों के विरुद्ध कानूनी कार्यवही करने की बात कही गई है।

### बदर अली सहित कई पर लगे हैं साम्प्रदायिकता फैलाने के आरोप

आरोप है कि इसी प्रकार की अनैतिक व अवैध गतिविधयों की आड़ में एकत्रित किए गए संस्था कोष में करोड़ों रुपये का गबन और फ्रॉड करने के मामले में अधिवक्ता शमीम चौधरी द्वारा बदर अली व उनके साथियों के विरुद्ध दर्ज कराए गए लगभग आधा दर्जन मुकदमे मेरठ न्यायालय में चल रहे हैं। दर्ज मुकदमों में से एक में अपने खिलाफ जारी गैर जमानती वारंट पर बदर अली हाईकोर्ट से तीन हफ्तों का स्टे लेकर आए हैं। स्टे लाने के बाद से शमीम चौधरी को मुकदमे वापस करने के लिए धमकी मिल रही। धमकियां से संबंधित एक रिकॉर्डिंग के आधार पर बदर अली





























# आपसी विवादों को सहमति से निपटाएं

## शांति समिति की बैठक में कानून व्यवस्था बनाने में मांगा सहयोग



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**अफजलगढ़।** पूर्व थानाध्यक्ष सुमित कुमार राठी के स्थानांतरण के बाद नवागत थानाध्यक्ष राम प्रताप सिंह ने पदभार संभालने के बाद नगर के चेयरमैन व पूर्व चेयरमैन एवं सभासदों तथा थाना क्षेत्र के समस्त ग्राम प्रधानों, मीडियाकर्मियों, गणमान्य व्यक्तियों व धर्म गुरूओं की परिचय गोष्ठी आयोजित की। जिसमें भारी संख्या में लोगों ने भाग लिया। उन्होंने शांति व्यवस्था बनाए रखने में सहयोग का आह्वान किया।

थाना परिसर में आयोजित परिचय बैठक को संबोधित करते हुए नवागत थानाध्यक्ष रामप्रताप सिंह ने बताया कि वह मूल रूप से जनपद बुलंदशहर के निवासी हैं। जनपद में हीमपुर दीपा, हल्दौर, नगीना देहात व मंडावली में थानाध्यक्ष पद पर सेवाएं प्रदान कर चुके हैं। वह निष्पक्ष कार्य शैली, सभ्य एवं मधुर वाणी के लिए जाने जाते हैं। थानाध्यक्ष रामप्रताप सिंह ने कहा कि बेहतर होगा कि पारिवारिक व छोटे-छोटे विवाद ग्राम की पंचायत में बैठ कर निपटा ले। इससे शांति व्यवस्था बनी रहेगी और आपसी सौहार्द कायम रहेगा।

इस अवसर पर सपा नेता व भाकियू टिकैत के ब्लॉक अध्यक्ष शैलेंद्र सिंह चौहान ने अपनी टीम के साथ थानाध्यक्ष को प्रतीक चिन्ह भेंट कर स्वागत किया। भाजपा के डॉ. तेजपाल ने थानाध्यक्ष को बताया कि क्षेत्र में बड़े पैमाने पर अवैध शराब व मादक पदार्थों की बिक्री हो रही है। साथ ही जुआ व सट्टा आदि का व्यवसाय चरम पर है। बैठक में भाजपा मंडल अध्यक्ष जयप्रकाश बंजारा, जिला उपाध्यक्ष मदन सिंह राणा, भाजपा अल्पसंख्यक किसान मोर्चा के जिलाध्यक्ष खेल सिंह राजपूत, समाजवादी पार्टी के जिला उपाध्यक्ष मौहम्मद अय्यूब अंसारी, पूर्व चेयरमैन नफीस अहमद कुरैशी, पूर्व पालिका अध्यक्ष पति सलीम अंसारी एड., इमाम मौलाना मुख्तार अहमद, मुफ्ती ओबेदुर्रहमान, प्रधान पति तसव्वुर कुरैशी, प्रधान पति शकील अहमद, प्रधान वकील अहमद, सभासदों में मुकीब खान सूरी, शाहिद कुरैशी, रिजवान हसन, पूर्व सभासद कासिम अंसारी, भाकियू के यूसुफ कुरैशी, वसीम गुर्जर, शकील कुरैशी, प्रधान तिविंद्र सिंह, सतनाम सिंह, बिट्टू सिंह, पूर्व प्रधान बलकार सिंह, तीरथ सिंह, बलवंत सिंह आदि मौजूद रहे।





## पब्लिक स्कूल में दशहरा उत्सव मनाया

**धामपुर।** धामपुर पब्लिक स्कूल में दशहरा उत्सव बड़े धूमधाम एवं सांस्कृतिक गरिमा के साथ मनाया गया। विद्यालय की प्राचार्या श्रीमती बबीता गुप्ता के कुशल मार्गदर्शन में छात्रों और शिक्षकों ने उत्सव को अत्यंत आकर्षक और शिक्षाप्रद रूप दिया। रावण दहन और रामलीला मुख्य आकर्षण रही। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती व गणेश भगवान के समक्ष दीप प्रज्वलित व पुष्प अर्पित करके किया गया। मुख्य अतिथि भारती ठाकुर एवं हिंदू रक्षा सेना महिला मोर्चा जिला अध्यक्ष ऐश्वर्या चौधरी, मीनू सिसोदिया व रिचा शर्मा रहे। छात्रों ने भगवान राम, लक्ष्मण, सीता, रावण, हनुमान आदि के किरदारों को जीवंत कर दिया। विशेष रूप से रावण और मेघनाथ के संवादों ने दर्शकों का ध्यान खींचा। कार्यक्रम के अंत में रावण, मेघनाथ और कुंभकर्ण के प्रतीकात्मक पुतलों का दहन किया गया। जैसे ही रावण का पुतला अग्नि के हवाले किया गया, पूरा मैदान जय श्रीराम के नारों से गूंज उठा।

## एक नजर

### श्री महाकाली मंदिर में विशाल भंडारा



**नजीबाबाद।** नजीबाबाद के टीला मंदिर स्थित श्री महाकाली मंदिर परिसर शारदीय नवरात्रों की नवमी पर हवन यज्ञ व विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। हवन यज्ञ में पहुंचे समिति के संस्थापक पवन कुमार अग्रवाल, भाजपा नगराध्यक्ष नकुल अग्रवाल, अर्चित अग्रवाल ने आहुतियां देकर हवन यज्ञ सम्पन्न कराया। इसके पश्चात् मां भगवती को प्रसाद का भोग लगाकर उनकी अराधना की गई। भंडारे में पहुंचे सैकड़ों श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण कर जीवन में मंगल कामनी की प्रार्थना की। इस मौके पर चित्रांश अग्रवाल, अभिषेक यादव, ऐश्वर्या ऐरन, केशव नंदन, मयंक शर्मा, राहुल टांक, अंकित अग्रवाल, नेहा अग्रवाल, राधिका अग्रवाल, ईति अग्रवाल, आरना अग्रवाल, नीलम, पूजा, मानवी, प्रीति का विशेष सहयोग रहा।

### शिक्षा एवं सुरक्षा के प्रति जागरूक किया



**कोतवाली देहात।** थाना कोतवाली देहात की मिशन शक्ति टीम द्वारा एस.आई.एम. इंटर कॉलेज अकबराबाद में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में छात्राओं एवं महिलाओं को उनके अधिकारों, स्वास्थ्य, शिक्षा एवं सुरक्षा के प्रति जागरूक किया गया। महिला आरक्षी नगमा जहां द्वारा बालिकाओं व छात्राओं का आत्मविश्वास बढ़ाकर सृजनशीलता व कौशल के विकास के प्रति प्रेरित किया गया। छात्राओं को शिक्षा का अधिकार, बाल विवाह निषेध, बाल श्रम अपराध, लैंगिक समानता के बारे में जागरूक किया गया। उन्होंने कहा कि सरकार द्वारा शुरू की गई योजनाओं का उद्देश्य बालिकाओं को उनकी सुरक्षा, सम्मान व स्वास्थ्य के बारे में जागरूक करना और उन्हें सशक्त बनाकर समाज में सकारात्मक बदलाव लाना है। महिला हेल्पलाइन नंबर 181, 1090, 1076, 112, 102, 108 व साइबर हेल्पलाइन नंबर 1930 के संबंध में विस्तृत जानकारी दी गई।

### मिशन शक्ति अभियान के तहत गोष्ठी



**मंडावर।** मिशन शक्ति अभियान के तहत ग्राम नई बस्ती, गलखा देवी माता मंदिर में हुई गोष्ठी में साइबर अपराधों से बचाव, नारी सुरक्षा व प्रदेश सरकार की संचालित विभिन्न योजनाओं की जानकारी दी गई। गोष्ठी में थाना अध्यक्ष सुमित राठी व महिला उप निरीक्षक, प्रेरणा यादव, महिला हैड कास्टेबल रीता, महिला होमगार्ड गीता रानी ने सरकार की विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं, विधवा पेंशन योजना, वृद्धावस्था पेंशन योजना, सुकन्या समृद्धि योजना, प्रधानमंत्री आवास व प्रधानमंत्री उज्जवला योजना, मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना, राष्ट्रीय पारिवारिक योजना, जन आरोग्य योजना, नशा मुक्ति भारत अभियान आदि के संबंध में जानकारी देते हुए संचालित योजनाओं का लाभ उठाने की सलाह दी। गोष्ठी में बालिकाओं व महिलाओं को साइबर सुरक्षा, सोशल मीडिया के उपयोग, नारी सुरक्षा के तहत जानकारी देते हुए छेडछाड़, उत्पीड़न या किसी भी साइबर अपराध की स्थिति में पुलिस में शिकायत दर्ज कराने की अपील की गई।

### फ्रेंड्स कॉलोनी में डांडिया महोत्सव



**हल्दौर।** नारी शक्ति फ्रेंड्स कॉलोनी समूह द्वारा फ्रेंड्स कॉलोनी परिसर में डांडिया महोत्सव का भव्य आयोजन किया गया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में महिलाओं और युवतियों ने भाग लिया। पारंपरिक वेशभूषा में सजी धजी महिलाओं ने गरबा और डांडिया की प्रस्तुतियों से माहौल को उल्लासमय बना दिया। कार्यक्रम स्थल को आकर्षक सजावट और रोशनी से सजाया गया था, जहां मधुर संगीत की थाप पर देर शाम तक डांडिया की गूंज सुनाई देती रही।

### बिलाल मस्जिद में हुए जलसे में उमड़ी भीड़

**बिजनौर।** यहां चांदपुर की चुंगी स्थित बिलाल मस्जिद में जलसा-ए-आम का आयोजन किया गया। जिसमें आलिमों ने दीन के रास्ते पर चलने का आह्वान किया। जलसे में लोगों की भारी भीड़ रही। जलसे की सदारत कारी अब्दुल्ल हन्नान साहब ने की, जबकि निजामत मस्जिद के इमाम मौहम्मद सुहैल ने की। जलसे को मौलाना साकिब ने दिल्ली में तशरीफ लाए मुफ्ती अब्दुल समी ने संबोधित किया। इस मौके पर मुफ्ती नईम, मौलाना मौहम्मद आमिर, कारी अब्दुल हलीम, सभासद मौहम्मद आदिल एड. सहित सैकड़ों लोग मौजूद रहे।

### सपना वर्मा को मिली पीएचडी की उपाधि

**नजीबाबाद।** साहू जैन कॉलेज के वाणिज्य विभाग के प्रोफेसर परमिल कुमार के निर्देशन में सपा वर्मा ने अपना शोध एवं स्टडी ऑफ ग्रीन बैंकिंग ट्रेंड्स एसबीआई व एचडीएफसी बैंक लिमिटेड विषय में पूर्ण करते हुए पीएचडी की उपाधि हासिल की है। उन्होंने इस विषय में बताया कि किस तरह से ग्रीन बैंकिंग वातावरण को सुरक्षित रखते हुए राष्ट्र को विकास विकास के मार्ग पर अग्रसर रख सकते हैं। सपना वर्मा ने अपनी इस उपलब्धि का श्रेय अपने गुरुजनों, माता श्रीमती सुनीता वर्मा, पिता अरूण कुमार वर्मा, अपने भाई अनिक वर्मा तथा अपने मित्रों व साथियों को दिया है।

## एक नजर

### पालिका में मिशन शक्ति अभियान



**नहटौर।** नगर पालिका में मिशन शक्ति अभियान के तहत आयोजित कार्यक्रम में महिला सफाई कर्मियों को पुलिस ने महिला हेल्पलाइन नंबरों की जानकारी देते हुए जागरूक किया। सफाई कर्मियों को पैम्फलेट भी बांटे गए। इस मौके पर रमेश बाबू, विशेष उपाध्याय, अतुल कुमार, मौहम्मद अकरम, सलीम अहमद आदि मौजूद रहे।

### छात्राओं को आत्मविश्वास का संदेश



**स्योहारा।** मिशन शक्ति के तहत एम.क्यू. गर्ल्स इंटर कॉलेज में महिला सुरक्षा एवं सशक्तिकरण पर एक जागरूकता कार्यक्रम आयोजित हुआ। यह कार्यक्रम थाना प्रभारी निरीक्षक सत्येंद्र सिंह की देखरेख में हुआ, जिसमें पुलिस विभाग की टीम ने छात्राओं को महिला सुरक्षा से जुड़ी अहम जानका. रियां दीं। कार्यक्रम की शुरुआत छात्राओं द्वारा सरस्वती वंदना से हुई इसके बाद थाना प्रभारी निरीक्षक सत्येंद्र सिंह ने बेटियों को संबोधित करते हुए कहा महिलाओं की सुरक्षा और सम्मान हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता है। आज की बेटियां किसी से कम नहीं हैं। जरूरत है केवल आत्मविश्वास और जागरूकता की। पुलिस हर समय हर परिस्थिति में समाज की बेटियों और महिलाओं के साथ खड़ी है। उन्होंने छात्राओं को महिला हेल्पलाइन नंबर 1090, 181, आपातकालीन नंबर 112 की जानकारी देते हुए भरोसा दिलाया कि थाना स्योहारा की टीम 24 घंटे जनता की सेवा में तत्पर रहती है। विद्यालय की प्रधानाचार्या ने थाना प्रभारी निरीक्षक सत्येंद्र सिंह एवं पुलिस विभाग की सराहना करते हुए कहा इस तरह के कार्यक्रम बेटियों को न सिर्फ जागरूक करते हैं, बल्कि उनमें आत्मविश्वास भी बढ़ाते हैं। थाना स्योहारा का यह प्रयास प्रशंसनीय है। नगर की गणमान्य महिलाएं और अभिभावक भी इस अवसर पर मौजूद रहे। कार्यक्रम के अंत में छात्राओं ने पुलिस अधिकारियों का पुष्पगुच्छ देकर आभार जताया।

### एमपीएस स्कूल में गांधी जयंती मनाई




**बरुकी।** एमपीएस ग्लोबल स्कूल में गांधी जयंती पर बच्चे महात्मा गांधी तथा लाल बहादुर शास्त्री के वेशभूषा में आए। इस अवसर पर दोनों महापुरुषों के बारे में विस्तार से बताया गया। प्रधानाचार्य संजीव जैन ने कहा कि महात्मा गांधी ने अहिंसा के रास्ते पर चलते हुए देश की आजादी में महत्वपूर्ण योगदान किया। उन्होंने कई आंदोलन चलाए। जिससे देश के लोग एकजुट हुए। लाल बहादुर शास्त्री ने जय जवान, जय किसान का नारा दिया। उन्होंने सन् 1965 में पाकिस्तान को युद्ध में हराया था। इस दौरान प्रबंधक आदित्य वीर सिंह, स्वाति चौधरी, विशाल त्यागी, सना सिद्दीकी, श्रद्धा, प्राची त्यागी, गगन भारद्वाज आदि मौजूद रहे।

### पिंजरे में कैद हुआ गुलदार

**बढ़ापुर।** बढ़ापुर-नगीना मार्ग पर बीती रात टहलता नजर आया गुलदार आखिरकार वन विभाग के पिंजरे में कैद हो गया। गुलदार के पकड़े जाने की खबर से ग्रामीणों ने राहत की सांस ली। मामला बढ़ापुर क्षेत्र की साहूवाला रेंज के गांव तय्यबपुर का है, जहां वन विभाग की टीम लगातार गश्त और निगरानी में जुटी हुई थी। ग्रामीणों का कहना है कि गुलदार की दहशत से वे देर रात खेतों और रास्तों पर निकलने से भी बच रहे थे। ऐसे में गुलदार के पकड़े जाने की घटना से अब उन्हें कुछ हद तक सुरक्षा का एहसास हुआ है।

### किशोरी को सांप ने डंसा

**नहटौर।** ग्राम हरपुर निवासी महेंद्र सिंह की करीब 14 वर्षीय पुत्री रीतिका परिवार के साथ जंगल में काम करने के लिए गई थी। ग्रामीणों के मुताबिक गन्ने के खेत में किशोरी को सांप ने डस लिया। आनन फानन में उसे सीएचसी में भर्ती कराया गया। खून की उल्टी आने पर उसे जिला अस्पताल रैफर कर दिया। बताया जाता है कि जिला अस्पताल से परिजन किशोरी को उपचार के लिए एक गांव में झाड़-फूंक वाले के पास ले गए। वहां उसका उपचार चल रहा है।

### घर में घुसे चार लोगों को पकड़ कर पीटा

**नहटौर।** ग्राम नवादा चौहान में चार लोग घूम रहे थे। बताया जाता है कि वह कपड़े खरीदने के लिए घूम रहे थे। वह एक घर में घुस गए। महिला ने उन चारों को देखकर शोर मचा दिया। शोर सुनकर आसपास के लोगों ने उन्हें पकड़ कर पिटाई की। मारपीट के बाद मामला शांत होने पर चारों मौके से निकल गए। पुलिस ने मामले की जानकारी से इंकार किया है।

# भाकियू का सदस्यता अभियान गांव-गांव पहुंचा



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**स्योहारा।** भारतीय किसान यूनियन टिकैत के ब्लॉक स्योहारा में संगठन को मजबूत करने के लिए चलाए जा रहे सदस्यता अभियान को गांव-गांव और पंचायत-पंचायत तक पहुंचाया जा रहा है। इस अभियान का नेतृत्व ब्लॉक अध्यक्ष चौ. गजेन्द्र सिंह टिकैत कर रहे हैं।

सदस्यता अभियान के तहत जिलाध्यक्ष सुनील प्रधान ने भी सक्रिय भागीदारी निभाई और किसानों से जुड़कर संगठन की नीतियों और उद्देश्यों को बताया ब्लॉक अध्यक्ष गजेन्द्र सिंह टिकैत ने कहा कि भारतीय किसान यूनियन हमेशा किसानों की आवाज को बुलंद करती रही है। किसानों की समस्याओं जैसे फसलों के उचित दाम, बिजली दरों में कटौती, समय पर गन्ना भुगतान और किसान विरोधी नीतियों का विरोध करना ही संगठन का मुख्य लक्ष्य है। उन्होंने कहा कि गांव-गांव चल रहे इस सदस्यता अभियान से संगठन और मजबूत होगा और किसानों की लड़ाई को और अधिक धार मिलेगी। गजेन्द्र सिंह टिकैत ने किसानों से आह्वान किया कि वे अधिक से अधिक संख्या में जुड़कर अपने हक की आवाज को मजबूत करें। इस अवसर पर किसानों ने भी संगठन पर पूरा भरोसा जताते हुए कहा कि भारतीय किसान यूनियन ही वह एकमात्र मंच है, जिसने हमेशा किसानों की समस्याओं को सड़क से लेकर संसद तक उठाया है। किसानों ने कहा कि वे हर कदम पर संगठन के साथ खड़े रहेंगे।

## व्यापारियों को दी जीएसटी की जानकारी



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**जलालाबाद।** भाजपाइयों ने व्यापारियों से संपर्क कर जीएसटी के बारे में विस्तार से जानकारी दी।

भारतीय जनता पार्टी भागूवाला मंडल की एक बैठक विजयपुर शक्ति केंद्र के ग्राम अलीपुरा में मंडल मंत्री गोपीचंद के द्वारा शिव मंदिर परिसर में आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता मंडल अध्यक्ष कमल सैनी एवं संचालन चौधरी ईशम सिंह ने किया।

बैठक में मुख्य वक्ता के रूप में कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए जिला मंत्री तरुण राजपूत ने कहा कि जीएसटी में कमी आने से आवश्यक वस्तुएं सस्ती होगी, जिसका सीधा लाभ आम जनता और उपभोक्ताओं को मिलेगा। इस दौरान चौधरी ईशम सिंह ने केंद्र सरकार द्वारा जीएसटी में की गई कटौती से छोटे और मध्यम वर्ग के व्यापारियों को राहत मिलने की बात कही। मंडल अध्यक्ष कमल सैनी कहा कि इससे व्यापार और रोजगार के अवसर पड़ेंगे तथा देश की अर्थव्यवस्था को मजबूती मिलेगी। बैठक में सभी ने आत्मनिर्भर भारत बनाने में अपना अपना अमूल्य सहयोग करने की अपील की तथा सभी से स्वदेशी अपने का आग्रह किया।

इस अवसर पर नरपाल सिंह, संजीव भुईयार, महामंत्री कपिल राजपूत, गोपीचंद, राजीव ठाकुर, परमात्मा शरण, महावीर सिंह राणा, गायत्री निराला, जिला प्रतिनिधि वरुण कौशिक, नौबाहर सिंह, संजीव शर्मा आदि उपस्थित रहे। बैठक के उपरांत सभी ने अलीपुर में व्यापार कर रहे दुकानदारों से संपर्क किया। उनकी दुकानों पर 'जीएसटी घटी मिला उपहार, धन्यवाद मोदी सरकार' के स्टीकर लगाकर व्यापारियों को जागरूक किया।

## कविता के माध्यम से समाज में दिया जागरूकता का संदेश



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**धामपुर।** उत्तर प्रदेश वरिष्ठ नागरिक महासमिति पंजीकृत शाखा द्वारा कवि सम्मेलन का आयोजन किया गया। जिसमें कवियों ने बढ़चढ़ कर भाग लिया और कविता के माध्यम से समाज को संदेश दिया।

स्टेशन रोड स्थित आर्य समाज मंदिर में कवि सम्मेलन का आयोजन किया गया। जिसमें कवियों ने कविताओं के माध्यम से समाज में कुरीतियों को दूर करने के लिए संदेश दिया। कविता पाठ करने वाले कवियों में डॉ. जितेंद्र कौशिक, डॉ. सारंग देश असीम, डॉ. राम सिंह सैनी सुमन, राजकुमार वर्मा, जगदीश प्रसाद चौहान, यशपाल सिंह, परम, शिव कुमार सिंह, रामस्वरूप सिंह, कुमारी राखी, उपासना, नरेश वर्मा, एजाज धामपुरी, अनिल शर्मा अनिल, आनंद शर्मा आनंद, खजान सिंह, श्रीमती विनोद शर्मा, भूपेंद्र कुमार अनाड़ी, सुरेंद्र पाल सिंह, रामकुमार सिंह, नरेंद्र सिंह जीत, वीरेंद्र कुमार आदि ने कविता पाठ कर लोगों को भाव विभोर किया।

कार्यक्रम के मंचासीन अतिथि धर्मेश कुमार अध्यक्ष समिति डा. इंद्रदेव सिंह, जगदीश चंद्र चौहान, विजयपाल सिंह, आनंद सिंह, दिनेश चंद नवीन आदि रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता जगदीश चंद्र चौहान ने की और कवि सम्मेलन का संचालन डॉ. सारंग देश असीम द्वारा एवं शिवकुमार द्वारा संयुक्त रूप से किया गया।

# नगीना में रावण दहन की तैयारी पूरी, सुरक्षा व्यवस्था कड़ी



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नगीना।** नगर के रामलीला मैदान में दशहरा के अवसर पर होने वाले रावण दहन कार्यक्रम की तैयारियां जोर-शोर से चल रही हैं। आज सीओ डॉ. अंजनी कुमार चतुर्वेदी ने अन्य स्थानीय पुलिस अधिकारियों के साथ आयोजन स्थल का निरीक्षण किया और दशहरा कमेटी के सदस्यों से फीडबैक लिया।

निरीक्षण के दौरान क्षेत्राधिकारी ने कहा कि किसी तरह का कोई हादसा न हो, इसके लिए विशेष सतर्कता बरती जा रही है। सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए दहन स्थल और उसके आसपास कड़े इंतजाम किए गए हैं। सीओ के अनुसार बड़ी संख्या में दर्शकों की भीड़ को देखते हुए सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए हैं। भीड़ प्रबंधन, आपातकालीन सेवाओं और यातायात नियंत्रण के लिए पुलिस बल की विशेष तैनाती होगी।

यातायात पुलिस ने जानकारी दी कि रामलीला मैदान की ओर जाने वाले मार्गों पर वाहनों के आवागमन पर विशेष व्यवस्था रहेगी। लोगों से अपील की गई है कि वे यातायात निर्देशों का पालन करें और प्रशासन को सहयोग दें। हर साल की तरह इस बार भी रावण दहन कार्यक्रम देखने के लिए भारी भीड़ उमड़ने की संभावना है। प्रशासन का दावा है कि दर्शकों को सुरक्षित, सहज और सुव्यवस्थित माहौल उपलब्ध कराने के लिए पूरी तैयारी की गई है।

## शोभायात्रा निकाली

**धामपुर।** श्री गौरी शंकर मंदिर कमेटी के संयोजन में नवमी के अवसर पर शिव मंदिर से आरंभ हुई शोभा यात्रा का उद्घाटन क्षेत्रीय भाजपा विधायक अशोक राणा, भाजपा जिला अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह बॉबी, धामपुर नगर पालिका अध्यक्ष रवि चौधरी, पूर्व ब्लॉक प्रमुख उदित नारायण सिंह, पूर्व अध्यक्ष राजू गुप्ता, पूर्व मंडल अध्यक्ष राघव शरण गोयल, डॉ. एन.पी. सिंह आदि ने फीता काटकर किया। कार्यक्रम स्थल पर पहुंचने पर आयोजकों द्वारा सभी अतिथियों को पटका पहनाकर एवं तलवार भेंट कर सम्मानित किया गया। इस दौरान राधा-कृष्ण, मां दुर्गा, भगवान शंकर का तांडव, हवा में उड़ते हनुमान जी, रीछ सहित दर्जनों झांकियां शामिल रहीं। विभिन्न स्थानों से आए बैंड पार्टी और धार्मिक धुनों से नगर का वातावरण भक्ति-रस में डूब गया। शंकर भगवान का तांडव प्रस्तुत करने वाले कलाकारों का प्रदर्शन देखकर नगरवासी गदगद हो गए। अघोरी के नृत्य ने नगरवासियों को ताली बजाने और दांतों तले उंगली दबाने पर मजबूर कर दिया।




असत्य पर सत्य की विजय के पर्व दशहरा की क्षेत्रवासियों को



हार्दिक शुभकामनाएं

साहिल मेहरा

प्रदेश सचिव- आजाद समाज पार्टी

निवास- किरतपुर, जनपद बिजनौर

NAJIBABAD DEGREE COLLEGE

GAZIPUR BHAGWAN. MEDPURA

SULTAN (BIJNOR) 246762

Requires Principal.

Qualification - UGC Norms. Send Your Resume Within 15 Days.

Manager - 9027151127

Email :- ndc031956@gmail.Com

## एक नजर

### मिलेनियम में दशहरा पर्व मनाया



**कोतवाली देहात।** मिलेनियम सीनियर सेकेंडरी स्कूल सीबीएसई कोतवाली देहात में दशहरा का कार्यक्रम बहुत ही हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय के प्रधानाचार्य अजय कुमार ने किया। छात्राओं ने सर्वप्रथम मां सरस्वती वंदना प्रस्तुत की। विद्यालय के प्रधानाचार्य अजय कुमार ने दशहरा पर्व के महत्व के बारे में बताया। छात्र एवं छात्राओं में दशहरे के उपलक्ष में राम, सीता, रावण, हनुमान, दशरथ आदि बनकर महोत्सव में बढ़-कर कर भाग लिया। कार्यक्रम में एडमिनिस्ट्रेटर अबुल कलाम, सतेंद्र कुमार, कुशलपाल सिंह, विनोद कुमार, सतीश कुमार, बालेश कुमार मौजूद रहे।

### बालाजी मंदिर में माता की चौकी का आयोजन



**धामपुर।** प्राचीन सिद्ध पीठ श्री बालाजी मंदिर मुख्य बाजार में मां शेरावाली की चौकी का आयोजन किया गया। सर्वप्रथम स्वामित्व मंदिर के महंत डॉ. अमित गिरी ने मुख्य यजमान डॉ. आरके चौहान व उनकी पत्नी डॉ. अनीता चौहान (दयावती हॉस्पिटल) से गौरी गणेश कलश पूजन तथा नवग्रह पूजन कराकर व माता की जोत प्रज्वलित कर चौकी शुरू की गई। संगीता जोशी ने जंगल के राजा तानिया ने तूने मुझे बुलाया व रुक्मेश ने झूला झूल रही मां अंबा भजनों से मंदिर का माहौल भक्तिमय कर दिया। छोटे महंत आदित्य गिरी ने तथा पूनम गिरी पुजारी ने मां शेरावाली की आरती मुख्य यजमान से कराई। मां शेरावाली को हलवे चने तथा फलों का प्रसाद का भोग लगाया गया। सभी महिला भक्तों में प्रसाद वितरण किया गया। इस अवसर पर मंदिर में पूनम गिरी, स्नेहा गिरी, तान्या, रुक्मेश, सुधा, संगीता जोशी, पूर्वी जोशी, आशा देवी, सरिता अनीता, उर्मिला, रूपांशी शर्मा, आयुषी जोशी, वर्षा, आकाश जोशी, हर्ष चौहान, सुधा चौहान तथा अनेक महिला भक्ति मंदिर परिसर में उपस्थित रहे।

### तौल कांटों का विधिवत पूजन



**धामपुर।** शुगर मिल लिमिटेड धामपुर द्वारा क्रय केंद्रों के तौल कांटों का विधिवत पूजन किया गया। आज से बाह्य क्रय केंद्रों पर तोल कांटे लगाने का शुभारंभ किया गया है चीनी मिल द्वारा 178 क्रय केंद्रो पर तौल कांटों की स्थापना की जानी है। प्रतिदिन 9 तौल कांटे लगाए जाएंगे। इस प्रकार 20 अक्टूबर तक सभी 178 तौल कांटों की स्थापना कर दी जाएगी। उपाध्यक्ष निष्काम गुप्ता द्वारा दिए गए दिशा निर्देश के अनुसार आज गन्ना विभाग व आईटी विभाग के सभी अधिकारियों व कर्मचारियों ने टोल कांटों का विधिवत पूजन किया। इस अवसर पर महाप्रबंधक प्रबंधक गन्ना ओमवीर सिंह, महाप्रबंधक आईटी लायकराम, सहायक महाप्रबंधक गन्ना विकास करुणा अग्रवाल, वरिष्ठ प्रबंधक मनोज चौहान, सुरेंद्र सिंह, लाल बहादुर सिंह व अन्य सभी जोनल अधिकारी आजेंद्र सिंह, धर्मेंद्र सिंह, दिनेश राजपूत, ओम प्रकाश सिंह, विनय शर्मा तथा मुख्य कांटा फीटर रविंद्र सिंह, बलकरण सिंह, इरशाद, साबिर, जुल्फिकार व बंटी शर्मा आदि सभी स्टाफ उपस्थित रहे। इसी के साथ मिल में केन यार्ड व रास्तों की मरम्मत व सफाई का कार्य भी आज से प्रारंभ कर दिया गया है।

### लंका दहन देख बच्चे झूम उठे



**नांगल सोती।** रामलीला में लंका दहन पर रामभक्तों की भारी भीड़ उमड़ी। पूरा वातावरण 'जय श्रीराम' के नारों से गूंज उठा। जैसे ही मंच पर राम, लक्ष्मण और हनुमान का प्रवेश हुआ श्रद्धालुओं ने तालियों और नारों से उनका स्वागत किया। हनुमान का किरदार निभा रहे कलाकार रवि कुमार ने जीवंत अभिनय से दर्शकों का मन मोह लिया। जब हनुमान ने सीता माता से अशोक वाटिका में भेंट कर, अशोक वाटिका उजाड़ने के बाद लंका को जलाने का निश्चय किया। इसके बाद हनुमान का मंच पर कूदना, राक्षसों से भिड़ना और पूंछ में आग लगाना। इतना वास्तविक प्रतीत हुआ कि बच्चों से लेकर बुजुर्ग तक मंत्रमुग्ध रह गए। इस मौके पर जनेशपाल, सुशील शुक्ला, मुकेश शर्मा, गार्विन चौधरी, गोपाल शर्मा, अमित प्रजापति, राजू जोशी आदि मौजूद रहे।

### अरुण वर्मा ने कराया कन्या भोज



**स्योहारा।** नवरात्र के पावन अवसर पर अष्टमी पूजा के दिन नगर के प्रख्यात व्यापारी नेता अरुण कुमार वर्मा ने अपने परिवार सहित अपने आवास पर कन्या भोज का आयोजन किया। कार्यक्रम में नन्हीं-नन्हीं कन्याओं एवं बालकों का पूजन कर उन्हें माता की स्वरूप मानकर भोजन कराया गया। इस अवसर पर कन्याओं को पूजन के बाद प्रसाद स्वरूप हलुआ, पूरी, चना एवं फल भेंट किए गए। अरुण कुमार वर्मा ने बताया कि हिंदू समाज में नौ दुर्गा का पर्व अत्यंत श्रद्धा और आस्था से मनाया जाता है। कन्या भोज कार्यक्रम में अरुण कुमार वर्मा के साथ अशोक कुमार वर्मा, डॉ. अश्वनी वर्मा, वैजयंती माला वर्मा, आरती वर्मा, अनिरुद्ध कुमार वर्मा, अलका रानी वर्मा, अमित कुमार वर्मा, मनु रानी वर्मा, अक्षय कुमार वर्मा, नेहा वर्मा आदि परिजन भी मौजूद रहे। इस अवसर पर नगर के अनेक व्यापारी, सामाजिक कार्यकर्ता और आस-पास के लोग भी शामिल हुए और कन्या भोज आयोजन की सराहना की।

# पुरानी पेंशन बहाली के लिए ट्विटर अभियान

## देश के शिक्षक एवं कर्मचारी लामबंद होकर 25 नवम्बर को दिल्ली करेंगे कूच

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** अटेवा पेंशन बचाओ मंच उत्तर प्रदेश के राष्ट्रीय आह्वान पर टीईटी परीक्षा अनिवार्यता एवं एनपीएस-यूपीएस व निजीकरण के विरोध में जिलाध्यक्ष उमेश कुमार राजपूत जिला महामंत्री सुभाष चंद्र यादव एवं महिला विंग जिलाध्यक्ष वसीम बानो के नेतृत्व में ट्वीट अभियान चलाया गया।



इस अवसर पर प्रदेश उपाध्यक्ष एवं पश्चिमी जोन प्रभारी चंद्रहास सिंह ने कहा कि सुप्रीम कोर्ट के टीईटी अनिवार्यता के आदेश के विरोध में स संपूर्ण भारत के शिक्षक एवं कर्मचारियों ने ट्वीट अभियान चलाया। सरकार से मांग है कि इस काले कानून को वापस ले, क्योंकि उनकी नियुक्ति तत्कालीन नियमों के अनुसार हुई थी। संगठन ने हमेशा एनपीएस-यूपीएस एवं निजीकरण का विरोध किया है और जब पुरानी पेंशन बहाल नहीं होगी तब तक संघर्ष जारी रहेगा। संघर्ष के क्रम में 25 नवंबर को देश के शिक्षक एवं कर्मचारी लामबंद होकर दिल्ली कूच करेंगे। मंडलाध्यक्ष रजनीश कुमार ने कहा ट्वीट अभियान सांकेतिक संघर्ष है। यदि सरकार टीईटी अनिवार्यता के आदेश को वापस व पुरानी पेंशन बहाल नहीं करेगी तो संगठन बड़े आंदोलन के लिए तैयार है।

कार्यक्रम को सफल बनाने में उत्तर प्रदेशीय जूनियर हाईस्कूल शिक्षक संघ जिला संयुक्त मंत्री अल्फिया जावेद, उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ जिला मीडिया प्रभारी मौहम्मद जावेद, जिला कोषाध्यक्ष विनीत कुमार गहलोत, जिला प्रवक्ता लोकेंद्र चौधरी, जिला मंत्री जितेंद्र कुमार, जिला संगठन मंत्री नवीन चौधरी, रीवा सिंह, कौशल गौतम, अलीमा परवीन, गीता रानी, नीशी वर्मा, डिप्लोमा फार्मासिस्ट एसोसिएशन के जिलाध्यक्ष राजेश कुमार, सिंचाई संघ के जिलाध्यक्ष शूरवीर सिंह, उत्तर प्रदेश पंचायती राज ग्रामीण सफाई कर्मचारी संघ के जिलाध्यक्ष अश्वनी कुमार, पूर्व जिला अध्यक्ष जयप्रकाश पाल उपाध्यक्ष संजीव कुमार, राजकीय वाहन चालक महासंघ के क्षेत्रीय मंत्री संजीव कुमार, जिलाध्यक्ष सुनील दत्त शर्मा, जिला मंत्री हेमराज सिंह, जिला संरक्षक राजपाल सिंह, कोषाध्यक्ष राजीव कुमार, संगठन मंत्री सुनील कुमार, जिला उपाध्यक्ष विकास पाठक, राजकीय वाहन चालक संघ के जिला मंत्री नरेंद्र कुमार, कोषागार कर्मचारी संघ के जिला मंत्री ललित कुमार, उत्तर प्रदेश राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद जिला संरक्षक देशराज सिंह, जिलाध्यक्ष धीरज कुमार, जिला मंत्री क्रांति कुमार शर्मा, इरिगेशन मिनिस्ट्रियल कर्मचारी संघ के जिला कोषाध्यक्ष वीरेंद्र कुमार, भूपेंद्र चौधरी, कुलदीप कुमार, सुभाष चंद्र, आफताब, मुज्जफर इस्लाम, रामनाथ सिंह, जितेंद्र कुमार गुर्जर, दुष्यंत कुमार, बिजेंद्र कुमार, सिकन्दर कुमार, पुनीत गहलोत, अमित कुमार, लोकेश शर्मा, प्रदीप कुमार वर्मा, ओमप्रकाश सिंह, मनोज कुमार, योगेंद्र कुमार, जगदेव कुमार, संजय कुमार, विनोद कुमार, अबरार अहमद, नरेश कुमार, रविन्द्र कुमार, प्रदीप कुमार सिंह, कुलवीर चौधरी, ज्ञानेंद्र चौधरी, मनोज कुमार, राकेश कुमार रवि, अशोक कुमार, प्रकाश सिंह, बृजेश खरवार, जयप्रकाश पटेल, तेजपाल सिंह, बालेश कुमार, मनोज कुमार, राकेश कुमार रवि, अशोक कुमार, प्रकाश सिंह, तेजपाल सिंह आदि का विशेष सहयोग रहा।

# मुंबई में शिक्षक सुरेंद्र सिंह को पूर्व सीएम ने किया सम्मानित



## सनातन साहित्य सम्मान से नवाजा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रेहड़।** विकास खंड अफजलगढ़ क्षेत्र के संविलियन विद्यालय आसफाबाद चमन में सहायक अध्यापक के पद पर तैनात वरिष्ठ शिक्षक एवं शैक्षिक सामाजिक व रचनात्मक कार्यों के लिए पूर्व में अनेकों बार विभूषित शिक्षक सुरेंद्र सिंह के सम्मान में एक और उपलब्धि दर्ज हुई।

सुरेंद्र सिंह को मुंबई के मराठी पत्रकार मंडल सभागार में सनातन फाउंडेशन की ओर से योग के प्रचार प्रसार तथा भारतीय मूल्यों व भाषा के प्रति योगदान के लिए पतंजलि अंतर्राष्ट्रीय योग फाउंडेशन की ओर से उत्तराखंड के पूर्व मुख्यमंत्री तीरथ सिंह रावत ने साहित्यिक निधि के रूप में सनातन साहित्य सम्मान से सम्मानित किया है। मुंबई में महर्षि पतंजलि अंतर्राष्ट्रीय योग फाउंडेशन व सनातन फाउंडेशन की ओर से प्रतिवर्ष सनातन साहित्य शिक्षा व संस्कृति सम्मान समारोह का नरीमन प्वाइंट स्थित मराठी पत्रकार भवन सभागार में भव्य आयोजन किया जाता है। जहां देश के प्रतिष्ठित विभूतियां को उनके योगदान के लिए सम्मान प्रदान किए जाते हैं। इस भव्य आयोजन में मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित उत्तराखंड के पूर्व मुख्यमंत्री व सांसद तीरथ सिंह रावत ने शिक्षक सुरेंद्र सिंह को सनातन साहित्य संस्कृति सम्मान से अलंकृत किया, जिससे तमाम शिक्षकों एवं उनके शुभचिंतकों में हर्ष की लहर है।

# छात्राओं व पुलिस प्रशासन ने मिशन शक्ति जागरूकता रैली निकाली



## चौपाल लगाकर किया जागरूक

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नांगल सोती।** छात्राओं, पुलिस प्रशासन ने मिशन शक्ति अभियान को परवान चढ़ाने के लिए गांव के गली मौहल्लों में जागरूकता रैली निकाली।

ट्रेनी सीओ कुलदीप सिंह यादव, राजा भरत सिंह इंटर कालेज के प्रधानाचार्य, कोषाध्यक्ष राघव प्रताप सिंह के नेतृत्व में छात्राओं और पुलिस प्रशासन ने नांगल के अनेकों मौहल्लों में मिशन शक्ति जागरूकता रैली निकाली। इस दौरान सशक्त नारी, समृद्ध प्रदेश का नारा लगाते हुए महिलाओं को नारी सुरक्षा, सम्मान और स्वावलंबन के बारे में विस्तार से बताया। मिशन शक्ति प्रभारी सुनील पुनिया ने छात्राओं और महिलाओं को मिशन शक्ति केंद्र, महिला हेल्प डेस्क, महिला बीट, महिला रिपोर्टिंग पुलिस चौकी परामर्श केंद्र, मिशन शक्ति कक्ष, एंटी रोमियो स्क्वाड, महिला साइबर सेल के बारे में जानकारी साझा की। महिला आरक्षी रविता चौहान, ललिता सिंह ने 1090,1098,1930 आदि हेल्पलाइन नंबरों के उपयोग और उनके फायदे के बारे में महिलाओं और छात्राओं को विस्तार से बताया। इसके साथ सरकार द्वारा महिला उत्थान के लिए जा रही योजनाओं के लाभ बताए। वहीं पुलिस ने गांव में चौपाल लगाकर महिलाओं को उनके अधिकारों के लिए जागरूक किया। इस दौरान शिक्षक संजय कुमार सिंह, श्याम सिंह वितेश, तनु सैनी, अर्चना शर्मा, शगुन शर्मा, तनु, आरक्षी राकेश कुमार, दरोगा उपेंद्र सिंह मौजूद रहे।

# महिला ने लगाया दुष्कर्म का आरोप, मेडिकल में नहीं हुई पुष्टि

## पैसों के लेन-देन को लेकर विवाद

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**धामपुर।** कोतवाली क्षेत्र के गांव पल्लावाला की एक गूंगी विधवा महिला से दुष्कर्म का आरोप सामने आने के बाद पूरे क्षेत्र में हड़कंप मच गया। हालांकि मेडिकल परीक्षण में दुष्कर्म की पुष्टि नहीं हुई है, लेकिन पुलिस ने दोनों संदिग्ध युवकों को हिरासत में लेकर मामले की जांच शुरू कर दी है।

जानकारी के अनुसार महिला का पति कई साल पहले गुजर चुका है और घर की जिम्मेदारी उसके कंधों पर है। तीन बच्चों का पालन-पोषण करने के लिए वह घरों में चौका-बर्तन का काम करती है। बीती रात वह धामपुर के मौहल्ला बंदूकचियान में एक शादी समारोह में काम करने गई थी। कार्यक्रम खत्म होने पर देर रात जब वह घर लौट रही थी तो उसे छोड़ने के लिए दो युवक साथ गए।

आरोप है कि गांव से पहले जंगल के पास दोनों युवकों ने महिला को रोक लिया और जबरन खेत में ले जाकर उसके साथ दुष्कर्म किया। घटना के बाद आरोपी महिला को उसके घर छोड़कर फरार हो गए। पीड़िता ने इशारों के जरिए अपने परिजनों को घटना की जानकारी दी। इसके बाद परिजनों और ग्रामीणों ने जमकर हंगामा किया और शादी वाले घर में भी विरोध जताया।

मामले की जानकारी मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और दोनों युवकों को हिरासत में ले लिया। महिला के शरीर पर चोट या खरोंच के निशान नहीं मिले। मेडिकल परीक्षण में भी दुष्कर्म की पुष्टि नहीं हुई। पुलिस अब पूरे मामले की गहराई से जांच कर रही है। पुलिस क्षेत्राधिकारी अभय पांडे ने बताया कि महिला के पुत्र द्वारा लगाए गए आरोपों की जांच में यह भी सामने आया है कि विवाद पैसों के लेन-देन को लेकर हुआ था। शादी में काम के दौरान महिला ने ज्यादा मेहनताना मांगा था, इसी को लेकर कहासुनी हुई। पुलिस का कहना है कि जांच पूरी होने के बाद ही सच्चाई सामने आ पाएगी।

घटना के बाद धामपुर और आसपास के गांवों में तनाव का माहौल है और लोग इस मामले को लेकर तरह-तरह की चर्चाएं कर रहे हैं। पुलिस अधिकारियों ने आश्वासन दिया है कि मामले की जांच निष्पक्ष तरीके से की जाएगी और दोषियों पर कड़ी कार्रवाई होगी।

# स्योहारा में मांस-मछली की सभी दुकानें बंद कराई

## पुलिस की दोहरी नीति पर उठे सवाल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**स्योहारा।** नवरात्रों के पावन अवसर पर जहां तमाम कस्बों और नगरों में सामान्य जीवन चलता रहा और मीट की दुकानें भी बिना किसी दिक्कत के खुली रही। वहीं थाना स्योहारा क्षेत्र में पुलिस प्रशासन की कार्यशैली पर सवाल खड़े हो गए हैं।

जानकारी के अनुसार स्योहारा नगर में पुलिस ने सख्ती दिखाते हुए मांस-मछली की सभी दुकानें बंद करवा दी। यही हालात सहसपुर नगर पंचायत जो कि स्योहारा थाना क्षेत्र में ही आता है, वहां देखने को नहीं मिले। वहां खुलेआम मांस व मछली की बिक्री होती रही। एक ही थाना क्षेत्र में अलग-अलग नियम लागू होना। लोगों की समझ से परे है और इससे पुलिस प्रशासन की निष्पक्षता पर गंभीर प्रश्नचिह्न लग रहा है।

स्थानीय नागरिकों में यह चर्चाओं का विषय बना हुआ है। यह कोई पहली बार नहीं है। कुछ वर्ष पहले सावन के महीने में भी सबसे पहले स्योहारा में मीट की दुकानों पर ताले डलवाए गए थे। अब तो हालात यह हैं कि हर छोटे-बड़े त्यौहार पर सबसे पहले स्योहारा में ही मीट बंद कराया जाता है और पुलिस पूरी कोशिश करती है कि नगर में किसी भी तरह से दुकानों को खोलने न दिया जाए। लोगों का कहना है कि यदि आस्था के नाम पर दुकानों को बंद कराना है तो यह नियम पूरे जनपद के साथ-साथ पूरे प्रदेश में लागू होना चाहिए। पूरे बिजनौर जिले में नवरात्रों के दौरान कहीं भी मीट बिक्री पर रोक नहीं रही। धामपुर में कई बड़े मांसाहारी होटल खुले रहे हैं और किसी को कोई परेशानी नहीं हुई। लेकिन स्योहारा में हर बार सख्ती का शिकार मांस व्यापारी और आम जनता ही बनते हैं।

# गल्लाखेड़ी टीम ने जीता वॉलीबॉल टूर्नामेंट

## नोगरा की टीम रही उप विजेता

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**स्योहारा।** ग्राम नोगरा में एक दिवसीय वॉलीबॉल टूर्नामेंट का भव्य आयोजन किया गया, जिसमें जिले भर की दस टीमों नोगरा, गल्लाखेड़ी, मुंडाखेड़ी, नहटौर, नूरपुर, बहादरपुर, कांठ, बिजनौर, स्योहारा और नन्हेड़ी ने शिरकत की। टूर्नामेंट का उद्घाटन भारतीय खाद्य निगम की सदस्य मनोज सिंह डागर ने फीता काटकर किया।



फाइनल मैच नोगरा और गल्लाखेड़ी की टीमों के बीच खेला गया। दर्शकों से खचाखच भरे मैदान में जबरदस्त टक्कर देखने को मिली। गल्लाखेड़ी की टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए 21 अंक बनाकर जीत हासिल की। जबकि नोगरा की टीम 16 अंकों पर रुक गई और उपविजेता बनी। विजयी टीम के खिलाड़ियों को देख दर्शकों में उत्साह की लहर दौड़ गई और तालियों की गड़गड़ाहट से पूरा मैदान गूंज उठा। मुख्य अतिथि मनोज सिंह डागर ने विजेता और उपविजेता टीम को पुरस्कार व ट्रॉफी भेंट कर सम्मानित किया। इस अवसर पर उन्होंने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि खेल युवाओं के जीवन में अनुशासन और ऊर्जा का संचार करते हैं। जीत-हार से ऊपर उठकर खेल भावना को सबसे बड़ा लक्ष्य मानना चाहिए। उन्होंने कहा कि ग्रामीण स्तर पर ऐसे आयोजन युवाओं की प्रतिभा को निखारने का माध्यम बनते हैं और भविष्य में जिले का नाम रोशन करने वाले खिलाड़ी यहीं से निकलते हैं।

कार्यक्रम का आयोजन भाग्य चौधरी, निशांत चौधरी, अभय चौधरी सहित अन्य युवाओं ने मिलकर किया, जिनके प्रयास से यह आयोजन सफल रहा। पूरे टूर्नामेंट में खिलाड़ियों और दर्शकों का उत्साह देखते ही बन रहा था।

## एक नजर

### पैम्फलेट बांट कर किया जागरूक




**नहटौर।** ग्राम खंडसाल में पुलिस टीम ने महिला सशक्तिकरण मिशन फेज 5 के तहत आयोजित जन चौपाल में महिला हेल्पलाइन, वूमेन पावर लाईन, मुख्यमंत्री हेल्पलाइन, स्वास्थ्य सेवा,चाइल्ड लाईन, पुलिस आपातकालीन सेवा, एंबुलेंस सेवा आदि की जानकारी दी गई। पंपलेट बांटते हुए जागरूक भी किया गया। आपातकालीन स्थिति में किस प्रकार सहायता ली जा सकती है। इसके बारे में भी विस्तार से बताया गया। इसके अलावा साईबर अपराधों से बचने के लिए भी जागरूक किया गया। महिलाओं से संबंधित जन कल्याणकारी योजनाओं कन्या सुमंगला योजना, निराश्रित विधवा पेंशन योजना, मातृ वंदना योजना आदि के बारे में जानकारी दी गई। 54 महिलाएं व 34 पुरूषों ने भाग लिया।

### चिकित्सा शिविर में मरीजों की जांच



**नगीना।** सेवा पखवाड़ा अभियान के अंतर्गत सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर लगे स्वास्थ्य शिविर का उद्धघाटन एक भव्य समारोह में क्षेत्रीय मंत्री अनूप वाल्मीकि, जिला उपाध्यक्ष प्रमोद चौहान, मण्डल अध्यक्ष अंजलि मित्तल ने सामूहिक रूप से फीता काटकर किया। इससे पूर्व सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के अधीक्षक विशाल दिवाकर, डॉ. आशीष अहलावत, डॉ. माज, डॉ. विशाल, डॉ. मीनाक्षी रस्तोगी, डॉ. विशेष सिंह, फार्मासिस्ट प्यारेलाल, फार्मासिस्ट मगन रावत, फार्मासिस्ट अभय चौहान, फार्मासिस्ट अनमोल सिंह ने सभी अतिथियों का स्वागत पुष्प देकर किया। क्षेत्रीय मंत्री अनूप वाल्मीकि ने प्रदेश व केंद्र सरकार की उपलब्धियों पर प्रकाश डालते हुए कहा कि यह सरकार देश के गरीब और असहाय लोगों को समर्पित है। शिविर में कुल 1252 मरीजों का स्वास्थ्य परीक्षण कर दवा का वितरण किया गया। इस अवसर पर पूर्व विधायक सतीश गौतम, नीरज विश्नोई, सचिन शर्मा, सोहन सैनी, कृष्ण बल्देव सिंह, गर्वित चौधरी, जितेंद्र राठी, अरुण शर्मा, ओमप्रकाश सैनी, अतुल भारती, शिवा मिगलानी, आदि राठौर, लवी मित्तल, दिनेश चौधरी, सरदार हरमीत सिंह, तिलकराज मुठरेजा, ओमपाल, सभासद बृजमोहन विश्नोई आदि सहित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र से डॉक्टर, कर्मचारी एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

### आत्मनिर्भर भारत के अंतर्गत कार्यशाला



**नगीना।** भाजपा नगीना मण्डल में आत्मनिर्भर भारत की निमित मण्डल कार्यशाला पीडब्ल्यूडी गेस्ट हाउस नगीना में आयोजित की गई। कार्यशाला में मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व जिला उपाध्यक्ष अजीत अग्रवाल ने संबोधित करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में आत्मनिर्भर भारत का सपना साकार हो रहा है। इस अभियान को हमें एकजुट होकर आगे बढ़ाना होगा। हम सब मिलकर एक सशक्त, समृद्ध और आत्मनिर्भर भारत के निर्माण में अपना योगदान दें। कार्यक्रम की अध्यक्षता मंडल अध्यक्ष अंजलि सौरभ मित्तल ने व संचालन मंडल महामंत्री पंडित सचिन शर्मा ने किया। कार्यशाला में क्षेत्रीय मंत्री अनूप वाल्मीकि, जिला उपाध्यक्ष प्रमोद चौहान, पूर्व विधायक सतीश गौतम, पूर्व जिला उपाध्यक्ष कृष्ण बलदेव, जिला प्रतिनिधि शिव शंकर सक्सेना, मण्डल अध्यक्ष श्रीमती अंजलि मित्तल, निवर्तमान अध्यक्ष नीरज विश्नोई, पूर्व मंडल अध्यक्ष ओमपाल सैनी, सौरभ मित्तल, मंडल महामंत्री पंडित सचिन शर्मा, ओम प्रकाश सैनी, मंडल उपाध्यक्ष अरुण शर्मा, गर्वित चौधरी, सोहन सैनी, अनुज वर्मा, लवी मित्तल, मंडल मंत्री इंदु ठुकराल, जितेंद्र राठी, दिनेश चौधरी, सरदार हरमीत सिंह, तिलकराज मुठरेजा, पूर्व महामंत्री अभिषेक अग्रवाल, मोहित गर्ग, कोषाध्यक्ष सरिता विश्नोई आदि राठौर, सभासद बृजमोहन विश्नोई आदि उपस्थित रहे।

### विशेष जागरूकता कार्यक्रम

**बिजनौर।** जिलाधिकारी जसजीत कौर के निर्देशों के अनुपालन में युवा कल्याण एवं प्रांतीय रक्षक दल विभाग द्वारा मिशन शक्ति के अंतर्गत एक विशेष जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में छात्राओं को खेलों के महत्व एवं उनके जीवन पर सकारात्मक प्रभाव के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई। वक्ताओं ने बताया कि खेल न केवल शारीरिक स्वास्थ्य के लिए आवश्यक हैं, बल्कि मानसिक मजबूती, आत्मविश्वास, अनुशासन और टीम भावना को भी विकसित करते हैं। खेल महिलाओं और बालिकाओं को आत्मनिर्भर तथा सशक्त बनने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। कार्यक्रम के दौरान यह संदेश दिया गया कि शिक्षा के साथ-साथ खेलों को भी समान महत्व देना चाहिए। क्योंकि खेल ही जीवन में ऊर्जा, आत्मबल और सफलता की राह प्रशस्त करते हैं।

### 31 अक्टूबर तक करें आवेदन

**बिजनौर।** सचिव/अपर जनपद न्यायाधीश जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, बिजनौर श्रेय शुक्ला ने जानकारी देते हुए बताया कि माननीय उत्तर प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, लखनऊ द्वारा 12 जिलों में स्थायी लोक अदालत के अध्यक्ष पद पर नियुक्ति की प्रक्रिया प्रारम्भ की गयी है। उक्त पदों पर नियुक्ति के लिए 01 अक्टूबर, 2025 से 31अक्टूबर, 2025 तक इच्छुक अभ्यर्थी/आवेदक अपना आवेदन पत्र दिये गये दिशा-निर्देशों के अनुरूप प्रस्तुत कर सकते हैं।

### सीओ ने लिया व्यवस्थाओं का जायजा



**नगीना।** मिशन शक्ति फेज के विशेष अभियान के तहत पुलिस क्षेत्राधिकारी द्वारा थाना नगीना क्षेत्रान्तर्गत रामलीला मैदान में लगने वाले दशहरा मेले के मद्देनजर भ्रमण व निरीक्षण कर मिशन शक्ति और साइबर सुरक्षा गोष्ठी के सम्बन्ध में छात्राओं व महिलाओं को साइबर क्राइम से बचने के उपाय, महिला सम्बन्धी अपराध, हेल्पलाइन नंबरों 1930-साइबर क्राइम, 1090-वीमेन पॉवर लाइन, 181-महिला हेल्प लाइन, 108-एम्बुलेंस सेवा, 1076-मुख्यमंत्री हेल्पलाइन, 112-पुलिस आपातकालीन सेवा, 1098-चाइल्ड लाइन, 102-स्वास्थ्य सेवा एवं अन्य कल्याणकारी योजनाओं की विस्तृत जानकारी देकर जागरूक किया।

# नवमी पर घरों पर किये गए अनुष्ठान

शाह टाइम्स,ब्यूरो

**सम्भल।** शारदीय नवरात्र की नवमी पर चामुण्डा देवी मंदिर पर पूजा अर्चना को श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ पड़ी। नवमी पूजन कर महिलाओं ने कन्या बरूओं को जिमाया और घर तथा देश की खुशहाली के लिए देवी मां से मनौतियां मांगी।

बुधवार को नवरात्रों की नवमी पर मौहल्ला हल्लू सराय स्थित चामुण्डा देवी मंदिर में सुबह से ही पूजा अर्चना को श्रद्धालुओं का तांता लग गया। मंदिर में भक्तों की भीड़ इतनी थी कि श्रद्धालुओं को देवी मां के दर्शन व पूजा अर्चना को घंटों लाईन में खड़े रहकर प्रतीक्षा करनी पड़ी। जबकि अधिकतर महिलाओं ने उद्यापन कर व्रतों का परायण किया और कन्या बरूओं को जिंवाया। साथ ही मंदिर में देवी मां से घर एवं देश की सुख समृद्धि के लिए मनोतियां मांगी। उधर मंदिर के बाहर सजी दुकानों पर भी खरीददारी को खासी भीड़ देखने को मिली।

### कन्याओं को जिंवाकर व्रतों का हुआ परायण

जबकि छोटे बच्चों ने जमकर खेल खिलौनों की खरीददारी कर अभिभावकों की जेब ढीली की। जबकि मंदिर पर विशाल भण्डारे का आयोजन किया गया भंडारा प्रात: 9 बजे से आरम्भ होकर देर सायं तक चलेगा। उन्होने श्रद्धालुओं से अधिक संख्या में पहुंचकर भण्डारे प्रसाद ग्रहण करने का आहवान किया। उधर शहरी क्षेत्र के अलावा ग्रामीण अंचलों में नवमी पर्व धूमधाम से मनाया गया। घुंघावली मार्ग स्थित चामुण्डा मंदिर में माता के थान पर भक्तगणों ने लगाकर पूजा अर्चना कर मनोतियां मांगी।

# मेघनाद ने शक्ति के प्रहार से लक्ष्मण को किया मूर्छित

शाह टाइम्स,ब्यूरो

**सम्भल।** रामलीला मंचन में राम-रावण युद्व में लक्ष्मण पर मेघनाद पर शक्ति प्रहार किया।

नगर पालिका परिषद, में श्री रामलीला कमेटी, सम्भल द्वारा आयोजित अलौकिक एवं विशाल आदर्श श्री रामलीला मंचन में अतिथियों द्वारा भगवान गणेश की विधि-विधान से पूजा-अर्चना कर श्री राम दरबार की आरती उतारी गई। मंचन से पूर्व श्रृद्वालुओं को संबोधित करते हुए व्यास ने रामायण में लक्ष्मण शक्ति का प्रसंग, युद्व के दौरान की एक अत्यंत भावुक और महत्वपूर्ण घटना है। उन्होने बताया कि जब रामलीला में इसका मंचन किया जाता है, तो यह दर्शकों को गहराई से प्रभावित करता है। इस ख्रश्य में मेघनाद (इंद्रजीत) द्वारा चलाए गए शक्ति बाण से लक्ष्मण के मूर्छित होने और उसके बाद के घटनाक्रम को दिखाया जाता है। तदुपरांत कलाकारों द्वारा मंचन में मेघनाद और लक्ष्मण के बीच भयंकर युद्व हुआ। दोनों योद्वा अपनी-अपनी वीरता का परिचय देते हैं। मेघनाद को लगने लगा कि वह लक्ष्मण को सीधे नहीं हरा सकता, तो वह मायावी शक्तियों का प्रयोग करने लगा और उन पर ब्रह्मा द्वारा दी गई अभेद शक्ति का प्रहार कर दिया। इस प्रहार से लक्ष्मण मूर्छित होकर गिर पड़े। लक्ष्मण को मूर्छित देखकर राम अत्यंत व्याकुल हो जाते हैं और भावुक होकर विलाप करने लगे। राम के इस मार्मिक विलाप को देखकर दर्शक भी भावुक हो गए। श्रीराम बोले कि उन्होंने सीता को खोने का दुख तो सह लिया, लेकिन लक्ष्मण के बिना वे अयोध्या कैसे लौटेंगे? लेकिन सुषेन वैद्य रावण का वैद्य जिसे हनुमान ले आते हैं बताते हैं कि लक्ष्मण को केवल हिमालय की संजीवनी बूटी ही बचा सकती है, तो हनुमान जी तुरंत पर्वत की ओर उड़ जाते हैं।हनुमान जी को रात में ही संजीवनी बूटी लाने का कार्य सौंपा गया। जब वे बूटी पहचान नहीं पाते, तो वे पूरा द्रोणागिरि पर्वत ही उठा लाये।संजीवनी बूटी के प्रयोग से लक्ष्मण की मूर्छा दूर हो जाती है और वह फिर से स्वस्थ होकर उठ गए। लक्ष्मण के स्वस्थ होने पर वानर सेना में खुशी की लहर दौड़ गयी। इस दौरान श्री रामलीला कमेटी के प्रबंधक वैभव गुप्ता ने कहा श्री राम के विलाप और हनुमान के समर्पण को दर्शाने वाले कलाकारों के अभिनय इस मंचन को यादगार बना दिया। उन्होंने कहा कि इस मंचन के दौरान, श्री रामलीला कमेटी सदैव दर्शकों से जुड़ी हुई धाार्मिक एवं सामाजिक गतिविधायों एवं उपदेशों को किसी न किसी रूप में आयोजित करती है जिससे समाज और देश को मजबूत करने के लिए हम सभी को प्रेरणा मिलती है। मंचन के दौरान अतिथियों में ए. एस.पी. कुलदीप सिंह, शरद (विभाग प्रचारक) कुलदीप (आर.एस.एस. ),अमित वार्ष्णेय (प्रांतीय सेवा विभाग सदस्य),हरनाम ठाकुर, राजुल गुप्ता उपस्थित रहे। सभी अतिथियों को पटका पहनाकर कमेटी के अध्यक्ष अनंत अग्रवाल ने स्वागत कर आभार जताया।कार्यक्रम के दौरान रामलीला कमेटी के सदस्यों के रूप में शंकर शर्मा, उज्ज्वल सक्सेना, अभिषेक गुप्ता, वैभव अग्रवाल, तरंग अग्रवाल, मोहित भारद्वाज, शोभित गुप्ता,अरविंद प्रजापति, निहाल वाल्मीकि, अक्षय कुमार आदि मौजूद रहे।

### हनुमान जी लाये संजीवनी बूटी



सम्भल- नगर पालिका परिषद प्रागंण में रामलीला मंचन करते कलाकार।

# अज्ञात वाहन की टक्कर से एक की मौत, दो घायल

शाह टाइम्स,संवाददाता

**असमोली।** मजूदरी कर घर लौटते बाइक सवार मजदूरों को अज्ञात वाहन ने रौद डाला। दर्दनाक हादसे में चिंता जनक हालत में दोनों को अस्पताल ले जाया गया, लेकिन चिकित्सक ने एक को मृत घोषित कर दिया।

एचौड़ा कम्बोह थाना क्षेत्र के ज्ञानपुर सिसोना निवासी राहुल (34) पुत्र राजेंद्र आकाश पुत्र राजवीर सिंह (26), अंगद पुत्र आनंद स्वरूप राजमिस्त्री का कार्य करके परिवार का पालन पोषण करते है। तीनों बाइक पर सवार होकर अपने घर वापस लौट रहे थे। बाइक सवार अभी दारापुर चौराहे के आसपास ही पहुंचे थे कि सामने से आ रहे अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी जिसमें सभी बाइक सवार गंभीर रूप से घायल हो गए सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र असमोली पहुंचाया जहां चिकित्सक ने राहुल को मृत घोषित कर दिया तथा बाकी गंभीर घायलों को हायर सेंटर के लिए रेफर कर दिया। मृतक की शादी 5 वर्ष पूर्व सैद नगली निवासी पूजा के साथ हुई तथा मृतक के दो बच्चे है। मृतक राहुल मजदूरी करके आपने परिवार का पालन पोषण किया करता था।आपने परिवार में 4 बहन भाई में अकेला था।

### दो घायल हायर सेंटर रैफर



सम्भल- हजरत नगर गढ़ी में 2100 दीपों संग सामूहिक आरती करते हिजामं कार्यकर्ता।

# दस पापों को नष्ट करने का नाम है दशहरा

मुजफ्फर हुसैन

**सम्भल।** वर्षा ऋतु की समाप्ति और शरद् ऋतु के आगमन का सूचक दशहरा, अन्य त्यौहारों में एक प्रमुख त्यौहार है। दशहरे के नामकरण के सम्बंध में श्रीवाराह पुराण में कहा गया है कि ज्येष्ठ शुक्ल दशमी को हस्त नक्षत्र में समस्त नदियों में श्रेष्ठ नदी गंगा स्वर्ग से धरा पर अवतीर्ण हुई थी, जो दस पापों को नष्ट करती है। इसीलिए इस तिथि को दशहरा करते है। चूंकि रावण के दस सिर थे और इसी दिन उसका हनन हुआ था, इसलिए भी यह त्यौहार दशहरा के नाम से प्रसिद्ध हुआ तथा यह त्यौहार आश्विन शुक्ल दशमी को मनाया जाने लगा।

दशहरा मनाने की परम्परा युगों से चली आ रही है। त्रेतायुग में अयोध्या के राजकुमार भगवान श्रीराम ने लंका के घमंडी राजा रावण का वध करके विजयश्री प्राप्त की थी, इसलिए इस त्यौहार को विजयादशमी के नाम से भी जाना जाता है। राम को ज्ञान, सत्य और देवत्व का प्रतीक माना जाता है, जबकि रावण अज्ञान, असत्य और दानवत्व का प्रतीक है। इस प्रकार विजयादशमी को त्यौहारों ज्ञान की अज्ञान पर सत्य की असत्य पर धर्म की अधर्म पर और देवत्व की दानवत्व पर विजय का प्रतीक माना जाता है। पुराणों में उल्लेख किया गया है कि विजयादशमी की तिथि को देवराज इंद्र ने महादानव वृत्तासुर पर विजय प्राप्त की थी। पाण्डवों ने भी विजयादशमी के दिन ही द्रौपदी का वरण किया था। महाभारत का युद्ध भी विजयादशमी को ही आरंभ हुआ माना जाता है। ज्योतिर्निबंध नामक ग्रंथ में लिखा है कि आश्विन शुक्ल दशमी को तारा उदय होने के समय 'विजय' नामक मुहूर्त (काल) होता है, जो सब कार्यो को सिद्ध करना माना गया है। इसीलिए इस त्यौहार का नाम विजयादशमी पड़ा होगा। महर्षि भृगु ने कहा है कि इस दिन सभी राशियों में सायंकाल के समय विजय मुहूर्त में यात्रा करना उत्तम होता है, दिन में नहीं। जो ग्यारहवां मुहूर्त है, उसे विजय कहते हैं। जो जीत चाहते हैं उन्हें इसी मुहूर्त में यात्रा करनी चाहिए। इस तिथि को भगवान राम ने भगवती विजया का पूजन कर विजय प्राप्त की थी। इसीलिए इस दिन देवी विजय की पूजा की परम्परा है, जिसकी वजह से इस त्यौहार का नाम विजयादशमी पड़ा। चिंतामणि ग्रंथ में कहा गया है कि आश्विन शुक्ल दशमी के दिन तारों के उदय होने का जो समय है, उसका विजय से सम्बंध है, जो सारे काम और अर्थो को पूरा करने वाला है। जो आदर के साथ दशमी का व्रत करता है, वह मन के चाहे सब उद्देश्यों को पा जाता है। जो अपने कामों में सफलता चाहते हैं, ऐसे मनुष्य इस दिन दसों दिशाओं को पूजें, तो उनके मनोवांछित कार्य परिपूर्ण होते हैं। स्कंद पुराण के मतानुसार दशहरे के दिन स्नान और दान का विशेष माहात्म्य है। अत: किसी भी नदी अथवा सरोवर पर जाकर अर्घ्य एवं तर्पण अवश्य करें। इससे व्यक्ति महापातकों के बराबर के दस पापों से छूट जाता है। इस दिन नीलकंठ पक्षी के दर्शन करना शुभ माना जाता है। दशहरे का त्यौहर शस्त्र पूजन के पर्व के रूप में भी विख्यात है।

# नवमी पर घरों में हुआ कन्याओं को भोज

शाह टाइम्स,संवाददाता

**बबरालार।** नवरात्र की नवमी पर घरों में कन्याओं का भोज कराया गया।घर व मंदिर में हवन व् पूजन किया गया।

नगर के खेड़ा मंदिर,सन्तोषी माता मंदिर,चामुंडा मंदिर में पूजा की गई।नवरात्रें में व्रत रहने के बाद महिलाओं ने देवी मां की पूजा करके कन्या व लागुरा को भोजन कराया।नवमी पर्व पर घरों में हवन भी किया गया।मंदिर में जाकर पूजा अर्चना की गयी।महिलाओं ने नवरात्र में ब्रत रहने के बाद कन्या भोज के बाद अपना व्रत खोला। नवरात्र में कन्या भोज देवी के स्वरूप को माना जाता है।इसलिए कन्याएँ घर घर में जिमाई गयीं।नगर व क्षेत्र में कई जगह देवी का जागरण हुआ।जिसमें भक्तजनों ने भाग लिया। पंडित रवि शर्मा ने बताया कि रामनवमी पर कन्याओं को भोजन देवी का रूप मानकर किया जाता है।इससे नवरात्रों का पुण्यलाभ मिलता है।

# मातृ शक्ति की सुरक्षा बढ़ाने को ली शपथ

## 2100 दीपों से हुई गढ़ी रामलीला में मॉ जगदम्बा की आरती

शाह टाइम्स ब्यूरो

**सम्भल।** हिंदू जागृति मंच के सदस्यों ने हनुमान नगर गढ़ी में चल रहे रामलीला मंचन में पहुंचकर मां जगदंबा की 2100 प्रज्वलित दीपों से सामूहिक आरती की। कार्यक्रम में मातृशक्ति की सुरक्षा और सम्मान बनाए रखने का सामूहिक संकल्प भी लिया गया।

हनुमान नगर गढ़ी में आयोजित श्री रामलीला में हिंदू जागृति मंच के सदस्य अजय कुमार शर्मा, विकास कुमार वर्मा, अंकुर रस्तोगी, संतोष कुमार गुप्ता, शालिनी रस्तोगी, सुमन कुमार वर्मा, राजेंद्र सिंह गुर्जर आदि अनेक कार्यकर्ता पहुंचे। श्री रामलीला कमेटी के सदस्यों के साथ मिलकर 2100 प्रज्वलित दीप दर्शकों को दिए गए। रामलीला के मंच पर मां जगदंबा की दिव्य भव्य झांकी सजाई गई। तत्पश्चात हजारों लोगों ने हाथों में प्रज्वलित दीपक लेकर मां जगदंबा की सामूहिक आरती में हिस्सा लिया। इस अवसर पर हिंदू जागृति मंच के प्रदेश अध्यक्ष अजय कुमार शर्मा ने श्री रामलीला मंचन को देखने आए सभी भक्तों के एक हाथ में जलता हुआ दीपक लेकर दूसरा हाथ मां जगदंबा की ओर संकेत करते हुए मातृशक्ति की सुरक्षा और सम्मान अक्षुण बनाए रखने के लिए, सम्मान वृद्वि के लिए तन मन धान समय और संघर्ष के माध्यम से सहयोग करने एवं बुरी नजरों से बचाए रखाने और मातृशक्ति को शक्तिशाली बनाए रखने के लिए हर संभव सहयोग करने का संकल्प दिलाया। मां जगदंबा की जय जयकार करते हुए सभी दर्शकों ने सामूहिक आरती और शपथ संकल्प की सराहना की। अंत में सभी दर्शकों पर पुष्प वर्षा की गई। प्रज्वलित दीपों से स्वस्तिक जैसे चित्र बनाकर रंगोली के रूप में मैदान की सजावट की गई। कार्यक्रम में अशोक कुमार श्रीमाली, चौधरी देवेंद्र सिंह फौजी, पृथीपाल सिंह, रजत चौधरी, जितेंद्र शर्मा, सोनू चौधरी, विपिन कुमार शर्मा, नंदकिशोर शर्मा आदि का सहयोग रहा। रामलीला मंचन कर रहे सभी कलाकारों ने भी व्यवस्था में सहयोग किया। कार्यक्रम का संचालन विपिन कुमार शर्मा ने किया।

## लैंगिक समानता को किया गया जागरूक

**सम्भल।** मिशन शक्ति फेस 5.0/एंटी रोमियो अभियान के अंतर्गत थाना रायसत्ती के मोहल्ला तिमरदास सराय में जागरूकता कार्यक्रम के दौरान महिलाओं/छात्रओं को उनके अधिकारों समाज में उनकी भूमिका को सशक्त बनाने उनकें शिक्षा का अधिकार, लैंगिक समानता के बारे में जागरूक किया गया।

# कुरूक्षेत्र मैदान पर रवण दहन को हुई तैयारियां पूर्ण

शाह टाइम्स,ब्यूरो

**सम्भल।** कुरुक्षेत्र तीर्थ, चंदौसी रोड पर दशहरा के मेले का आयोजन एवं रावण दहन का कार्यक्रम की तैयारियां पूर्ण हो चुकी है। रामलीला कमेटी के अध्यक्ष अनंत अग्रवाल ने बताया कि गत वर्षो की भांति इस वर्ष भी जिलाधिकारी डा. राजेंद्र पेंसिया एवं पुलिस अधीक्षक कृष्ण कुमार विश्नोई द्वारा तीर छोड़कर रावण का दहन किया जाएगा जो बुराई पर अच्छाई की जीत का प्रतीक है।

बता दें जनपद का सृजन होने के बाद से जिलाधिकारी एवं एस. पी. द्वारा इस परंपरा का निर्वहन किया जाता रहा है। श्री रामलीला कमेटी के प्रबंधक वैभव गुप्ता ने बताया कि इस वर्ष भी रावण और मेघनाथ के पुतले नियमानुसार बड़े-बड़े बनाए गए हैं,साथ ही मेले की तैयारी भी पूर्ण कर ली गई है। इसके लिए कमेटी के सभी कार्यकर्ताओं को जिम्मेदारियां बांट दी गई है। इस वर्ष का मेला बहुत ही भव्य,दिव्य और विशाल रहेगा। जिसमें हजारों की संख्या में दूर-दराजों से श्रृद्वालु रावण दहन और दशहरा का मेला देखने आते हैं। मेले में लगने वाली सभी दुकानों, झूलों व अन्य व्यवस्थाओं को भी दुरुस्त कर दिया गया है। शासन और प्रशासन की ओर से भी मेले की सुरक्षा को लेकर व्यवस्था चाक चौबंद है। उन्होंने कहा मेले में नगर व जिले के समस्त में अधिकारियों, समाज सेवियों व अन्य महानुभावों को आमंत्रित किया गया है।'मेला सांय 5:00 बजे से प्रारंभ होगा व रावण दहन रात्रि 8:00 बजे होगा। इस दौरान कमलकांत तिवारी, शोभित गुप्ता, अनंत अग्रवाल, वैभव गुप्ता, पिंकू त्यागी, शंकर शर्मा, कमल दिवाकर, उमेश सैनी, उमेश शर्मा, पंकज सांख्यधर आदि उपस्थित रहे।

## एक नज़र इधर भी

### मन्दिर में हुई मूर्तियों की स्थापना

**बबराला ( शाह टाइम्स,संवाददाता )।** गुन्नौर अब्दुल हई (तरफरी) मंदिर पर माँ दुर्गा,राम दरवार,राधा कृष्ण की मूर्ति की प्रतिष्ठा की गई।जिसमें ग्रामीण शामिल रहे। मूर्ति की झांकी गांव में ढोल नगाड़ों के साथ नाचते गाते श्रृद्वालुओं के साथ मंदिर पहुंची। मंदिर में विधि विधान के साथ मंत्रोच्चारण के साथ मूर्तियों की मूर्ति स्थापना की गई।मूर्तियो की स्थापना से पूर्व पूजा अर्चना की गयी। इस दौरान पुष्पेन्द्र यादव,प्रदीप उर्फ टीटू यादव व ग्रामीण मौजूद रहे।

### बबराला डिग्री कॉलेज में आज होगा दहन

**बबराला ( शाह टाइम्स,संवाददाता )।** नगर में चल रही रामलीला में आज (विजयदशमी) रावण दहन होगा। नगर के बाबूराम सिंह भाय सिंह डिग्री कॉलेज के मैदान में रावण दहन किया जाएगा। जिसमें काफी संख्या में लोग शामिल रहेंगे।नगर में रामलीला वृंदावन के कलाकारों द्वारा की जा रही थी।जिसको देखने को काफी भीड़ रही। यह जानकारी प्रशांत वार्ष्णेय ने दी है।



बबराला- बालिकाओं को उनके अधिकार व सुरक्षा को जागरूक करती पुलिस।

### बालिकाओं को उनके स्वाभिमन को किया जागरूक

**बबराला ( शाह टाइम्स,संवाददाता )।** मिशन शक्ति के पांचवें चरण के माध्यम से महिलाओं व बालिकाओं को उनके स्वाभिमान, अधिकार व सुरक्षा के लिए जागरूक किया गया। बुधवार को गुन्नौर तहसील के मांग गोठना में महिलाओं व बालिकाओं को जागरूक किया गया। मिशन शक्ति अभियान के तहत महिला स्वावलंबन, अधिकारी, सुरक्षा व सम्मान के प्रति जागरूक किया। साथ ही पोस्टर के माध्यम से अभियान का उद्देश्य समझाया। महिला एसआई अपर्णा बंसल ने कहा कि मिशन शक्ति महिलाओं के स्वावलंबन का प्रतीक है, क्योंकि इसका मुख्य उद्देश्य महिलाओं और बालिकाओं की सुरक्षा, सम्मान और स्वावलंबन को बढ़ावा देना है। कोतवाल अखिलेश प्रधान ने हेल्पलाइन नम्बरों की जानकारी दी और जरूरत पड़ने पर पुलिस की मदद लेने के लिए जागरूक किया। इस दौरान महिला एसआई अपर्णा ग्रीश यादव, गौरव,रोहतास, आराम सिंह , निशांत, बौबी, वेदपाल यादव राजेश आदि मौजूद रहे ।

### स्वदेशी अपनाने से मजबूत होगी देश की अर्थव्यवस्था

**बबराला ( शाह टाइम्स,संवाददाता )।** आत्मनिर्भर भारत संकल्प अभियान को लेकर हुई बैठक में भाजपा मंडल बबराला के उपाध्यक्ष प्रशान्त वार्ष्णेय ने कहा कि आत्मनिर्भर भारत केवल एक नारा नहीं, बल्कि राष्ट्र निर्माण की दिशा में एक सशक्त आंदोलन है। यह अभियान में प्रत्येक कार्यकर्ता को घर-घर तक स्वदेशी का संदेश पहुँचाना है।उसके साथ ही कहा गांव-गांव, शहर-शहर जाकर स्वदेशी वस्तुओं का प्रयोग बढ़ाने और लोगों में आत्मनिर्भरता की भावना जागृत करने का कार्य करें। स्वदेशी उत्पादों को अपनाने से न केवल हमारी अर्थव्यवस्था मजबूत होगी, बल्कि युवा शक्ति और महिलाओं के लिए रोजगार के अवसर भी बढ़ेंगे।इस दौरान राजीव,नीरज, आकाश,नितिन कुमार आदि रहे।

### गांधी जयंती पर रालोद शुरू करेगी एकता यात्रा

शाह टाइम्स,ब्यूरो

**सम्भल।** राष्ट्रीय लोकदल 02 अक्टूबर गांधी जयंती पर एकता यात्रा का शुभारम्भ किया जायेगा। जिसे लेकर तैयारियां शुरू कर दी गई हैं। जबकि संगठन का सक्रियता सदस्यता अभियान भी चल रहा है जो कि संविधान निर्माता बाबा साहब डॉ. भीमराव की जयंती पर शुरू किया गया। और यह सक्रिय सदस्यता अभियान 31 अक्टूबर तक जारी रखा जायेगा।

# बिन लाइसेंस मीट का कारोबार नहीं करें मांस दुकानदार

शाह टाइम्स,ब्यूरो

**सम्भल।** कुरेश कान्फ्रेंस के परिचय सम्मेलन में निकाह आसान बनाने शिक्षा का सशक्तिकरण कानूनी तौर पर कारोबार करने खिदमत खल्क आदि पर चर्चा की गयी।

उप नगरी सरायतरीन स्थित उस्मान पैलेस और नगर के डूंगर सराय स्थित मुसाफिर खाने वाले मदरसे में आयोजित कुरेश कान्फ्रेंस में सामाजिक बुराइयों को दूर करने एवं निकाह को आसान बनाने और शिक्षा के सशक्तिकरण के साथ मानव सेवा पर बल दिया गया। कान्फ्रेंस में हाफिज मोहम्मद माज कुरैशी ने तिलावत की मुख्य अतिथि मोहम्मद आशिकीन कुरैशी ने कहा कि कुरैश कान्फ्रेंस पिछले 3 वर्षो से शिक्षा के सशक्तिकरण महिला सशक्तिरण एवं सामूहिक शादियों को करने और बिरादरी के कारोबारी मसाइल को हल करने के लिए कोशिश करती आ रही है। उन्होंने कहा देश के सभी प्रदेशों में हम बिरादरी के लिए एकल विंडो सिस्टम लागू कराने की कोशिश में लगे हुए हैं। जहां से बिरादरी के लाइसेंस बनवाना या नवीनीकरण करना आसान हो सके। हम सभी प्रदेशों में मीट वोट के गठन के लिए भी प्रयासरत है। विशिष्ट अतिथि शराफत हुसैन कुरैशी एड. ने कहा कोई भी ब्रादर बिना लाइसेंस के मीट का कारोबार ना करें। कानून का पालन करें। जो गाइडलाइन दी गई है उसके अनुसार काम करें। पुलिस आपको परेशान नहीं करेगी। बिचौलियों और दलालों से सावधान रहे। अपना काम खुद ऑफिस जाकर करवाए।

### कुरैश कान्फ्रेंस की बैठक सम्पन्न

# कार्यालय पर पुलिस के पहरे में रहे कांग्रेस जिलाध्यक्ष

शाह टाइम्स,ब्यूरो

**सम्भल।** बरेली दंगे दंगे की वास्तविकता का पता लगाने कांग्रेस हाइकमान के निर्देश पर पर बनाय गए प्रतिनिधि मंडल के सदस्य जिलाध्यक्ष को उनके कार्यालय पर ही पुलिस ने नजरबंद कर दिया। घंटो कांग्रेस जिलाध्यक्ष के कार्यालय पर पुलिस का पहरा रहा। जिलाध्यक्ष ने हाउस अरेस्ट करने का आरोप लगाया।

बरेली में हुई हिंसा के बाद राजनैतिक दल दंगे की वास्तविकता पता लगाने को प्रतिनिधि मंडल भेजने के निर्देश दे रहे है। इन्ही में कांग्रेस हाइकमान की ओर से दंगे की असलियत का पता लगाने और लोगों से मिलकर वास्तविकता की जांच करने के लिए प्रतिनिधि मंडल बनाया गया था। प्रतिनिधि मंडल में कांग्रेस जिलाध्यक्ष हाजी आरिफ तुर्की को भी शामिल किया गया था। दंगे की वास्तविकता का पता लगाने को गठित प्रतिनिधि मंडल को बुधवार को रवाना होना था। प्रतिनिधि मंडल के जाने की भनक लगते ही पुलिस सक्रिये हो गयी। कांग्रेस जिलाध्यक्ष हाजी आरिफ तुर्की ने आरोप लगाते हुए बताया कि हाइकमान के निर्देश पर प्रतिनिधि मंडल में शामिल होने के लिए बरेली रवाना होते इससे पूर्व ही उन्हे उनके चन्दौसी रोड स्थित कार्यालय पर रोक दिया गया। पुलिस के जवान उनके निवास/कार्यालय पर पहुंच गए। उन्होने स्वयं को हाउस अरेस्ट करने का आरोप लगाकर घंटों अपनी निगरानी में रखने का आरोप लगाया। पुलिस की निगरानी से वह बरेली नहीं जा सके।



सम्भल- बरेली जाने पर कार्यालय पर कांग्रेस जिलाध्यक्ष की निगरानी करती पुलिस।

# सीडीओ के निर्देश पर भवानीपुर में चला स्वच्छता अभियान

शाह टाइम्स,ब्यूरो

**सम्भल।** ब्लॉक पंवासा के ग्राम भवानीपुर में मुख्य विकास अधिकारी के निर्देश पर ग्राम प्रधान विष्णु कुमार की मौजूदगी में स्वच्छता ही सेवा अभियान के तहत सुबह 8 बजे से स्वच्छता अभियान चलाया।जिसमें सैकड़ो ग्रामवासियों ने इस अभियान में जुड़कर अपना सहयोग दिया। इस मौके पर अशोक कुमार त्यागी सहायक विकास अधिकारी, गौरव सागर, नवनीत मिश्रा, सुरजीत सिंह, सत्येंद्र सिंह, ग्राम पंचायत सचिव, विष्णु कुमार ग्राम प्रधान, महावीर सिंह पूर्व ग्राम प्रधान, मोहनलाल, सोमपाल यादव, मेघराज चौधरी, अजीत सिंह, श्योराज, महिपाल, नवीन चौधरी आदि ग्रामवासी अभियान का हिस्सा बने।

# गली मौहल्लों में मांस की दुकानों से आवारा कुत्ते हो रहे नौनिहालों पर हमलावर

शाह टाइम्स ब्यूरो

**सम्भल।** कस्बे में आवारा कुत्तों की फौज राहगीरों विशेषकर स्कूली बच्चों के लिए खतरे की घंटी से कम नहीं है। गलियों, चौराहों में घूमती टोली से लोग भयभीत हैं।

नगर की गली और मौहल्लों में आवारा कुत्तों द्वारा बच्चों को शिकार बनाकर गम्भीर हालत में पहुंचाने की कई वारदाते पूर्व में सामने आ चुकी है। आवारा कुत्ते स्कूल जाने वाले नौनिहालों पर अधिकांश हमलावर होकर लहूलुहान कर देते है। गली और मौहल्लों में आवारा कुत्तों की बढ़ती जनसंख्या जगह-जगह खोल ली गई मांस की दुकानों के चलते हर समय जमावड़ा रहता है। भूखे पेट की आग शांत करने को आवारा कुत्ते मांस की दुकान वाले मौहल्लों में मंडराते रहते हैं जबकि उनके पेट की भूख शांत न होने पर वह घरों के बाहर खेलते और दुकान आदि से खाने-पीने की चीज लेने जाते बच्चों पर एकदम आक्रामक होकर उन्हे अपना शिकार बना लेते हैं। इतना ही नही घर से बाहर निकलने वाले बकरी के बच्चों और मुर्गियों आदि को भी पकड़कर फाड़कर अपना निवाला बना लेते है। आवाा कुत्तों की बढ़ती जनसंख्या रोकने को पालिका प्रशासन भी गम्भीर नहीं है जबकि मांस की गली मौहल्लों में खोल ली गई दुकानों के चलते आवारा कुत्तों के छोटे बच्चे भोजन बन रहे हैं। यह हाल तब हे जब सर्वोच्च न्यायालय भी आवारा कुत्तों को लेकर आदेश दे चुका है, लेकिन नगर की गली और मौहल्लों में मंडरा रहे आवारा कुत्तों की धर पकड़ अथवा उनके मंडराने की जड़ मांस की दुकानों को मौहल्लों से अलग दूर खुलवाने की कोई कवायद नहीं की जा रही है।

### कई बच्चे पूर्व में बन चुके हें शिकार

# नौ देवियों का पूजन कर डांडिया नृत्य

शाह टाइम्स,ब्यूरो

**सम्भल।** नवमी पर महिला शक्ति संगठन की अध्यक्ष दीपा वार्ष्णेय ने अपने हयात नगर स्थित आवास पर नौ देवियों का पूजन आयोजित किया। इस मौके पर गणेश पूजन और मां दुर्गा की आरती की।जबकि महिलाओं ने भजन-कीर्तन कर डांडिया व गरबा की प्रस्तुति दी।

# रावण दहन को लेकर पुलिस प्रशासन ने की खास व्यवस्थाएं

## एसपी सिटी ने कहा सभी मेला स्थलों पर तैनात किया गया है पर्याप्त पुलिस फोर्स

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** कल 2 अक्टूबर को विजयदशमी का पर्व मुरादाबाद महानगर में बड़े ही हर्षोल्लाह और धूमधाम के साथ मनाया जाएगा। शहर के लाइन पार रामलीला मैदान में लगने वाले ऐतिहासिक मेले सहित कई स्थानों पर रावण दहन होगा, दशहरा मेले को लेकर पुलिस और प्रशासनिक अधिकारियों ने अपनी सभी तैयारियां मुकम्मल कर ली है। वहीं पुलिस प्रशासन के द्वारा दशहरा मेला के मद्देनजर सुरक्षा व्यवस्थाओं को लेकर विशेष तैयारी की गई हैं। इस संबंध में विस्तार से जानकारी देते हुए एसपी सिटी कुमार रणविजय सिंह ने बताया कि पिछले लगभग 15 –20 दिनों से हम लोगों की



तैयारियाँ चल रही है जो नवरात्रि हैं उसको लेकर। आज महानवमी है और कल दशहरा है इसको लेकर भी हमने अपनी तैयारियाँ पूरी कर ली हैं।

पहले भी अभी जो 9 दिन बीते हैं उसमें हमारी पर्याप्त सुरक्षा व्यवस्था रही है।शहरी क्षेत्र में कई जगह रामलीला का मंचन हो रहा है, मुख्य रूप से लाजपत नगर लाइनपार, अगवानपुर और सिविल लाइंस एरिया में भी इन सभी सभी जगहों पर भी रामलीला का मंचन हो रहा है, वहां भी हमारी पूरी पर्याप्त व्यवस्था है, सभी जगह पुलिस फोर्स लगाया हुआ है। कल दशहरा है उसके लिए भी हमने पूरी व्यवस्था जोन और सेक्टर में की है। कल पुलिस फोर्स को ब्रीफिंग भी किया जाएगा और हम लोग सुनिश्चित करेंगे कि रावण दहन का जो कार्यक्रम है वह सकुशल संपन्न हो।हमारी जो व्यवस्था है वह 3 जोन और 12 सेक्टर में विभाजित की गई है, उसमें सभी अधिकारी लगे हुए हैं उनके अंडर में हमारी पुलिस फोर्स लगी हुई है, इसके अलावा सीसीटीवी कैमरे और ड्रोन से निगरानी की जा रही है। साथ ही मिशन शक्ति अभियान फेज 5 के तहत हमारी जो महिला पुलिस टीममें है वह भी सभी मेल स्थलों पर पहुंचकर महिलाओं और बालिकाओं को जागरूक करने का काम भी कर रही हैं।

# आईएफटीएम विश्वविद्यालय के विद्यार्थियों ने 'मिलेट्स मेला सह प्रदर्शनी' का किया भ्रमण

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** आईएफटीएम विश्वविद्यालय के स्कूल ऑफ एग्रीकल्चरल साइंसेज एंड इंजी. नियरिंग के बी.एससी. (ऑनर्स), कृषि एवं एम.एससी., (कृषि) के 44 विद्यार्थियों ने पंचायत भवन, मुरादाबाद में आयोजित ''एक दिवसीय जनपद स्तरीय फसल अवशेष प्रबन्धन एवं मिलेट्स मेला सह प्रदर्शनी'' का भ्रमण किया। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के कुलसचिव डॉ. संजीव अग्रवाल ने सभी प्रतिभागी विद्यार्थियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि आजकल खाद्य पदार्थों में मिलावट की भरमार होने के कारण बाजार में मिलेट्स से जुड़े हुए विविध उत्पादों की मांग अधिक है। भ्रमण के दौरान विद्यार्थियों ने मेले में लगे विभिन्न



स्टालों का भ्रमण किया एवं पशुपालन, चीनी उद्योग, सिंचाई, मधुमक्खी पालन, इफको, मोती की खेती, संरक्षित खेती, कृषि उत्पादन, कृषि स्टार्ट–अप तथा जैविक एवं प्राकृतिक खेती के संबंध में जानक. ारी के साथ ही विषय विशेषज्ञों से मार्गदर्शन भी प्राप्त किया। इस दौरान विषय विशेषज्ञों ने सभी किसानों एवं विद्यार्थियों को खेती से संबंधित नई–नई योजनाओं से भी अवगत कराया। इस मौके पर स्कूल ऑफ एग्रीकल्चरल साइंसेज एंड इंजी. नियरिंग के निदेशक डॉ. वीरेंद्र सिंह ने जानकारी दी कि फसल अवशेष प्रबन्धन एवं श्री अन्न मोटे अनाज के विषय पर आधारित इस मेला एवं प्रदर्शनी का आयोजन उपनिदेशक कृषि इंजी. संतोष द्विवेदी की देख–रेख में किया गया। उन्होंने यह भी बताया कि विद्यार्थियों को कृषि मेलों का भ्रमण उनके व्यावहारिक ज्ञान में बढ़ोत्तरी करने के उद्देश्य से नियमित रूप से कराया जाता है। मेला भ्रमण के दौरान प्रतिभागी विद्यार्थियों के दिशा–निर्देश हेतु स्कूल ऑफ एग्रीकल्चरल साइंसेज एंड इंजीनियरिंग के डॉ. विनोद कुमार धांगड़ एवं डॉ. सुलेखा भी उपस्थित रहीं।

# गांधी जयंती की पूर्व संध्या पर विद्यार्थियों ने तैयार किया महात्मा गांधी का पोर्ट्रेट

**मुरादाबाद।** महात्मा गांधी की जयंती की पूर्व संध्या पर चित्रगुप्त इंटर कॉलेज के छात्रों ने अनोखी कला का प्रदर्शन करते हुए राष्ट्रपिता को अनूठी श्रद्धांजलि दी। विद्यालय के कला प्रभारी डॉ. नवनीत गोस्वामी के निर्देशन में छात्रों ने 340 वर्ग फुट क्षेत्र में ब्लैक डस्ट की मदद से महात्मा गांधी का भव्य पोर्ट्रेट तैयार किया। छात्रों की इस रचनात्मक पहल ने न सिर्फ विद्यालय परिवार को गर्वान्वित किया बल्कि उपस्थित लोगों को भी भावविभोर कर दिया।पोर्ट्रेट तैयार करने में प्रिंस, ध्रुव, अंश, वंश, समृद्धि, देवांश और केशव सहित कई छात्रों ने सक्रिय भूमिका निभाई। सभी छात्रों ने आपसी सहयोग और टीमवर्क से कुछ ही घंटों में यह विशाल कलाकृति बनाकर अपनी प्रतिभा का परिचय दिया।इस अवसर पर विद्यालय के अध्यापक राजीव कुमार पाठक, मोहम्मद शारिब, विशाल अग्रवाल और पंकज शर्मा मौजूद रहे। उन्होंने छात्रों के प्रयास की सराहना करते हुए कहा कि यह रचना न केवल कला का एक उत्कृष्ट उदाहरण है बल्कि गांधी जी के आदर्शों और शिक्षाओं के प्रति सम्मान का भी प्रतीक है।अध्यापकों ने कहा कि गांधी जी ने सत्य, अहिंसा और सरल जीवन का जो संदेश दिया, उसे नई पीढ़ी तक पहुंचाना आवश्यक है। इस तरह की रचनात्मक गतिविधियां छात्रों को इतिहास और महान व्यक्तित्वों के जीवन मूल्यों से जोड़ती हैं।विद्यालय परिवार का मानना है कि इस अनूठे पोर्ट्रेट के माध्यम से छात्रों ने यह संद. ेश देने का प्रयास किया है कि गांधी जी की विचारधारा आज भी उतनी ही प्रासंगिक है जितनी उनके समय में थी।पोर्ट्रेट को देखने पहुंचे लोगों ने छात्रों की कला की प्रशंसा करते हुए कहा कि यह प्रयास आने वाली पीढ़ी के लिए प्रेरणादायी है।

# आईएफटीएम में एक भव्य गरबा ईव के साथ मनाया गया शारदीय नवरात्रि पर्व

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** आईएफटीएम विश्व. विद्यालय में स्कूल ऑफ बिजनेस मैनेजमेंट और एक्टिविटी क्लब के संयुक्त तत्वावधान में जीवंत रंगों और लयबद्ध धुनों की भव्य गरबा ईव एवं हर्षोल्लास के साथ शारदीय नवरात्रि का पर्व मनाया गया। गरबा ईव के इस कार्यक्रम का शुभारंभ विश्वविद्यालय के कुलसचिव डॉ. संजीव अग्रवाल और स्कूल ऑफ बिजनेस मैनेजमेंट की निदेशिका डॉ. निशा अग्रवाल द्वारा माँ महादुर्गा के चित्र के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया। इस अवसर पर कुलसचिव डॉ. अग्रवाल ने कार्यक्रम के सफल आयोजन हेतु शुभकामनाएं देते हुए कहा कि यह पर्व देवी दुर्गा की शक्ति और उनकी विजय का प्रतीक है। उन्होंने बताया कि ऐसी मान्यता है कि इसी दौरान देवी दुर्गा ने



महिषासुर जैसे राक्षसों का वध किया था, इसलिए इसे बुराई पर अच्छाई की जीत के रूप में मनाया जाता है। डॉ. निशा अग्रवाल ने नवरात्रि के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि इस तरह के आयोजन न केवल खुशी और उल्लास लाते हैं, बल्कि समस्त स्टाफ के बीच आपसी संबंधों को भी मजबूत करते हैं। प्रो. अग्रवाल ने बताया कि यह आयोजन नवरात्रि की भावना का सच्चा प्रतिबिंब तथा सांस्कृतिक विरासत और महिलाओं के सशक्तिकरण का समावेश था। कार्यक्रम का निर्देशन एक्टिविटी क्लब की समन्वयिका डॉ. स्वाति राय ने किया। डॉ. राय ने अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि यह आयोजन नवरात्रि की भावना का सच्चा प्रतिबिंब था, जिसमें सांस्कृतिक विरासत और महिलाओं के सशक्तिकरण दोनों का जश्न मनाया गया। गरबा ईव में विश्वविद्यालय के सभी स्कूलों के शिक्षकों की उत्साहपूर्वक भागीदारी देखी गई, जिन्होंने पूरे जोश और उत्साह के साथ गरबा नृत्य किया। कार्यक्रम के अंत में स्कूल ऑफ बिजनेस मैनेजमेंट के छात्र विकास प्रकोष्ठ की प्रमुख डॉ. आरती गर्ग ने सभी प्रतिभागियों और आयोजकों के प्रति आभार व्यक्त किया। इस कार्यक्रम में स्कूल के विभिन्न विभागों के 70 से अधिक प्रतिभागियों ने अत्यंत उत्साह के साथ प्रतिभाग किया।

## एक नजर

### नवरात्रि के 10वें दिन माता चामुंडा देवी स्थल पर वैदिक मंत्रों से किया यज्ञ का आयोजन



**कुंदरकी।** बुधवार को नवरात्री के 10वें दिन माता चामुंडा देवी स्थल पर वैदिक मंत्रो के द्वारा यज्ञ का आयोजन किया गया मां सिद्दीदात्री/नवदुर्गा माँ की पूजा अर्चना की गई भजन व आरती प्रस्तुत की गई यज्ञ मे सामग्री द्वारा महिलाओ व पुरुषो ने आहुतियां दी भंडारे का आयोजन किया गया कन्या बरुआ जिमाये गये व आज समापन किया गया, काफी संख्या मे भक्तगड़ो के भीड़ रही श्योराज सिंह, सूरजपाल सिंह, अजयराज, राजीव अग्रवाल, रवि बाल्मीकि, अजयराज जयगोपाल आर्य, शिवा कश्यप, देव सिंह, मुकेश आर्य, जगत दिवाकर, टीनू, प्रेमपाल दिवाकर, नरेंद्र कश्यप विमलेश दिवाकर आदि ने यज्ञ मे आहुतियाँ दीं।

### शादी से चार दिन पहले लड़की नकदी लेकर लापता, पिता ने लिखाई थाने में एफआईआर

**कांठ (शाह टाइम्स)** शादी से 4 दिन पहले लड़की दहेज के लिए रखे 13 लाख रुपए लेकर लापता हो गई पिता ने थाने में महिलाओं सहित कई लोगों के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराई है। थाना छजलैट के एक गांव निवासी की पुत्री की 4 अक्टूबर को शादी थी तीन को लग्न का कार्यक्रम था पिता 29 सितंबर को भात नोतने गया था वहां से आने के बाद परिवार के लोग सो गए 30 सितंबर की रात को किसी समय गांव का देवानंद पुत्र शिवराज उसकी पुत्री को बहलाफुसला कर भगा ले गया सुबह 4:00 बजे परिवार के लोग उठे तो लड़की को घर पर ना पाकर उसकी तलाश शुरू की आरोप है कि देवानंद घर में रखे 13 लाख रुपये 12 चीज सोने व चांदी की एवं सारे कपड़े भी ले गया। पीड़ित पिता की तहरीर पर पुलिस ने महिलाओं सहित 7 लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है।

### फर्जी शिकायतों का खेल, हकीम पर रिएक्शन का बहाना, वसूली का आरोप

**कुंदरकी।** नगर निवासी हकीम नजाकत अली ने एक बड़े खुलासे के साथ कुंदरकी थाने में शिकायत पत्र देकर हकीमों और डॉक्टरों को फर्जी तरीके से फंसाकर लाखों रुपये ऐंठने वाले लोगों के विरुद्ध कार्रवाई की मांग की है, हकीम नजाकत के अनुसार लगभग सप्ताहभर पूर्व उनके दवाखाने पर एक महिला सूजन व यूरिन की समस्या की दवा लेने आयी थी, चार दिन बाद उन्हें जानकारी मिली कि उसी महिला को उनकी दवा से रिएक्शन हो गया है और उसे किसी अन्य अस्पताल में भर्ती कराया गया है, इतना ही नहीं।

महिला ने उनके विरुद्ध शिकायत पत्र भी दिया है, हकीम नजाकत ने पलटवार करते हुए थाने में उस महिला के विरुद्ध शिकायतपत्र दीया है, नजाकत ने गंभीर आरोप लगाते हुए कहा कि नगर में कुछ लोग फर्जी तरीके से दवा लेने का नाटक कर हकीमों और डॉक्टरों को फंसाते हैं, बाद में तबियत बिगड़ने और दवा रिएक्शन का बहाना बनाकर संबंधित चिकित्सक के खिलाफ शिकायत दर्ज कराते हैं, इसके बाद समझौते और फैसले के नाम पर लाखों रुपये वसूले जाते हैं, पुलिस ने मामले की शिकायत प्राप्त कर जांच शुरू कर दी है।

# सालाना आमदे मुस्तफा कॉन्फ्रेंस का हुआ आयोजन

**कुन्दरक।** क्षेत्र के गांव चकफाजल पुर में सालाना आमदे मुस्तफा कान्फ्रेंस का आयोजन हुआ कान्फ्रेंस का आगाज कुरआन शरीफ की तिलावत से हाफिज कारी इकबाल अहमद ने किया बारगाहे मुस्तफा में जुनैद रजा मुरादाबादी ने कलाम पेश किए इसके बाद मुफ्ती मुस्लिम रजा ने अपने बयान में कहा नबी ए करीम सारी दुनिया के लिए रहमत बनकर तशरीफ लाए वो जो न थे तो कुछ न था वो जो न हों तो कुछ न हो जान हैं वो जहान की जान है तो जहान है मोलना निजाम रजा ने नबी ए पाक की सुन्नतों पर अमल करने पर जोर दिया आखिर में सलाम के बाद मुल्क व मिल्लत की खुशहाली के लिए दुआ कराई इस मौके पर हाफिज साबिर हुसैन अरकान कघदरी शारिक रजा मो इमरान महताब आलम मो अजीम जहांगीर आलम कलीम पाशा फैजान आदि मौजूद रहे।

# रेलवे अस्पताल में आयोजित आईएएम के रक्तदान शिविर में डोनेट किया गया 35 यूनिट ब्लड

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

मुरादाबाद।आईएमए के नए पदाधिकारियों के कार्यकाल के शुभारंभ के मौके पर सिविल लाइन क्षेत्र कपूर कंपनी स्थित डिविजनल रेलवे हॉस्पिटल में ब्लड डोनेशन कैंप का आयोजन किया गया। इस आयोजन में रेलवे अस्पताल के कर्मचारियों और अधिकारियों ने बढ़–चढ़कर भाग लिया और लगभग 35 यूनिट ब्लड दान किया।इस आयोजन में मुरादाबाद इंडियन मेडिकल एसोसिएशन ब्लड बैंक, कचहरी रोड का विशेष सहयोग रहा। रेलवे हॉस्पिटल की चीफ मेडिकल सुपरिंटेंडेंट डॉक्टर इंद्रजीत कौर ने इस शिविर में सक्रिय भूमिका निभाई। उनके साथ रेलवे हॉस्पिटल के अन्य




वरिष्ठ डॉक्टर डॉ. सुषमा राठी और डॉ. राजवीर सिंह भी उपस्थित रहे। नव निर्वाचित आईएमए प्रेसिडेंट डॉ. सीपी सिंह, सचिव डॉ. गिरजेश केन, ब्लड बैंक के इंचार्ज डॉ. अजय अरोड़ा और आईएमए ब्लड बैंक की समर्पित टीम भी इस आयोजन का हिस्सा रही। इस दौरान वरिष्ठ चिकित्सक और आईएमए के प्रेसिडेंट डॉ. सीपी सिंह ने कहा कि रक्तदान एक महान कार्य है, जो किसी की जिंदगी बचा सकता है।आईएमए ब्लड बैंक में आधुनिक तकनीक के माध्यम से ब्लड के विभिन्न कंपोनेंट्स को अलग किया जाता है, जिससे एक यूनिट ब्लड से 3–4 मरीजों को लाभ पहुंचाया जा सकता है। हमारा उद्देश्य है कि लोगों को रक्तदान के महत्व के बारे में जागरूक किया जाए और जरूरतमंद मरीजों को समय पर ब्लड उपलब्ध कराया जाए। उन्होंने आगे बताया कि, एकत्रित ब्लड को आईएमए ब्लड बैंक में कंपोनेंट्स में अलग किया जाएगा। आधुनिक चिकित्सा पद्धति में अब होल ब्लड चढ़ाने की बजाय ब्लड के विभिन्न कंपोनेंट्स को अलग–अलग मरीजों की जरूरत के अनुसार दिया जाता है। ब्लड बैंक 24 घंटे खुला रहता है और यहाँ उच्च तकनीक सुविधाएँ उपलब्ध हैं। यदि किसी भी मरीज को ब्लड की आवश्यकता होती है, तो वह आईएमए ब्लड बैंक से संपर्क कर सकते हैं।वहीं इस आयोजन के लिए सचिव डॉ. गिरजेश केन ने सभी प्रतिभागियों का आभार व्यक्त किया। उन्होंने प्रेसिडेंट डॉ. सी पी सिंह और रेलवे अस्पताल की सीएमएस डॉ. इंद्रजीत कौर के प्रति भी धन्यवाद ज्ञापित किया, जिनके नेतृत्व में यह शिविर सम्पन्न हुआ।

# टीएमयू एनएसएस कैडेट्स समर्पण भाव से करें समाज सेवा



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** तीर्थंकर महावीर यूनिवर्सिटी, मुरादाबाद के कुलपति प्रो. वीके जैन ने कहा, राष्ट्रीय सेवा योजना–एनएसएस राष्ट्र निर्माण का सशक्त माध्यम है। एनएसएस केवल एक सेवा कार्यक्रम नहीं, बल्कि यह स्टुडेंट्स के व्यक्तित्व विकास, सामाजिक उत्तरदायित्व, अनुशासन और सहयोग की भावना को बढ़ाने वाला आंदोलन है। प्रो. जैन ने कहा, देश के युवा शक्ति, सेवा और समर्पण के साथ कार्य करें। प्रो. जैन तीर्थंकर महावीर यूनिवर्सिटी की ओर से आयोजित राष्ट्रीय सेवा योजना स्थापना दिवस पर बतौर मुख्य अतिथि बोल रहे थे। इससे पूर्व मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्जवलन और माल्यार्पण के संग ऑडी में कार्यक्रम का शंखनाद हुआ। इस मौके पर मुख्य अतिथि वीसी प्रो. वीके जैन, निदेशक छात्र कल्याण प्रो. एमपी सिंह आदि की उल्लेखनीय मौजूदगी रही। कार्यक्रम में एनएसएस स्वयंसेवकों और टीएमयू छात्र क्लब के ओरिएंटेशन सत्र के संग–संग प्रमाणपत्र भी वितरित हुए। सत्र 2023–25 के 300 से अधिक और 2025–27 के 200 स्वयंसेवकों को प्रमाण पत्र प्रदान किए गए। 200 स्वयंसेवकों को ओरिएंटेशन सेशन के दौरान कर्तव्य बोध कराया गया। इसके साथ ही 150 से अधिक टीएमयू छात्र क्लब पदाधिकारियों को भी प्रमाण पत्र वितरित किए गए। डीन स्टुडेंट्स वेलफेयर प्रो. एमपी सिंह ने राष्ट्रीय सेवा योजना के सिद्धांत वाक्य– मुझको नहीं, तुमको का अर्थ स्पष्ट करते हुए इसके इतिहास और उद्देश्यों पर प्रकाश डाला। उन्होंने टीएमयू के 20 छात्र क्लबों की सक्रियता की सराहना करते हुए कहा, ये क्लब छात्रों में नेतृत्व क्षमता, समाज सेवा और टीम वर्क की भावना को मजबूत कर रहे हैं।

यूनिवर्सिटी के एनएसएस समन्वयक डॉ. रत्नेश जैन ने राष्ट्रीय सेवा योजना की उपलब्धियों और आगामी योजनाओं का विवरण प्रस्तुत किया। इस अवसर पर छात्र–छात्राओं ने नारी शक्ति मिशन कार्यक्रम, नुक्कड़ नाटक और विभिन्न सांस्कृतिक प्रस्तुतियां देकर सामाजिक संदेशों का प्रचार–प्रसार भी किया। कार्यक्रम में एनएसएस समन्वयक– डॉ. उपेंद्र मलिक, श्री गौरव कुमार, बैजनाथ दास, हरीश शर्मा, मोहम्मद सलीम, डॉ. अभिनव सक्सेना, श्री तौहिद अख्तर, श्रीमती सना तबस्सुम के संग–संग क्लब परामर्शदाताओं– डॉ. विनोद जैन आदि को भी प्रशंसा पत्र प्रदान किए गए। इस अवसर पर असिस्टेंट रजिस्ट्रार श्री दीपक मलिक, श्रीमती ममता यादव आदि मौजूद रहे। संच. ालन डेंटल कॉलेज की छात्रा मीमांशा जैन ने किया।

# गायत्री यज्ञ और कन्या पूजन के साथ हुआ नवरात्रि व्रत का पारायण



**शाह टइम्स संवाददाता**

**बिलारी।** रेलवे स्टेशन रोड स्थित प्रेम शांति सदन में अखिल विश्व गायत्री परिवार शांतिकुंज हरिद्वार के तत्वाधान में गायत्री नवरात्रि शक्ति उपासना पर्व पर गायत्री अनुष्ठान गायत्री यज्ञ के साथ संपन्न हुआ। इस अवसर पर सामूहिक गायत्री मंत्र जाप किया गया जिससे वातावरण शुद्ध और आध्यात्मिक हो गया। बुधवार को गायत्री नवरात्रि शक्ति उपासना पर्व के अंतर्गत गायत्री महायज्ञ व गायत्री चालीसा से पूर्व अखिल विश्व गायत्री परिवार शांतिकुंज हरिद्वार के संस्थापक युग ऋषि पंडित श्रीराम शर्मा आचार्य जी, शक्ति स्वरूपा माता भगवती देवी, आदि शक्ति मां गायत्री मां दुर्गा के चित्र पर पुष्प अर्पित कर दीप प्रज्वलित किया। पवित्रीकरण, स्वस्तिवाचन, षष्ठकर्म के साथ विधि–विधान से माता रानी, मां गायत्री माता व कन्या पूजन कर कन्याओं को भोजन प्रसाद ग्रहण कराया। गायत्री अनुष्ठान के मध्य गायत्री परिवार के वरिष्ठ कार्यकर्ता आचार्य विजयपाल सिंह राघव ने कहा कि नवरात्र हर मनुष्य के लिए शक्ति प्रदान करने वाला पर्व है। गायत्री नवरात्रि उपासना दिव्य ऊर्जा का आवाहन करने और आध्यात्मिक परिवर्तन प्राप्त करने के लिए गायत्री मंत्र का जाप करना चाहिए। जिससे हमारे अंतकरण और आचरण में पवित्रता बनी रहती है।

इस अवसर पर मुख्य रूप से आदित्य राघव, दीपक सिंह, अभी राघव, समर्थ, श्रीमती रुचि राघव, सजल राघव , आराध्या, किट्टू, अभिशा आदि सहित अन्य गायत्री परिजनों ने कार्यक्रम में भाग लिया। यज्ञ के उपरांत कन्या पूजन कर कन्याओं को प्रसाद रूपी भोजन व उपहार दिए

# दहेज की मांग पूरी न होने पर विवाहिता को घर से निकाला, छह के खिलाफ मामला दर्ज

**शाह टाइम्स, संवाददाता**

**कांठ।** मामला थाना छजलैट क्षेत्र के गांव राणा नगला का है वहां के प्रमोद कुमार ने अपनी पुत्री कशिश चौहान की शादी जून 2023 में नौगांवा थाना क्षेत्र के गांव कासमपुर मेव में शिवम चौहान पुत्र जिसेद्र के साथ की थी विवाहिता के मुताबिक अच्छी शादी होने के बावजूद भी ससुराल वाले इस दहेज से खुश नहीं थे विवाहिता का पति शिवम सास सुनीता नंद शिवांगी नंदोई सत्येंद्र आदि दहेज को लेकर आए दिन मारपीट करते रहते थे इस बीच विवाहिता के एक पुत्र का जन्म भी हुआ लेकिन इसके बावजूद भी ससुराल वालों की दहेज की मांग कम नहीं हुई। मजबूर होकर वह अपने मायके चली आई 9 सितंबर को दोपहर 1:00 बजे ममेरे ससुर राजीव और नरेंद्र उसके घर आए और उसको दहेज की मांग पूरी न होने पर जान से मारने की धमकी देकर चले गए पीड़िता थाने पहुंची और उसने अपनी शिकायत दर्ज कराई। पीड़िता की तहरीर पर पुलिस ने 6 लोगों के खिलाफ एफआईआर दर्ज की है।

## अज्ञात बाइक चोर के खिलाफ मुकदमा दर्ज

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**ठाकुरद्वारा।** बाजार से सब्जी की खरीदारी करने गए युवक की अज्ञात चोर बाइक चोरी कर ले गए। जिसपर पीड़ित ने कोतवाली पुलिस को तहरीर देकर कार्यवाही की मांग की थी। पुलिस ने तहरीर के आधार पर अज्ञात चोर के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। नगर के मोहल्ला ताली ईदगाह वार्ड 21 निवासी हसीन पुत्र सद्दीक ने कोतवाली पुलिस को तहरीर देकर बताया की वह अपनी बाइक स्प्लेंडर प्लस से साप्ताहिक सब्जी बाजार से सब्जी लेने गया था। बाइक बाजार के निकट खड़ी कर सब्जी लेने लगा जब कुछ देर बाद वापस आया तो उसकी बाइक गायब थी। उसने अपनी बाइक को काफी तलाश किया मगर बाइक का कुछ पता ने चलने पर पीड़ित ने कोतवाली पुलिस को शिकायती पत्र देकर कार्रवाई की मांग की थी जिसपर कोतवाली न तहरीर के आधार पर अज्ञात चोर के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

**नाम परिवर्तन सूचना**

मैंने अपना नाम VASEEM KHAN से बदलकर WASIM KHAN पुत्र AMEER JAN KHAN रख लिया है। भविष्य में मुझे इसी नाम से जाना व पहचाना जाए।
WASIM KHAN (वसीम खान) पुत्र AMEER JAN KHAN (अमीर जान खान) निवासी नगर के मोहल्ला जमनावाला वार्ड नं 13 ठाकुरद्वारा जिला मुरादाबाद। (उत्तर प्रदेश) पिन नं–244601

हेतु संदर्शित करने की सूचना
(साधारण प्रारूप)
**न्यायालय श्रीमान सिविल जज (जू०डि०) महोदय, मुरादाबाद।**
**विविध वाद संख्या:** 163 सन् 2025
**तारीख पेशी:** 10.10.2025
**ताज परवीन बनाम शिजा जकी**
श्रीमती ताज परवीन पत्नी जकी उद्दीन निवासी रफतपुरा लुहारो बाली गली तहसील व जिला मुरादाबाद।
**बनाम**
1. शिजा जकी पुत्री जकीउद्दीन, 2. कुररातूल पुत्री जकीउद्दीन, 3. हस्सानुद्दीन पुत्र जकीउद्दीन निवासी रफतपुरा, लुहारो वाली गली तहसील व जिला मुरादाबाद।

चूंकि उपरिनामांकित के इस न्यायालय में यह आवेदन किया है कि धारा 372 उत्तराधिकारी अधिनियम 1925 अतएवं आपको एतदद्वारा चेता. वनी दी जाती है कि आप आवेदन के खिलाफ हेतु संदर्शित करने के लिये 2025 माह 10 के दिवस 10 को 10 बजे पूर्वान्ह अथवा बन्धक रूपए अनुर्दिष्ट अपने अधिवक्ता द्वारा उपरनाम हो यदि ऐसा करने में असफल रहने पर उक्त आवेदन एक पक्षीय रूप से सुना जायेगा। मेरे हस्ताक्षर और न्यायालय की मुद्रा सहित आज 01.10.2025 दिवस को निकाली गई।

**मुन्सरिम**
**न्यायालय सिविल जज**
**(जू०डि०) जनपद–मुरादाबाद।**

# महानवमी पर्व पर माता रानी की आराधना करने को मंदिरों में उमड़े श्रद्धालु

● लालबाग स्थित प्राचीन श्री काली माता मंदिर पर श्रद्धालुओं की लगी लंबी-लंबी कतारें

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** शारदीय नवरात्रि के महानवमी पर्व पर बुधवार को शहर के विभिन्न मंदिरों में आस्था और उत्साह का अद्भुत संगम देखने को मिला।

सुबह से ही श्रद्धालु माता रानी की आराधना के लिए मंदिरों की ओर उमड़ पड़े। महानगर के सभी प्रमुख मंदिरों में भक्तों की भारी भीड़ रही, वहीं लालबाग स्थित प्राचीन श्री काली माता मंदिर पर तो श्रद्धालुओं का सैलाब उमड़ पड़ा। माता के जयकारों से पूरा वातावरण भक्तिमय और उत्साहपूर्ण नजर आया ।नवरात्रि के इस पावन अवसर पर शहर के मंदिरों को आकर्षक रूप से सजाया गया था। मंदिरों की शोभा बढ़ाने के लिए रंग-बिरंगे फूलों और बिजली की झिलमिलाती झालरों का विशेष इंतजाम किया गया था। भक्तजन बड़े ही श्रद्धाभाव से फूल, फल और प्रसाद लेकर माता दुर्गा के चरणों में अर्पित कर रहे थे।



सुबह से लेकर देर शाम तक मंदिरों के प्रांगण में भक्तों की लंबी कतारें लगी रहीं। महिलाएं, बच्चे और बुजुर्ग सभी माता रानी के दरबार में दर्शन लाभ पाने के लिए उत्साहपूर्वक खड़े नजर आए।मंदिरों में उमड़ी इस भारी भीड़ को देखते हुए प्रशासन भी पूरी तरह सतर्क रहा। किसी भी प्रकार की अव्यवस्था न हो इसके लिए पुलिस बल की तैनाती मंदिरों के चारों ओर की गई थी। वहीं सिविल डिफेंस के वालंटियर्स भी सक्रिय भूमिका निभाते हुए श्रद्धालुओं की कतारें व्यवस्थित कराने और सुरक्षा व्यवस्था को सुचारू रखने में जुटे रहे।लालबाग के प्राचीन काली माता मंदिर में सुबह से ही श्रद्धालुओं का तांता लगा रहा।

भक्तों ने माता रानी की आरती और विशेष पूजन में बढ़-चढ़कर भाग लिया। मंदिर परिसर में लगातार 'जय माता दी' के जयकारे गूंजते रहे, जिससे वातावरण पूरी तरह भक्तिमय हो उठा।महानवमी पर्व पर मुरादाबाद में आस्था का अद्भुत नजारा देखने को मिला, जहां माता रानी की आराधना के साथ भक्तों ने सुख-समृद्धि और परिवार की मंगलकामनाओं के लिए प्रार्थना की। नवरात्रि का यह पर्व श्रद्धालुओं की भक्ति और आस्था का साक्षी बनकर यादगार साबित हुआ।

# असहाय महिला व बच्चों को आर्थिक सहायता दी



**चन्दौसी/कुढफतेहगढ।** उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा चलाए जा रहे मिशन शक्ति के अंतर्गत बुधवार को कुढ़फतेहगढ पुलिस ने शहबाजपुर निवासी गरीब व असहाय महिला पुत्र व पुत्रवधू की मृत्यु के बाद बच्चों प्रियांशी, मीनाक्षी, मानसी व अनुपम को कपड़े व खाने पीने की सामग्री की समस्या की जानकारी मिलने पर रामनवमी के पावन अवसर पर मिशन शक्ति टीम द्वारा थाने पर बुलाकर बच्चों को नये कपड़े, मिष्ठान व आर्थिक मदद कर पुलिस ने सराहनीय कार्य किया जिससे क्षेत्र में पुलिस की प्रशंसा की जा रही है। मिशन शक्ति टीम में आर्थिक मदद के दौरान थाना प्रभारी निरीक्षक लोक. ेंकुमार त्यागी, उपनिरीक्षक ओमबीर सिह बालियान, राजाराम पाल सिंह, हेड कांस्टेबल प्रीती मौजूद रहे।

# रामबाग धाम के निकट कुश्ती व दंगल प्रतियोगिता का आयोजन

## कुंदरकी विधायक रामवीर सिंह ने किया पहलवानों का उत्साहवर्धन, टनाटन परिवार रहा दंगल का आयोजक

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चन्दौसी।** विकासखंड बनिया खेड़ा के गांव कैथल स्थित शहीद भगत सिंह अखाड़ा व टनाटन परिवार द्वारा चौधरी प्रेमशंकर की स्मृति में बुधवार को रामबाग धाम के सामने स्थित विशाल मैदान पर भव्य कुश्ती एवं दंगल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस आयोजन में आसपास के क्षेत्रों एवं दूर-दराज के पहलवानों ने अपनी दांव-पेंच की कला का प्रदर्शन किया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि कुंदरकी विधायक रामवीर सिंह ने किया। कार्यक्रम को संबोधित करते विधायक रामवीर सिंह ने कहा कि ग्रामीण स्तर पर इस प्रकार के आयोजन न केवल युवाओं को खेलों के प्रति प्रेरित करते हैं, बल्कि भारतीय संस्कृति और परंपरा को भी जीवित रखते हैं। उन्होंने खिलाडिघ्यों से आह्वान किया कि वह नशे से दूर रहकर खेलों में अपना भविष्य बनाएं और समाज में स्वस्थ्य और सकारात्मक ऊर्जा का संचार करें। साथ ही दंगल प्रतियोगिता में पूर्व एमएलसी परमेश्वरलाल सैनी व पूर्व भाजयुमो जिलाध्यक्ष डा. विशाल चौहान ने शामिल रहकर पहलवानों का उत्साहवर्धन किया। प्रतियोगिता में विभिन्न वर्गों की कुश्तियों का आयोजन किया गया, जिसमें छोटे बच्चों से लेकर बड़े पहलवानों तक ने दमखम दिखाया। पहलवानों के बीच हुई रोमांचक भिड़ंत को देखने के लिए आसपास के गांवों से भारी संख्या में दर्शक जुटे। दर्शकों ने पहलवानों का उत्साहवर्धन करते हुए खेल का भरपूर आनंद लिया। पंजाब से आए पहलवान बग्गा पहलवान, मुरादाबाद से आए पहलवान साहिल गूजर, नेपाल से थापा पहलवान आदि सहित स्थानीय पहलवानों ने भाग लिया।टनाटन परिवार की ओर से कुश्ती विजेता को 51 हजार रु. नकद पुरस्कार दिये जाने को घोषणा की। साथ ही अन्य पुरस्कार भी दिये गये। इस अवसर पर टनाटन परिवार की ओर से अंशुल टनाटन, प्रिया टनाटन, परी गुप्ता, सूर्या, राहुल गुप्ता, मो. निका, माधव आदि मौजूद रहे।









# पूजा शास्त्री ने रुक्मणी विवाह तथा सुदामा चरित का किया वर्णन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कुंदरकी।** क्षेत्र के ग्राम कुतु. बपुर अज्जू में कथा के समापन पर रुक्मणी विवाह का वर्णन किया उन्होंने बताया कि रुकमणी विदर्भ के राजा भीष्मक की पुत्री थी भीष्मक मगध के राजा जरासंध का जागीरदार था रुक्मणी को श्री कृष्ण से प्रेम हो गया और उनका विवाह करने को तैयारी की गई तथा उन्होंने सुदामा और श्रीकृष्ण की मित्रता का भी वर्णन किया कथा मे कुंदरकी विधायक ठाकुर रामवीर सिंह, कुन्दरकी थानाध्यक्ष जसपाल सिंह ग्वाल,मडंल महामंत्री ठाकुर अरविन्द कुमार पुडीर, सजय दिवाकर,अमर पाल सिंह, राजकुमार सिंह सतीश सिंह, राजू सिंह, रवि कुमार ,मनोज कुमार पुंडीर ,टिंकू सिंह, दिनेश सिंह,राजेश सिंह, किरन पाल सिंह, नीतू सिंह, प्रदीप कुमार, आकाश कुमार, संजय सिंह, सुभाष सिंह, सोहित कुमार,जितेंद्र कुमार, रामौतार सिंह, रंजीत सिंह, राहुल कुमार, हरिओम सिंह, अशोक कुमार, चमन सिंह, रमेश सिंह, जगराज सिंह, टीकमसिंह, प्रमोद कुमार,संजीव कुमार, नन्हे सिंह, पप्पू सिंह, विजय कुमार, वलजीत पुंडीर,अमित कुमार, सुनील, आदि उपस्थित रहे तथा कथा समापन पर कलाकरो को सम्मानित किया गया।



# छात्र-छात्राओं ने रामायण के कुछ अंश श्री राम लीला मंचन के द्वारा किए प्रस्तुत



**कुंदरकी।** श्री नरेंद्र भूषण स्कूल में दशहरे पर्व के अवसर पर छात्र-छात्राओं ने रामायण के कुछ अंश श्री राम लीला मंचन के द्वारा प्रस्तुत किए, तथा रावण के पुतले का दहन भी किया। इस अवसर पर छात्र-छात्राओं ने श्री रामलीला मंचन के दौरान श्री राम के बाल्य काल से लेकर रावण बध तक की रामलीला प्रस्तुत की, इसके पश्चात छात्र-छात्राओं द्वारा स्वयं बनाए गए रावण के पुतले का दहन किया गया, इस अवसर पर स्कूल के अध्यापक गण ने छात्र-छात्राओं को विजयदशमी पर्व के बारे में विस्तार पूर्वक बातया, इस अवसर पर स्कूल कोर्डिनेटर सोफिया हाफिज ने विजयदशमी परव के बारे में कहा कि विजयदशमी प्रमुख पर्व है, श्री राम के द्वारा रावण पर विजय का प्रतीक है, सत्य की असत्य पर विजय होती है संदेश देता है, दूसरी और मां दुर्गा द्वारा लगातार 9 दिन चले दोस्तों के संघार में इसी दिन महिसासुर रक्षा का वध किया था, इसी उपलक्ष में विजयदशमी का पर्व मनाया जाता है, इस अवसर पर अनीता शर्मा बुशरा सकलेन तौसीफ वारसी, गिलमा, आशना, राममूर्ति आदि ने श्री राम के बारे में विस्तार पूर्वक बताया।

# शिक्षकों के धरना स्थल पर नगर पालिका ने कराई फॉगिंग



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चन्दौसी।** प्रदेश के माध्यमिक विद्यालयों में कार्यरत शिक्षक अपनी मांगों को लेकर गांधी पार्क में बैठे हैं। इससे पहले वे राज्यमंत्री गुलाब देवी के यहां थे जहां से जिलाधिकारी के निर्देश पर उन्हें गांधी पार्क में धरना प्रदर्शन की व्यवस्था की गई। नगरपालिका द्वारा गुरुजनों के लिए टैंट कूलर आदि की व्यवस्था की गई है। बुधवार को सायं के समय अधिशासी अधिकारी धर्मराज राम द्वारा फॉगिंग कराई गई। फिलहाल अपनी स्थानांतरण मांग को लेकर बैठे शिक्षक नगरपालिका का धन्यवाद देते नजर आए।


**उत्तर रेलवे**

**निविदा सूचना**

नं. 75-W/2/3/WA/Publication दिनांक : 01.10.2025

भारत के राष्ट्रपति की ओर से प्रवर मण्डल अभियन्ता / III/ मुरादाबाद द्वारा ई टेन्डर निम्न टेन्डर संख्या के अन्तर्गत आमंत्रित किये जाते है। निविदा की कीमत तथा धरोहर राशि का भुगतान निविदा दाता द्वारा केवल IREPS पोर्टल पर उपलब्ध नेट बैंकिंग, डेबिट कार्ड, क्रेडिट कार्ड आदि के माध्यम से आनलाइन भुगतान करना होगा। डिमाण्ड ड्राफ्ट, बैंकर चेक, डिपाजिट रसीद आदि स्वीकार्य नहीं होंगे। टेन्डर से संबंधित अन्य जानकारी वेबसाइट www.ireps.gov.in पर देखें।

| टेन्डर संख्या दिनांक | 193-DRM-MB-25-26 DATE 01.10.2025 | 200-DRM-MB-25-26 DATE 01.10.2025 | 201-DRM-MB-25-26 DATE 01.10.2025 | 202-DRM-MB-25-26 DATE 01.10.2025 |
|---|---|---|---|---|
| कार्य का नाम | Upgradation/Modernisation of Infrastructure at Rampur Goods Shed. | Annual Repair of Bridge in the Section of SSE/W /RAC under ADEN/SPN | Annual Repair of Bridges in the Section of SSE/W/ SPN under ADEN/SPN | Misc. P.Way works in C/W track maintenance in the section of SSE/ P.way/ RAC under ADEN/SPN. |
| टेन्डर क्लोसिंग दिनांक/समय | 24.10.2025 at 16:00 Hrs | 24.10.2025 at 16:00 Hrs | 24.10.2025 at 16:00 Hrs | 24.10.2025 at 16:00 Hrs |
| अनुमानित लागत | 5,77,90,139.93 | 84,84,277.49 | 84,96,773.41 | 89,84,705.00 |
| धरोहर राशि | 4,39,000.00 | 1,69,700.00 | 1,69,900.00 | 1,79,700.00 |
| बिडिंग स्टार्ट तिथि | 10.10.2025 | 10.10.2025 | 10.10.2025 | 10.10.2025 |
| आफर की वैधता | 60 Days | 60 Days | 60 Days | 60 Days |
| कार्य पूर्ण करने की अवधि | 10 Months | 12 Months | 12 Months | 12 Months |

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ 3037/25



**शाह टाइम्स**

स्वामी शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **एस.एन. राना** द्वारा शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. सुजडू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं दीपक काम्पलैक्स, पारकर कॉलेज रोड, मुरादाबाद से प्रकाशित।

**सम्पादक**
**एस.एन. राना**
*कार्यकारी सम्पादक
**आनन्द बत्रा 'सुमन'**
☎ 0591-2313314
मुख्यालय:
मोबाइल-9720007290
R.N.I. No. UPHIN/2003/10263
www.shahtimesnews.com
email:shahtimes2015@gmail.com

*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।


# बाइक सवार दंपती को ट्रक ने मारी टक्कर महिला की मौत

**मूंढापांडे।** थाना क्षेत्र के नेशनल हाईवे दलपतपुर रजेड़ा नदी पुल पर तेज रफ्तार डंपर ने बाइक सवार दंपती को पीछे से टक्कर मार दी, टक्कर लगने से महिला रोड पर जा गिरी जिसके ऊपर से डंपर का पहिया उतर गया जिसकी कुचलकर मौके पर मौत हो गई, पुष्पेंद्र पुत्र खेंद्र सिंह निवासी मिलक शाहपुर थाना गढ़ी जिला संभल अपनी पत्नी आरती को स्पलेंडर बाइक नोएडा से अपनी ससुराल लाडपुर का मजरा थाना मिलक रामपुर जा रहा था। बुधवार की शाम के समय रजेड़ा नदी पुल पर पहुंचे ही थे कि पीछे से ट्रक ने टक्कर मार दी, बाइक पर पीछे बैठी आरती 27 वर्ष रोड पर गिर गई, जिसके ऊपर ट्रक का पहिया उतर गया जिसकी मौके पर ही मौत हो गई, मौके पर पहुंची पुलिस ने चालक और ट्रक को कब्जे में लेकर थाने पहुंचाया और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम हाउस भेज दिया।


**उत्तर रेलवे**

**ई-नीलामी**

वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक/कोचिंग, (ए.सी.ओ) उत्तर रेलवे मुरादाबाद मंडल के द्वारा वाणिज्य विज्ञापन, एटीएम, स्टाफ कैंटीन, कीओस्क, मेडिकल आउटलेट, स्लीपिंग पॉड्स एव रेल कोच रेस्टोरेंट के ठेके को संचालन एवं आवंटन हेतु ई-बोलियाँ website: www.ireps.gov.in पर दिनांक 17.10.2025 को आमंत्रित की गयी है, इनकी विस्तृत जानकारी, नियम व शर्तें www.ireps.gov.in पर उपलब्ध है।

कृते वरिष्ट मंडल वाणिज्य प्रबंधक/कोचिंग
उत्तर रेलवे, मुरादाबाद
3054/2025

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ



**उत्तर रेलवे**

**निविदा सूचना**

नं. 75-W/2/3/WA/Publication दिनांक : 01.10.2025

भारत के राष्ट्रपति की ओर से प्रवर मण्डल अभियन्ता / III/ मुरादाबाद द्वारा ई टेन्डर निम्न टेन्डर संख्या के अन्तर्गत आमंत्रित किये जाते है। निविदा की कीमत तथा धरोहर राशि का भुगतान निविदा दाता द्वारा केवल IREPS पोर्टल पर उपलब्ध नेट बैंकिंग, डेबिट कार्ड, क्रेडिट कार्ड आदि के माध्यम से आनलाइन भुगतान करना होगा। डिमाण्ड ड्राफ्ट, बैंकर चेक, डिपाजिट रसीद आदि स्वीकार्य नहीं होंगे। टेन्डर से संबंधित अन्य जानकारी वेबसाइट www.ireps.gov.in पर देखें।

| टेन्डर संख्या दिनांक | 187-DRM-MB-25-26 DATE 23.09.2025 | 188-DRM-MB-25-26 DATE 23.09.2025 | 189-DRM-MB-25-26 DATE 23.09.2025 | 190-DRM-MB-25-26 DATE 23.09.2025 |
|---|---|---|---|---|
| कार्य का नाम | Heavy repair of Kitchen and toilets of staff quarters at RAC in the Section of SSE/ W/RAC under ADEN/SPN | Heavy repair of corroded pipeline and providing water storage tanks at Shahjahanpur Railway Colony in the section of SSE/W/SPN under ADEN/SPN | Heavy repair to leaky roof in staff quarters in the section of SSE/W/ RAC under ADEN /SPN | Heavy repair of RCC roof over toilet & Bathroom in replacement of AC sheet roofing in staff quarter at RAC in the of SSE/W/ RAC under ADEN/SPN |
| टेन्डर क्लोसिंग दिनांक/समय | 24.10.2025 at 16:00 Hrs | 24.10.2025 at 16:00 Hrs | 24.10.2025 at 16:00 Hrs | 24.10.2025 at 16:00 Hrs |
| अनुमानित लागत | 84,90,418.49 | 69,96,558.34 | 69,87,479.23 | 79,96,901.25 |
| धरोहर राशि | 1,69,800.00 | 1,39,900.00 | 1,39,800.00 | 1,59,900.00 |
| बिडिंग स्टार्ट तिथि | 10.10.2025 | 10.10.2025 | 10.10.2025 | 10.10.2025 |
| आफर की वैधता | 60 Days | 60 Days | 60 Days | 60 Days |
| कार्य पूर्ण करने की अवधि | 08 Months | 08 Months | 08 Months | 08 Months |

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ 3042/25


## एक नजर

### बंगाली एसोसिएशन ने मनाई महानवमी

**मुरादाबाद।** सर्वोजनिन बंगाली एसोसिएशन मुरादाबाद के तत्वाधान में उत्तर रेलवे के मनोरंजन सदन में चल रही पांच दिवसीय श्री श्री दुर्गा पूजा में आज चौथे दिन महानवमी मनाई जिसमें प्रात: सभी उपवासी भक्तो ने माता रानी के दर्शन कर विधिवत पूजा अर्चना पुरोहित मोनो भाली चक्रवर्ती के सानिध्य में संपन्न की। तदुपरांत माता रानी का पसंदीदा प्रसाद महाआरती के बाद बूंदी फल का वितरित किया। पुष्पांजली देते हुए सब के भलाई के लिए प्रार्थना की। दोपहर में 89 किलो हवन सामग्री से हवन करा समिति के महासचिव अभिजीत राम ने बताया कि संस्था इस वर्ष 89वां दुर्गा पूजा मना रही है। इसलिये 89 किलो हवन सामग्री से हवन हो रहा है। सभी भक्तो ने हवन में आहुतियां देकर धर्म लाभ कमाया। खिचड़ी का भोग लगाया जिसमें खीर मुख्यत: रही साथ में पापड़ टमाटर की चटनी, मिक्स सब्जी मुख्यत: रही। शाम को धुनुधी नृत्य संग महाआरती की भक्ति गीतो पर सांस्कृतिक कार्यक्रम हुआ जिसपर भक्तो ने तालियां बजाकर नृत्य करके आनन्द उठाया। कार्यक्रम में सहयोगी रहे असित बनर्जी, सुदीप बनर्जी, आलोकेश बौस, अभिजीत राय, सौरभ चक्रवर्ती, अरूण भट्टाचार्य, सुजित मलिक, संदीप, सुकुमार घोष, अतुल जौहरी आदि मौजूद रहे।

### विश्व हिन्दू परिषद ने मनाया दुर्गा अष्टमी का कार्यक्रम

**बिलारी।** विश्व हिंदू परिषद के कार्यक्रम में महिलाओं ने सहभागिता की 22 सितंबर से 2 अक्टूबर तक चलाए जा रहे कार्यक्रम के अंतर्गत नगर के मानवता मंदिर में दुर्गा अष्टमी का कार्यक्रम मनाया गया। कार्यक्रम की मुख्य वक्ता राधा राघव ने बताया कि विश्व हिंदू परिषद द्वारा चलाए जा रहे कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य महिलाओं को शिक्षित व संस्कारवान बनाना है परिवार में यदि महिला संस्कारवान ,शिक्षित होगी तो वह आने वाली पीढ़ियों के लिए प्रेरणास्रा. ेत साबित होगी यदि किसी घर में महिला का अशिक्षित व संस्कारवान न होना पाया जाता है तो वह परिवार नष्ट हो जाते हैं और एक राष्ट्र के पुनर्निर्माण में बाधा पैदा होती है। उन्होंने ने यह भी बताया कि आज की महिलाओं को परिवार में शस्त्र व शास्त्रों में निपुण होना चाहिए। कार्यक्रम में रितु गर्ग, गीता चौधरी , आशा अवस्थी, गीता कोहली, पूजा शर्मा, दीपाली गुप्ता आदि ने संबोधित किया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से कामिनी शर्मा, किरण गर्ग, रानी चौधरी, अर्चना वैश्य, दीपिका गर्ग, रानी गुप्ता, प्राची गुप्ता, पूनम गुप्ता ,भूमिका सिंह, सियांशी सिंह, मधु गुप्ता ,राजकुमारी गुप्ता आदि महिलाओं ने सहभागिता की।

### अधिशासी अधिकारी ने किया सफाई कर्मियों को सम्मानित



कांठ (शाह टाइम्स)। अधिशासी अधिकारी रामेश्वर दयाल के नेतृत्व में नगर पंचायत कांठ में स्वच्छता ही सेवा 17 सितम्बर से 2 अक्टूबर तक चलने वाले अभियान को सफल बनाने में कार्यरत कर्मियों सफाई नायक एवं सफाई कर्मचारियों द्वारा उनके कार्य के प्रति लगन निष्ठा एवं उत्कृष्ट कार्य के लिए सम्मानित किया गया। मोहम्मद आलम एसबीएम प्रभारी द्वारा माला पहनाकर एवं कंप्यूटर ऑपरेटर नितिन कुमार एवं निशांत कुमार द्वारा तिलक लगाकर उनका सम्मान किया गया। इस अवसर पर समस्त कर्मचारी गण उपस्थित रहे।

### एएसपी ने किया दशहरा मेला स्थल का निरीक्षण



**कांठ ( शाह टाइम्स )** एएसपी ने पुलिस संग आज दशहरा स्थल का निरीक्षण किया और जरूरी दिशा निर्देश दिए बतादें कि आज 2 अक्टूबर गुरुवार को नगर के दशहरा स्थल पर वार्षिक मेले का आयोजन किया जाना है जिसकी तैयारी का जायजा लेने के लिए एएसपी मौके पर पहुंचे और वहां होने वाले कार्यक्रमों के बारे में जानकारी की रामलीला कमेटी के जिम्मेदार पदाधिकारी ने उन्हें वहां आयोजित होने वाले कार्यक्रमों के बारे में बताया उन्होंने कमेटी के लोगों को पूरी सुरक्षा के साथ दशहरा मेला संपन्न करने का भरोसा दिलाया और कहा कि निर्धारित मार्ग से ही होते हुए इस आयोजन को सफल करने में कमेटी के लोग भी सहयोग करें। इस अवसर पर थाना प्रभारी निरीक्षक सुदेशपाल सिंह सहित काफी पुलिस बल मौजूद रहा।

### नवरात्रि के पावन पर्व पर डांडिया उत्सव का आयोजन



**मुरादाबाद।** यंग एनर्जेटिक पॉजिटिव पीपल क्लब द्वारा नवरात्रि के पावन पर्व पर डांडिया उत्सव बहुत धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर क्लब की सदस्याओं ने धुनुची नृत्य का बहुत आनंद उठाया और एक दूसरे को नवरात्रि की शुभकामनाएं दीं।कार्यक्रम में नेहा मेहरोत्रा, संजना भटनागर, शालिनी, वीनू आहूजा, कविता, कीर्ति, राशि, शोभना, दीप्ति, चांदनी, अनामिका, अमृता, सोनिया, एकता, नीतू, मेघा, भावना, रविंदर, प्रियंका, मानसी, सिमरन, दीपाली, स्वाति, अपूर्वा, रूपम, स्नेहा आदि मौजूद रहीं। सभी ने मिलकर नवरात्रि के पावन पर्व को बहुत ही उत्साह और जोश के साथ मनाया।सभी सदस्याओं ने एक दूसरे को नवरात्रि की शुभकामनाएं दीं और इस पावन पर्व की महत्ता पर चर्चा की। क्लब की सदस्याओं ने इस अवसर पर अपनी खुशी और उत्साह का इजहार किया और भविष्य में भी इस तरह के आयोजनों को जारी रखने का संकल्प लिया।

### जन औषधि केंद्रों पर दवाइयो की आपूर्ति न होने से नाराज सीएमओ ने सप्लायर को भेजा नोटिस

**कांठ ( शाह टाइम्स संवाददाता )**। जिले के 13 सरकारी अस्पतालों में संचालित जनऔषधि केंद्रों पर दवाओं का अकाल पड़ने के मद्देनजर मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. कुलदीप सिंह की ओर से सप्लायर को नोटिस भेजा गया है। जिसमें इन सभी जनऔषधि केंद्रों पर दवाओं की तत्काल आपूर्ति करने के लिए निर्देशित किया है। दवाओं की आपूर्ति नहीं होने पर अगली आवश्यक कार्यवाही करने के लिए चेताया है।प्रधानमंत्री जनऔषधि योजना के अंतर्गत मुरादाबाद के तेरह सरकारी अस्पतालों में संचालित मेडिकल स्टोर्स पर जेनरिक दवाओं की आपूर्ति का ठेका प्रदेश के मऊ जिले में संचालित एजेंसी ने लिया है। एजेंसी की तरफ से लंबे समय से इन मेडिकल स्टोर्स पर दवाओं की आपूर्ति नहीं भेजी गई है जिसके चलते मरीज तमाम दवाएं नहीं मिलने से परेशान हो रहे हैं। जिला अस्पताल स्थित जनऔषधि केंद्र के फार्मासिस्ट शिशुपाल सिंह ने बताया कि मरीजों के लिए कई जरूरी दवाएं उपलब्ध नहीं होने पर चिकित्साधीक्षक डॉ. राजेंद्र कुमार की ओर से त्वरित संज्ञान लेकर सप्लायर द्वारा दवाओं की आपूर्ति नहीं करने की शिकायत की गई थी।जिसके बाद नोटिस की कार्यवाही की गई है।

# पड़ोसी की दीवार पर पोस्टर लगाने वाले आरोपी युवक को पुलिस ने किया गिरफ्तार

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** थाना पाकबड़ा क्षेत्र के गांव सब्जीपुर में देर रात धार्मिक नारे वाले पोस्टर लगाने और गाली-गलौज, मारपीट करने के मामले में पुलिस ने आरोपी युवक को गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष पेश कर दिया है। सब्जीपुर गांव के रहने वाले तालिब ने थाना पाकबड़ा में दी गई तहरीर में बताया कि मंगलवार की देर रात लगभग सवा एक बजे गांव का ही रहने वाला खुर्शीद का पुत्र सरवर आलम उनके घर की दीवार पर दरवाजे के पास आई लव मोहम्मद लिखा हुआ पोस्टर चिपका गया। इस पोस्टर के कोने पर आरोपी सरवर आलम की अपनी फोटो भी लगी हुई थी। तालिब के अनुसार जब उन्होंने इस हरकत का विरोध किया तो आरोपी सरवर ने उनके साथ अभद्रता की और गाली-गलौज करते हुए मारपीट पर उतर आया। शिकायत कर्ता तालिब का आरोप है कि सरवर आलम उनके घर के अंदर घुस आया और परिवार के सभी सदस्यों को जान से मारने की धमकी देने लगा। हंगामा बढ़ने पर गांव के लोग मौके पर जुटने लगे, जिसके बाद आरोपी वहां से भाग निकला। घटना की सूचना तत्काल पुलिस को दी गई।थानाध्यक्ष पाकबड़ा ने बताया कि मामले की गंभीरता को देखते हुए तत्काल मुकदमा दर्ज कर लिया गया।



पुलिस टीम ने दबिश देकर आरोपी सरवर आलम को गिरफ्तार कर लिया। बुधवार को उसे आवश्यक कार्रवाई के बाद न्यायालय के समक्ष पेश किया गया।

पुलिस अधिकारियों का कहना है कि कानून-व्यवस्था बिगाड़ने की किसी भी कोशिश को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

# तेज रफ्तार बाइक की टक्कर से युवक गंभीर रूप से घायल

**ठाकुरद्वारा।** सड़क पर रफ्तार की लापरवाही ने एक युवक की जिंदगी संकट में डाल दी। ग्राम गढ़वाला निवासी युवक को सामने से आ रही तेज रफ्तार बाइक ने जोरदार टक्कर मार दी, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। परिजनों ने पहले उसे काशीपुर और बाद में मुरादाबाद के निजी अस्पताल में भर्ती कराया, जहाँ उसका ऑपरेशन किया गया। घायल युवक की हालत अभी भी नाजुक बनी हुई है। कोतवाली क्षेत्र के ग्राम गढ़वाला निवासी सुन्दर सिंह पुत्र डालचन्द्र 17 सितम्बर की शाम अपनी बजाज सीटी मोटरसाइकिल से ठाकुरद्वारा से घर लौट रहा था। जैसे ही वह ग्राम गढ़वाला में सुनील कुमार के खेत के पास पहुँचा, सामने से आ रही स्पलेंडर प्लस बाइक ने उसकी मोटरसाइकिल को जोरदार टक्कर मार दी। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, स्पलेंडर बाइक को नन्हूवाला निवासी अंकित यादव पुत्र समरपाल यादव चला रहा था। हादसे के बाद आरोपी युवक अपनी बाइक समेत मौके से फरार हो गया। दुर्घटना में सुन्दर सिंह गंभीर रूप से घायल हो गया। खेतों में काम कर रही महिलाओं ने परिजनों को दी परिजन आनन-फानन में घायल को लेकर पहले काशीपुर के अस्पताल पहुँचे। वहाँ दो दिन इलाज के बाद भी सुधार न होने पर डॉक्टरों ने उसे मुरादाबाद के निजी अस्पताल में भर्ती कराया। लेकिन उसकी हालत अभी भी गंभीर बनी हुई है। घटना से आक्रोशित घायल युवक के पिता डालचन्द्र ने कोतवाली पुलिस को तहरीर देकर आरोपी बाइक चालक के विरुद्ध सख्त कानूनी कार्रवाई की मांग की है। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है और आरोपी चालक की तलाश में जुट गई है।

## ससुराल पक्ष पर गाली-गलौज और मारपीट का आरोप

**चन्दौसी/कुढफतेहगढ।** थाना कुढ़फतेहगढ़ क्षेत्र के ग्राम रहोली निवासी सोनू सागर पुत्र नरेशपाल ने पुलिस अधीक्षक को प्रार्थना पत्र देकर ससुराल पक्ष पर गाली-गलौज और मारपीट का आरोप लगाया है। सोनू सागर के अनुसार, 22 सितम्बर को उसका अपनी पत्नी से किसी बात को लेकर कहासुनी हो गई थी। आरोप है कि इसके अगले दिन, यानी 23 सितम्बर को, उसकी पत्नी के मायके पक्ष के लोग चन्दौसी निवासी उसका साला और ससुर उसके घर पहुंचे और वहां आकर उससे गाली-गलौज एवं मारपीट की। पीडित ने आरोप लगाया कि विवाद बढ़ने के कारण उसे और उसके परिवार को अपमानजनक स्थिति का सामना करना पड़ा। पुलिस अधीक्षक से न्याय की गुहार लगाते हुए उचित कार्रवाई की मांग की है।

# समाजसेवी शरीफुद्दीन पाशा के निधन से क्षेत्र में शोक की लहर





**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बिलारी।** नगर के डाक बंगले के निकट स्थित सपा कैम्प कार्यालय एम0आई0 हाउस पर कुन्दरकी के वरिष्ठ समाजसेवी बाबू शरीफुददीन पाशा के निधन पर शोक सभा आयोजित कर श्रद्धांजलि अर्पित की गई।

श्रद्धांजलि सभा में बोलते हुए कार्यालय प्रभारी प्रशान्त गुप्ता ने बताया कि तालीम को बढ़ावा देने के लिए जीवन का मकसद बनाकर 1989 में कुन्दरकी पब्लिक स्कूल की स्थापना करने वाले बाबू शरीफुददीन पाशा का निधन होने से हमने एक अनमोल रत्न खो दिया है। कहा कि सन 1995 से 2000 तक चकफाजलपुर के प्रधान पद पर रहे। इसके अलावा सन 2002 में वह बसपा से विधानसभा प्रत्याशी रहे। 2005 में आरएलडी के जिलाध्यक्ष रहे। 2014 में आपने शिक्षा के स्तर को उच्च करने के लिए आईटीएम डिग्री कॉलेज की स्थापना की। जिला सचिव कसीम आजाद ने कहा कि बाबू शरीफुददीन पाशा उूर्द अदब के बेहतरीन शायर थे। तुर्क कबायल फ्रंट के संस्थापक सदस्य भी रहे। उन्होंने अपने दामाद एवं बिलारी विधानसभा से विधायक हाजी मौहम्मद फहीम इरफान को तीन बार विधायक बनवाने में अपना अहम योगदान दिया। डीएम अमित घोष द्वारा उन्हें पर्यावरण विद का खिताब दिया गया। इसके अलावा डीएम वीएन गर्ग द्वारा साक्षरता अभियान में जिला संयोजक भी बनाया गया। उ0प्र0 ईंट विक्रेता समिति के प्रदेश अध्यक्ष भी रहे। इस दौरान उन्होंने रहती जिन्दगी में खिदमते खल्क कर गरीबों की मदद की। इस दौरान मुख्य रूप से जिला सचिव कसीम आजाद, प्रदेश उपाध्यक्ष सौरभ यादव, नगराध्यक्ष शाहनावाज आलम शानू, विश्वजीत सिंह उर्फ चीकू यादव, उसमान अली, अमरपाल यादव, शिशुपाल यादव आदि मौजूद रहे।

# स्थानांतरण को लेकर शिक्षकों का गांधी पार्क में धरना

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चन्दौसी।** माध्यमिक विद्यालयों के शिक्षकों ने ऑफलाइन स्थानांतरण की मांग को लेकर धरना प्रदर्शन शुरू किया। प्रारंभिक छह दिनों तक शिक्षक माध्यमिक शिक्षा राज्यमंत्री गुलाब देवी के आवास पर डटे रहे लेकिन समाधान न मिलने पर मामला और गंभीर हो गया। छठे दिन जिलाधिकारी डॉ. राजेंद्र पैंसिया, पुलिस अधीक्षक के.के. बिश्नोई और तहसीलदार रवि सोनकर पुलिस बल के साथ राज्यमंत्री आवास पहुंचे। वार्ता के उपरांत शिक्षकों का धरना स्थल बदलकर गांधी पार्क में स्थानांतरित कर दिया गया। इस दौरान धरने पर बैठे शिक्षक शिवेन्द्र की हालत बिगड़ गई। उन्होंने मीडिया से कहा कि वह अपने हक की लड़ाई जारी रखेंगे। शिवेन्द्र का कहना है कि शासनादेश के आधार पर ही



स्थानांतरण की मांग की जा रही है और प्रक्रिया पूरी करने के बाद भी फाइलें लंबित हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि राज्यमंत्री ने सात दिन में प्रक्रिया पूर्ण होने का आश्वासन दिया था, लेकिन उस पर अमल नहीं हुआ। शिवेन्द्र ने कहा कि निलंबन से वह परेशान हैं और चाहते हैं कि राज्यमंत्री शीघ्र ही स्थानांतरण सूची जारी कर शिक्षकों की समस्या का समाधान करें। धरने को समर्थन देने मेरठ से पहुंचे उ.प्र. माध्यमिक शिक्षक संघ (ठकुराई गुट) के पदाधिकारी भी मौजूद रहे। इनमें प्रांतीय महामंत्री लालमणि त्रिपाठी, प्रांतीय मंत्री अरुणलाल पाण्डेय, मंडलीय मंत्री विजेन्द्र धामी समेत बड़ी संख्या में शिक्षक-शिक्षिकाएं शामिल हुए। फिलहाल शिक्षक गांधी पार्क में डटे हुए हैं और अपने नेताओं के साथ आंदोलन की अगली रणनीति तैयार कर रहे हैं।

# हार्वड कॉन्वेंट स्कूल में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी, लाल बहादुर शास्त्री और दशहरा पर्व पर बच्चों ने दी सुंदर प्रस्तुति

**कांठ (शाह टाइम्स)।** हॉवर्ड कॉन्वेंट स्कूल गढ़ी में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी एवं भारत के द्वितीय प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की जयंती के साथ दशहरा पर्व भी बड़े हर्षोल्लास के साथ मनाया गया।

कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय प्रबंधक दीपेश सिंह एवं प्रधानाचार्या रेनू बिश्नोई द्वारा राष्ट्रपिता महात्मा गांधी एवं लाल बहादुर शास्त्री के चित्र पर पुष्प अर्पित करते हुए किया गया। छात्र-छात्राओं द्वारा विभिन्न प्रकार के सांस्कृतिक कार्यक्रमों के अंतर्गत देशभक्ति गीत एवं सत्य और अहिंसा का पाठ सिखाती लघु नाटिकाओं का आयोजन किया गया। दशहरा पर्व के अंतर्गत रावण दहन की सुंदर झांकी की भी प्रस्तुति दी गई। प्रधानाचार्या रेनू बिश्नोई ने अपने विचार प्रस्तुत करते हुए कहा कि राष्ट्रपिता महात्मा गांधी सत्य और अहिंसा के पथ निर्माता ही नहीं बल्कि सच्चे पथ प्रदर्शक भी थे। इसलिए हमें सत्य और अहिंसा का पथ अपना कर अपने देश की सेवा के लिए हमेशा क्रियान्वयन रहना चाहिए। लाल बहादुर शास्त्री के जीवन चरित्र पर प्रकाश डालते हुए कहा कि हमें गरीबी कठिनाइयों और संघर्षों से कभी घबराना नहीं चाहिए और कड़ी मेहनत लगन और कर्तव्य निष्ठा से अपने लक्ष्य पर अग्रसर रहना चाहिए। दशहरा पर्व पर प्रकाश डालते हुए बताया कि हम बुराइयों को हमेशा अच्छाइयों से जीत सकते हैं इसलिए हमें अहंकार एवं बुरे कर्मों को त्याग कर सत्कर्मों की ओर अग्रसर रहना चाहिए ताकि हम पुरुषोत्तम राम आदर्श अनुयाई बन सके।



प्रबंधक दीपेश सिंह एवं प्रधानाचार्या रेनू बिश्नोई ने सभी को दशहरा पर्व की हार्दिक शुभकामनाएं भी प्रदान की। इस अवसर पर विद्यालय के समस्त शिक्षक गण उपस्थित रहे।

## आवासीय वृद्धाश्रम में अंतर्राष्ट्रीय वृद्धजन दिवस हर्षोल्लास से मनाया

**चन्दौसी।** आवासीय वृद्धाश्रम चन्दौसी में अंतर्राष्ट्रीय वृद्धजन दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। कार्यक्रम का संचालन सुलह अधिकारी मनोज कठेहरिया द्वारा किया गया। सर्वप्रथम माता सरस्वती की प्रतिमा के समक्ष दीप जलाकर, पुष्प अर्पित एवं माल्यार्पण कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया।

इस मौके पर सामुदायिक स्वास्थ्य विभाग के धारा स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि मुख्य विकास अधिकारी गोरखनाथ भट्ट एवं उनके पिताजी तथा नगरपालिका अध्यक्षा लता वार्ष्णेय, जिला समाज कल्याण अधिकारी तिनेज कुमार, बाल कल्याण समिति सदस्य नूतन चौधरी, सभासद नवकांत शर्मा, एडीओ शिवनंदन शर्मा आदि, आश्रम में कार्यरत अनिल, रुबी पटेल, प्रीति, रेखा, शैलेश आदि मौजूद रहे।

# मिट्टी का अवैध खनन बड़े पैमाने पर, प्रशासन मौन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**ठाकुरद्वारा।** उपजाऊ खेतों और नदियो का सीना चीर कर मिटटी व रेत का अवैध खनन कारोबारी पुलिस प्रशासन की सह पर अवैध खनन का खेल खेल रहे है। लेकिन स्थानीय प्रशासन इससे अंजान बना है। बतादें कि क्षेत्र के शरीफ नगर, मुनीमपुर और शहवाजपुर गांवों में अवैध खनन का धंधा खुलेआम फल-फूल रहा है। खनन माफिया निडरता के साथ पुलिस और प्रशासन की मिलीभगत से दिन-रात मिट्टी का अवैध दोहन कर रहे हैं। कानून-व्यवस्था को ताक पर रखकर यह कारोबार हर रोज तड़के 3 बजे से लेकर सुबह 8 बजे तक धड़ल्ले से चलाया जा रहा है। ग्रामीणों के अनुसार, इन गांवों में ट्रैक्टर-ट्रॉली से उपजाऊ खेतों का सीना चीर कर मिट्टी की अवैध खनन बिना किसी खौफ के सड़कों पर बेरोकटोक ढोया जा रहा है। स्थिति यह है कि उपजाऊ कृषि भूमि को उजाड़ बनजर में खनन कारोबारी तब्दील कर है। प्रशासन की चुप्पी और पुलिस की संदिग्ध भूमिका पर सवाल खड़े हैं। स्थानीय सूत्रों की मानें



तो अवैध खनन से जुड़े इन कारोबारियों को स्थानीय पुलिस का संरक्षण प्राप्त है। न तो इन पर कोई कार्रवाई हो रही है, और न ही किसी तरह की जांच की गई है। ट्रैक्टरों की आवाजाही और भारी भरकम मशीनों की आवाजें हर सुबह इन गांवों में आम हो गई हैं, लेकिन संबंधित विभाग आंख मूंदे बैठा है। यह अवैध गतिविधि सिर्फ पर्यावरण को ही नहीं, बल्कि ग्रामीणों की आजीविका पर भी गहरा असर डाल रही है। उपजाऊ जमीन की ऊपरी परत हटने से खेती योग्य भूमि बंजर होती जा रही है। भूजल स्तर भी प्रभावित हो रहा है, जिससे आने वाले समय में पीने के पानी की गंभीर समस्या उत्पन्न हो सकती है। प्रशासनिक अधिकारियों की चुप्पी यह संकेत दे रही है कि या तो उन्हें इस गैरकानूनी कार्य की जानकारी नहीं है, जो कि एक गंभीर लापरवाही है, या फिर वे जानबूझकर आंख मूंदे हुए हैं, जो मिलीभगत का संकेत देता है। ग्रामीणों ने अविलंब इस अवैध खनन पर रोक लगाने की मांग की है।

उनका कहना है कि यदि प्रशासन ने समय रहते कार्रवाई नहीं की, तो वे आंदोलन करने को बाध्य होंगे। यह अत्यंत चिंताजनक स्थिति है जिसमें न सिर्फ कानून का उल्लंघन हो रहा है, बल्कि प्राकृतिक संसाधनों की खुली लूट हो रही है। जिलाधिकारी और खनन विभाग को इस मामले का संज्ञान लेकर दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करनी चाहिए, ताकि भविष्य में इस प्रकार की अवैध गतिविधियों पर अंकुश लगाया जा सके। उप जिलाधिकारी प्रीति सिंह ने बताया कि अगर बिना अनुमति तबीयत खनन किया जा रहा है दिन के खिलाफ कार्रवाई कराई जाएगी हल्का लेखपालों को निर्देशित किया है कि वह इसकी जांच कर रिपोर्ट दे। ताकि खनन मक्खियों के खिलाफ कार्रवाई की जा सके।

# महिलाओं को बताए उनके अधिकार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चन्दौसी/कुढ़फतेहगढ़।** मिशन शक्ति फेस-5.0/एंटी रोमियो अभियान के अंतर्गत थाना कुढ़फतेहगढ पुलिस द्वारा गांव बहारनपुर थाना में जागरूकता कार्यक्रम के दौरान महिलाओं व छात्राओं को उनके अधिकारों, समाज में उनकी भूमिका को सशक्त बनाने के लिए उन्हें शिक्षा का अधिकार, बाल विवाह निषेध व बाल श्रम अपराध, लैंगिक समानता के बारे में जागरूक किया गया और उन्हें समझाया गया कि प्रदेश सरकार द्वारा शुरू की गई इस पहल का उद्देश्य न केवल महिलाओं को उनकी सुरक्षा, सम्मान व स्वास्थ्य बारे में जागरूक करना है, बल्कि उन्हे सशक्त बनाकर समाज में सकारात्मक बदलाव भी लाना है। कार्यक्रम में उपस्थित सभी महिलाओं को




महिला हेल्पलाइन नंबर 181, वूमेन पावर लाइन नंबर 1090, मुख्यमन्त्री हेल्पलाइन 1076, आपातकालीन नंबर 112, स्वास्थ्य सेवा नंबर 102, एंबुलेंस नंबर 108, चाइल्ड हेल्पलाइन नंबर 1098, साइबर हेल्पलाइन नंबर 1930, के सम्बन्ध में जानकारियां दीं गईं। कार्यक्रम में मिशन शक्ति प्रभारी उपनिरीक्षक ओमवीर सिंह बालियान, महिला हेड कांस्टेबल प्रीति ने महिलाओं को जागरूक किया।

# मंडल रेल प्रबंधक ने अधिकारियों और कर्मचारियों को दिलाई स्वच्छता की शपथ






**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** मंडल रेल प्रबंधक संग्रह मौर्य के द्वारा सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों को मंडल कार्यालय के प्रांगण में स्वच्छता की शपथ दिलाकर स्वच्छता पखवाड़ा -2025 अभियान का शुभारम्भ किया गया।1 अक्टूबर से 15 अक्टूबर तक मंडल में स्वच्छता पखवाड़ा-2025 का आयोजन किया जायेगा।इसी कड़ी में मंडल के सभी प्रमुख स्टेशनों पर बुधवार को स्वच्छता पखवाड़ा -2025 अभियान के अंतर्गत स्वच्छता की शपथ ली गयी।

इस अभियान के अंतर्गत प्रात: रेलवे सुरक्षा बल द्वारा मंडल कार्यालय से रेलवे कालौनी तक प्रभात फेरी का आयोजन भी किया गया।बता दें कि बुधवार को मंडल रेल प्रबंधक संग्रह मौर्य द्वारा सभी अधिकारीगणों एवं कर्मचारियों को मंडल कार्यालय के प्रांगण में स्वच्छता की शपथ दिलाकर स्वच्छता पखवाड़ा -2025 अभियान का शुभारम्भ किया गया।

मंडल में आज दिनांक 1 अक्टूबर से 15 अक्टूबर तक स्वच्छता पखवाड़ा-2025 का आयोजन किया जायेगा।मुरादाबाद रेलवे मंडल के हापुड़ , कुन्दरकी, माधोगंज, नैमिषारण्य, बेनीगंज, रामकोट, मिश्रिख तीर्थ, सफीपुर, चंदौसी, देहरादून, रूड़की, लक्सर, महौली, शाहजहांपुर, बरेली, हरदोई, योग नगरी ऋषिकेश, देहरादून, रामपुर, हरिद्वार, नजीबाबाद, अमरोहा एवं मुरादाबाद सहित सभी प्रमुख स्टेशनों पर स्वच्छता की शपथ ली गयी। सभी प्रमुख स्टेशनों पर स्वच्छता पखवाड़ा -2025 अभियान के अंतर्गत व्यापक रूप से स्वच्छता अभियान भी संचालित किया गया।

साथ ही मंडल के अनेक स्टेशनों पर स्वच्छता जागरूकता रैली भी निकाली गयी।

# बेसमेंट में संचालित मिला अस्पताल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चन्दौसी/कुढ़फतेहगढ़।** थाना कुढ़फतेहगढ़ क्षेत्र में संयुक्त टीम द्वारा अपंजीकृत चिकित्सकों के खिलाफ छापामारी की गई जिसमें बिचौटा चौराहा स्थित रोड किनारे बनी दुकानों के नीचे बने बेसमेंट में संचालित अस्पताल पर स्वास्थ्य विभाग, तहसील प्रशासन और पुलिस ने एक साथ छापा मारा। अस्पताल संचालक टीम को देखते ही मौके से भाग गया। टीम ने बेसमेंट में चल रहा ऋषि यादव के अस्पताल पर ताला लगाकर सील कर दिया, वहीं दूसरी ओर इसी चौराहे पर सुथांसु नाम से चल रहे मेडिकल के बराबर में क्लीनिक प्रतीत हो रहे कमरे का सटर गिराकर सील लगा दी गई।



उसके बाद अन्य चिकित्सकों के क्लीनिकों पर भी टीम गई परन्तु अन्य अपंजीकृत चिकित्सकों के क्लीनिक बंद मिले। टीम में डा. मनोज कुमार, तहसीलदार सतेन्द्र कुमार, लेखपाल संजीव कुमार सिंह, चौकी इंचार्ज विजेंद्र कुमार, अजय कुमार, उपनिरीक्षक ओमवीर सिंह बालियान, कांस्टेबल उमाकांत, रिजवान, प्रीति शामिल रहे।

नोडल अधिकारी डा. मनोज कुमार ने बताया कि बिचौटा चौराहे पर बेसमेंट में संचालित एक अस्पताल मिला है। चिकित्सक ऋषि यादव मौके से भाग गया है।

वहीं दूसरी तरफ मेडिकल के बराबर में क्लीनिक प्रतीत हो रहे कमरे का सटर लगाकर बंद कर दिया गया है। दोनों में जांच की जायेगी जांच के बाद अग्रिम कार्रवाई की जायेगी।

# किरतपुर में सट्टे का कारोबार चरम सीमा पर, माहौल खराब

## पुलिस सटोरियों को पकड़ने में नहीं ले रही दिलचस्पी

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** किरतपुर में सट्टे का कारोबार चरम सीमा पर चल रहा है। लेकिन पुलिस सटोरियों को पकड़ने में कोई दिलचस्पी नहीं ले रही है। गंभीर बात यह है कि पुलिस चाहती है कि उसकी बदनामी न हो और समाचार पत्रों में सच्ची खबरें भी न छपें।

गौरतलब है कि किरतपुर नगर में पूर्व से ही कई तरह के अवैध काम होते आ रहे हैं। यहां पर नशे का कारोबार बड़े पैमाने पर हो रहा है। नशेड़ियों की संख्या दिन पर दिन बढ़ रही है। कब्रिस्तानों व सुनसान जगहों पर नशेड़ियों को इंजेक्शन लगाते हुए व सुंघने वाला नशा करते हुए देखा जा सकता है। नशेड़ी हर वक्त एकांत स्थान की तलाश में रहते है। इनके द्वारा मादक पदार्थ व अन्य नशीली सामग्रियों को खरीदने के लिए चोरियां भी की जाती है। पहले यह अपने घरों से नकदी व सामान ठिकाने लगाते है और उसके बाद इनके द्वारा बाहर हाथ मारा जाता है।

इसी तरह नगर में जुए व सट्टे का कारोबार भी खुल कर हो रहा है। जुआरियों की वजह से नगर का माहौल खराब हो रहा है। पुलिस जुआ व सट्टा खेलने वालों को नहीं पकड़ती है। जबकि सबसे पहले उन्हें पकड़ा जाना चाहिए, जो सट्टा खिलाने का काम करते है। नगर की सभ्रांत जनता इन अवैध कारोबारों से परेशान है।



**पुतला दहन की तैयारी।** बिजनौर के रामलीला ग्राउंड में कल (आज) होने वाले पुतला दहन के लिए रावण का पुतला तैयार किया जा रहा है। कई कारीगर पुतला तैयार कर रहे है।

## एक नजर

### नगीना से युवक लापता



**बिजनौर।** नगीना के मौहल्ला फ्रेंड्स कॉलोनी निवासी अष्टमी ने थाने में शिकायत देकर कहा कि उसका 26 वर्षीय पुत्र शिवम 30 सितम्बर की देर सायं से लापता है। परिजनों ने सभी संभावित स्थानों पर उसे तलाशा, लेकिन उसका कहीं पता नहीं लगा। युवक के लापता होने से उसके परिजन परेशान हैं।

### कोतवाली देहात में जोगेन्द्र अरेस्ट

**बिजनौर।** थाना कोतवाली देहात के ग्राम मुजफ्फराबाद निवासी कृष्णदत्त पुत्र घसीटा सिंह ने थाने में तहरीर दी थी कि ग्राम निवासी जोगेन्द्र व योगेन्द्र पुत्रगण विशन सिंह ने वादी व उसकी पत्नी के साथ गाली-गलौच करते हुए मारपीट की। पुलिस ने जोगेन्द्र को गिरफ्तार कर लिया है।

### बरूकी का नीरज गिरफ्तार

**बिजनौर।** थाना कोतवाली देहात में ग्राम सिकैड़ा निवासी दीप पुत्र विजयपाल ने तहरीर दी थी कि अज्ञात व्यक्ति द्वारा उसकी साइकिल चोरी कर ली गई है। पुलिस ने ग्राम बरूकी निवासी नीरज कुमार पुत्र सत्ते कश्यप को गिरफ्तार कर लिया है।

### जनपद में 10.16 लाख रुपये बरामद

**बिजनौर।** महा सितम्बर में बिजनौर पुलिस के साइबर सेल द्वारा चलाए गए अभियान में दस व्यक्तियों के साथ हुई ऑन लाइन धोखाधड़ी में 10.16 लाख रुपए बरामद किए गए। थाना कोतवाली शहर, चांदपुर, नजीबाबाद, नहटौर, हीमपुर दीपा व मंडावर में ऑन लाइन ठगी के मामले सामने आए थे।

### रामलीला में सुग्रीव संवाद का मंचन




**बिजनौर।** श्री रामलीला सेवा समिति द्वारा रात की रामलीला का शुभारंभ दिल्ली से आए कलाकार सत्येंद्र विश्वकर्मा और उनकी टीम द्वारा किया गया। सर्वप्रथम गणेश वंदना तथा राम स्तुति की गई। सुग्रीव संवाद का मंचन किया गया। जब सुग्रीव अपने किए हुए वादे भूल जाता है, तो श्री राम क्रोधित होते हैं तथा हनुमान से कहते है कि सुग्रीव अपने किए हुए वादे भूल गया तथा शिखर जाओ और उसे अपने सारे वादे याद कराओ। तब हनुमान सुग्रीव के पास जाते है और उसे कहते है कि आपने राम जी से जो युद्ध में तथा सीता को खोजने की लिए वादा किया था आप उसे भूल गए हैं। हनुमान आपका यह काम याद दिलाने का उपकार मैं कैसे उतारू। तब सुग्रीव राम की शरण में जाता है तथा उनसे माफी मांगता है। फिर राम से मिलकर सीता को खोजने में राम का सहयोग करता है। तत्पश्चात श्री राम की आरती होती है। आरती में अचल अग्रवाल, संजय अग्रवाल, राहुल शर्मा, संदीप कौशिक, बंटी, कपिल चौधरी, संदीप चौधरी, सोनू, विनय अग्रवाल, वरुण भोलू ने भगवान राम की आरती की।

### करंट की चपेट में आकर पशु की मौत

**नजीबाबाद।** मकान के पिलर में विद्युत करंट की चपेट में आकर एक बैल की मौत हो गई। जबकि दूसरा बैल व युवक दुर्घटना का शिकार होने से बाल-बाल बच गए। नजीबाबाद के कस्बा साहनपुर के मौहल्ला सानियान निवासी अबूसेमा पुत्र नफीस अहमद मंगलवार को अपने दो बैल घर से कहीं ले जा रहा था। इसी दौरान जैसे ही वह घर से कुछ दूर चला तो रास्ते में एक मकान के पिलर में विद्युत करंट दौड़ रहा था। जिसकी चपेट में आकर एक बैल की मौत हो गई। जबकि दूसरा बैल व युवक बाल-बाल बच गए। मौके पर ग्रामीणों नफीस अहमद, लड्डन, इश्तियाक अहमद, मुमताज अहमद ने विद्युत विभाग के खिलाफ जमकर हंगामा किया।

## विवेक कॉलेज ऑफ आयुर्वेदिक साइंसेस एंड हॉस्पिटल में रक्तदान शिविर आयोजित

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** एस.के.एस. ब्लड बैंक के संयुक्त तत्वावधान में विवेक कॉलेज ऑफ आयुर्वेदिक साइंसेस एण्ड हॉस्पिटल में रक्तदान शिविर का आयोजन किया।

इस दौरान स्टॉफ व विद्यार्थियों ने मिलकर लगभग 32 यूनिट रक्तदान किया। कार्यक्रम का शुभारंभ महाविद्यालय के चेयरमैन अमित गोयल, सचिव दीपक मित्तल, कोषाध्यक्ष धर्मेन्द्र अग्रवाल एवं कॉलेज प्राचार्य डॉ. देवाशीष पाणिग्रही ने फीता काटकर किया। सभी ने मिलकर करीब 32 यूनिट रक्तदान किया। चेयरमैन अमित गोयल के अनुसार युवाओं से समाज में रक्तदान को लेकर फैली भ्रांतियों को दूर करने का आह्वान किया।




प्राचार्य डॉ. पाणिग्रही ने कहा कि 'रक्तदान महादान है, यह न केवल दूसरों के जीवन को बचाता है, बल्कि दाता के स्वास्थ्य के लिए भी लाभकारी है'। डॉ. संतोष ने बताया कि रक्तदान करने से दिल की हालत में सुधार, वजन नियंत्रण और बेहतर सेहत जैसे कई लाभ मिलते है। रक्तदान रक्तदाता के शरीर और मन दोनों पर बहुत अच्छा प्रभाव डालता है। कार्यक्रम का संचालन डॉ. शावेज अंसारी व डॉ. बालेश ने किया। इस दौरान आयुर्वेदिक कॉलेज ने सभी चिकित्सकों एवं एस.के.एस. ब्लड बैंक को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया।

# सीएम की आपत्तिजनक फोटो वायरल

## पुलिस ने किया मुकदमा दर्ज, आरोपी युवक गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रेहड़।** थाना क्षेत्र में उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का आपत्तिजनक फोटो वायरल करने की एक और घटना सामने आई है। पुलिस ने आरोपी के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर उसको गिरफ्तार कर लिया है।

थाना क्षेत्र के गांव नारायणवाला निवासी दीपेंद्र पुत्र बेगराज सिंह के नेतृत्व में अरविंद कुमार, धर्मेश, गीतेश, अवनीश, मयंक आदि आरएसएस कार्यकर्ता इस मामले की शिकायत लेकर थाने पहुंचे। दीपेंद्र कुमार पुत्र बेगराज सिंह ने थानाध्यक्ष को दी तहरीर में बताया कि गांव नारायणवाला निवासी अय्यान पुत्र स्वर्गीय अफाक के द्वारा उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी के फोटो के साथ छेड़छाड़ कर उसको सोशल मीडिया पर वायरल किया गया है। मुख्यमंत्री की आपत्तिजनक फोटो वायरल होने से हिंदू समाज की भावनाओं को ठेस पहुंची है। दीपेंद्र कुमार ने शिकायत के साथ ही पुलिस को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के आपत्तिजनक फोटो का स्क्रीनशॉट भी दिया और बताया कि उन्होंने इस संबंध में आईजीआरएस पर भी शिकायत दर्ज कराई है।




थानाध्यक्ष विकास कुमार ने बताया कि आरोपी अय्यान पुत्र स्व. अफाक निवासी ग्राम नारायणवाला के खिलाफ आईटी एक्ट व बीएनएस की धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया गया है।

उधर मुखबिर की सूचना पर इस मामले की विवेचक निरीक्षक शर्मीला शर्मा, आरक्षी राजन व रविंद्र राणा ने आरोपी अय्यान को कल्लूवाला सेंटर चौराहा से गिरफ्तार कर उसका चालान कर दिया है।

## सीसीटीवी कैमरों को लेकर थानाध्यक्ष ने दी व्यापारियों को विशेष हिदायतें

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नगीना।** नवागत थानाध्यक्ष ने सुरक्षा व्यवस्था के मद्देनजर सभी सर्राफा व्यापारियों से अपील करते हुए कहा कि व्यापारी अपनी-अपनी दुकान/ शोरूम का सीसीटीवी कैमरा 24 घंटे चलने दें और उसको बंद न करें।

उन्होंने कहा कि सुरक्षा के दृष्टिगत सभी व्यापारी सीसीटीवी कैमरा लगवा लें और दुकान के बाहर भी कैमरा लगा होना चाहिए, जिसका फोकस गली के दोनों तरफ दिखाई दे। जिससे गली में दोनों तरफ आने जाने वाला व्यक्ति दिखाई दे। सीसीटीवी कैमरे का कनेक्शन इनवर्टर से रखें और ऑनलाइन अपने मोबाइल से जोड़ कर रखें। जिसको रात में बीच-बीच में जब भी आप नींद से उठे, तो उसको एक बार कृपया चेक जरूर कर लें।

थाना अध्यक्ष ने कहा कि अगर आपको रात्रि में किसी भी समय आपके ऑनलाइन कैमरा में कुछ संदिग्ध दिखाई देता है, तो आप तत्काल 112 नंबर पर या थानाध्यक्ष के सीयूजी नंबर 9454403136 या उनके प्राइवेट नंबर 8218849274 पर सूचना दें।

थानाध्यक्ष ने नगीना वासियों व व्यापारी बंधुओं को विश्वास दिलाते हुए कहा कि नगीना पुलिस 24 घंटे आपकी सेवा में सदैव तत्पर है।

## एक नजर

### स्वयं सेवकों का पथ संचलन



**अफजलगढ़।** नगर में राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ का 100वां शताब्दी वर्ष समारोह धूमधाम से मनाया गया। स्वंयसेवक के संघी नगर के प्राचीन शिव मंदिर में एकत्र हुए। जिसके पश्चात आरएसएस के माध्यम से संघ के शताब्दी वर्ष के उपलक्ष में बौद्धिक व पथ संचलन कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर पूर्व चेयरपर्सन सलीम अंसारी सहित भाजपा कार्यकर्ताओं ने पुष्प वर्षा की। संघ की नीतियों व एकजुटता पर बल दिया गया। पथ संचलन शिव मंदिर से प्रारम्भ होकर ढ़ाली बाजार, होली चौक, गौहर अली खां, चिरंजीलाल, किला सब्जी मंडी तथा बस स्टैंड होते हुए वापस शिव मंदिर पहुंच कर सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता प्रवीण कुमार जिला प्रचारक रहे। पथ संचलन से पूर्व बौद्धिक में पंच परिवर्तन, सामाजिक समरसता, परिवार प्रबोधन, पर्यावरण, स्वदेशी व नागरिक कर्तव्यों पर मुख्य रूप से जोर देते हुए जागरूक किया गया। इस मौके पर कार्यक्रम में खंड कार्यवाह गौरव कुमार, प्रेमकुमार, बलराम राठी, राजीव चौहान, उरेश कुमार, रॉबिन अग्रवाल, नवनीत व विपिन कुमार आदि का सहयोग रहा तथा काफी संख्या में स्वयंसेवी उपस्थित रहे।

### भाकियू तेली की कमेटी गठित



**नजीबाबाद।** ग्राम अकबरपुर चौगावां में भारतीय किसान यूनियन तेली की बैठक हुई। बैठक को संबोधित करते हुए राष्ट्रीय अध्यक्ष हकीम मौहम्मद अकरम तेली ने कहा कि भारतीय किसान यूनियन तेली किसी एक समाज का संगठन नहीं है और यह संगठन सर्वसमाज के हित में कार्य करेगा। बैठक में सर्वसम्मति से ग्राम कमेटी का गठन किया गया। जिसमें ग्राम अध्यक्ष निजामुद्दीन अंसारी, उपाध्यक्ष नसीम अहमद व मौहम्मद फैयाज, महासचिव मौहम्मद आरिफ, मौहम्मद ताहिर कोषाध्यक्ष, इसराईल, मोबीन अहमद मीडिया प्रभारी, फुरकान अहमद, मौहम्मद आरिफ सचिव, मुनफैत, तालिब, वसीम, मोबीन अहमद, मौहम्मद दानिश, मुस्तकीम, अनीस अहमद, तालिब सुल्तान, शमीम अहमद, रईस अहमद, रिजवान अहमद, नसीर, रईस अहमद, मौहम्मद अकबर, मौहम्मद समीर, मौहम्मद साबिर सदस्य बनाए गए। कमेटी के सभी कार्यकर्ताओं व पदाधिकारियों ने राष्ट्रीय अध्यक्ष को विश्वास दिलाया कि अब मैयत के खाने में काली दाल की खिचड़ी बनाई जाएगी। बैठक में राष्ट्रीय महासचिव फुरकान अहमद, राष्ट्रीय सचिव इकरार जौहरी, ब्लॉक उपाध्यक्ष आशीष कुमार, ब्लॉक सचिव शुभम चौहान आदि मौजूद थे। अध्यक्षता मोनिश अहमद पूर्व प्रधान व राष्ट्रीय सचिव ने की। संच. ालन रईस उस्मानी राष्ट्रीय उपाध्यक्ष ने किया।

### शिवाला कलां में डम्पी अरेस्ट

**बिजनौर।** थाना शिवाला कलां में 20 सितम्बर को ग्राम सेह निवासी चमन सिंह पुत्र चन्द्रपाल ने सूचना दी थी कि ग्राम के ही निवासी हरदीप, कीटव, उत्तम चन्द तथा बहादरपुर निवासी डम्पी द्वारा उसके साथ लाठी-डंडों से मारपीट की गई और तमंचे से फायर किया गया। सूचना पर पुलिस तत्काल मौके पर पहुंची। घटनास्थल पर फायरिंग की पुष्टि भी नहीं हो पाई न ही चमन सिंह को फायरिंग की वजह से कोई चोट पहुंची थी और न ही खुली चोट लगी थी। चमन सिंह चारपाई पर लेटा हुआ था। परिजनों द्वारा बताया गया कि चमन सिंह दिल की बीमारी से ग्रस्त है। परिजनों द्वारा चमन सिंह को उपचार के लिए नूरपुर सीएचसी ले जाया गया। वहां से उसे जिला अस्पताल रैफर कर दिया गया। जिला अस्पताल में ले जाते समय रास्ते में उसकी मौत हो गई। मृतक चमन सिंह व विपक्षीगणों के मध्य 27 अगस्त को भी मारपीट व गाली गलौच हुई थी। इस संबंध में हरदीप द्वारा मृतक चमन आदि चार व्यक्तियों के विरूद्ध गंभीर धाराओं में रिपोर्ट दर्ज कराई गई थी। वर्तमान प्रकरण में मृतक चमन सिंह के पुत्र राजन की तरहीर के आधार पर मुकदमा अपराध संख्या 146/2025 धारा 103 (1) व 109 (1) बीएनएस में हरदीप व चार अन्य अभियुक्तों के विरूद्ध रिपोर्ट दर्ज कराई गई है। पुलिस ने डम्पी उर्फ विकास पुत्र नरेन्द्र मुन्नू निवासी ग्राम खान जहांपुर बहादर, कोतवाली शहर को गिरफ्तार कर लिया है। उसके पास से वारदात में इस्तेमाल तमंचा व चार कारतूस बरामद किए गए है।

क्षेत्रवासियों को दशहरा की हार्दिक बधाई



रमेश सिंह
प्रभारी-राजकीय बीज भण्डार
कृषि अधिकारी, नूरपुर

क्षेत्रवासियों को दशहरा की हार्दिक बधाई



संघर्ष चौहान
प्रबन्धक
फ्यूचर चिल्ड्रेंस एकेडमी स्कूल
शिवाला कलां, जनपद बिजनौर

असत्य पर सत्य की विजय के पर्व दशहरा की हार्दिक बधाई



पंडित शरद चंद्र शर्मा
वरिष्ठ भाजपा नेता, शेरकोट

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक समाचार पत्र
'शाह टाइम्स'
को जनपद में प्रत्येक स्टेशन पर सहयोगी संवाददाताओं व विज्ञापन प्रतिनिधियों की आवश्यकता है। इच्छुक सम्पर्क करें।
खबरें छुपाता नहीं, छापता है
मोबाइल नम्बर:- 9927777377
samiullah.bijnor@gmail.com



असत्य पर सत्य की विजय के पर्व दशहरा की क्षेत्रवासियों व शुभचिंतकों को
हार्दिक शुभकामनाएं



ठाकुर आयुष चौहान
जिला पंचायत सदस्य
24 नूरपुर विधानसभा क्षेत्र
जनपद-बिजनौर



डॉ. लिपिसेन वर्मा
एम.बी.बी.एस., डीजीओ
एम.आई.पी. (रजि. नं. 36928)
फोन: 01344-252699

वर्मा मैटरनिटी एवं नर्सिंग होम
स्टेशन रोड, स्योहारा
सभी नागरिकों व शुभचिंतकों को गांधी जयंती एवं दशहरा की
हार्दिक शुभकामनाएं
तहसील में सर्वप्रथम सुविधाएं उपलब्ध कराने वाला नर्सिंग होम



डॉ. मनोज कुमार वर्मा
एम.बी.बी.एस., आर.एच.एस.
(रजि. नं. 36441)
फोन: 09412218433

उपलब्ध सुविधाएं:-
24 घण्टे एम्बुलेन्स सेवा
(1) सर्वप्रथम सिजेरियन की सुविधा ऑपरेशन द्वारा डिलीवरी। (2) तहसील का सर्वप्रथम 3 डी अल्ट्रासाउन्ड। (3) सर्वप्रथम लैप्रोस्कोपिक सर्जरी की सुविधा। (4) सर्वप्रथम तहसील की पहली गाइनकोलोजिस्ट चिकित्सक की सुविधा। (5) केन्द्रीय ऑक्सीजन प्लाट युक्त बेबी नर्सरी। (6) फोटो थिरेपी। (7) कार्डियोमानिटरिंग की सुविधा मल्टी पैरामीटर द्वारा। (8) कम्प्यूटराईज्ड ई.सी.जी. की सुविधा। (9) पल्स ऑसीमीटर। (10) उ.प्र. शासन द्वारा परिवार नियोजन के लिए मान्यता प्राप्त नर्सिंग होम। (11) उ.प्र. शासन द्वारा गर्भ समापन के लिए अधिकृत नर्सिंग होम। (12) एल.आई.सी. चिकित्सा की सुविधा।

## सम्पादकीय



# एनसीआरबी की रिपोर्ट

नेशनल रिकॉर्ड्र्स ब्यूरो (एनसीआरबी) ने देश में 2023 के दौरान हुए अपराधों की रिपोर्ट्स सार्वजनिक की है। रिपोर्ट के आंकड़े बता रहे हैं कि अपराधों पर इस तरह का नियंत्रण नहीं हो पा रहा है जिस तरह की सरकारें दावा करती हैं। 2023 में कुल अपराधों की बात करें, तो 62 लाख 41 हजार 569 अपराध दर्ज हुए हैं, जो 2022 की तुलना में 7 फीसदी ज्यादा हैं। यह देखना बेहद दुखद है कि इन अपराधों में सबसे बड़ी संख्या महिलाओं को लेकर है। महिलाओं पर 4 लाख 48 हजार अपराध दर्ज हुए हैं। जो दस साल में सबसे ज्यादा हैं। यह देखना भी बेहद दिलचस्प है कि उप्र समग्र अपराध हत्या अपहरण और सड़क दुर्घटनाओ में उच्च स्थान पर है। वहीं महिलाओं के खिलाफ अपराध और दुष्कर्म मामले में राजस्थान सबसे आगे है। रंगदारी में जरूर महाराष्ट्र सबसे आगे निकलता दिखाई दे रहा है। इस रिपोर्ट के अनुसार राज्यो में हत्या और अपहरण मामलों में उप्र व बिहार ऊपर हैं। इससे साफ है कि गंभीर अपराध इन दोनो राज्यो में अधिक है। रिपोर्ट बताती है कि सड़क हादसों के मामले में भी उप्र टॉप पर है। देशभर में साइबर क्राइम के मामलों में 31 प्रतिशत की बढ़ोतरी दर्ज हुई है। इस संबंध में 86 हजार 420 केस दर्ज हुए। इनमें भी साइबर के माध्यम से हत्या के मामले में यूपी, दुष्कर्म में राजस्थान और लूट में महाराष्ट्र सबसे आगे रहा। साइबर के सबसे कम मामले सिक्किम में दर्ज किए गए। हत्या के मामले में यूपी, बिहार के बाद महाराष्ट्र और एमपी का नंबर आया है। केंद्रशासित प्रदेशों की बात करें, तो हत्याओं की सबसे अधिक वारदात देश की राजधानी दिल्ली में हुई। जैसाकि हमने पहले ही कहा कि यह तब है जब तमाम सरकारें यह दावा करती हैं कि हमने अपराधों पर अंकुश पा लिया है। एनसीआरबी की रिपोर्ट साफ संकेत दे रही है कि सरकारों के दावे खोखले साबित हो रहे हैं। भले ही वह अपने बयानों के माध्यम से वहां के मुख्यमंत्री व अन्य नेतागण बड़ी बातें करते हों लेकिन जमीनी हकीकत इससे इतर है। यूपी की ही बात करें तो सीएम योगी आदित्यनाथ अपराधों को लेकर बेहद सख्त दिखाई देते हैं, पुलिस ने बाकायदा अपराधियों के खिलाफ हॉफ एनकाउंटर भी चलाया हुआ है, लेकिन रिपोर्ट से साफ है कि यह कवायद जमीन पर कोई रंग लाती दिखाई नहीं दे रही है, बल्कि सच्चाई यह है कि अपराध घटने के बजाए और बढ़ोतरी की तरफ इशारा कर रहे हैं। यूं तो यह रिपोर्ट 2023 के आंकड़ों पर आधारित है और 2024 के आने बाकी हैं, लेकिन जमीनी स्तर पर जिस तरह के हालात हैं, उसको देखकर नहीं लगता कि यह आंकड़े 2023 से इतर होंगे। रोज हम देखते हैं कि किस तरह समाचार पत्रों में अपराधों की घटनाओं की बाढ़ सी आई हुई होती है, जो इशारा करती है कि अपराधों का ग्राफ तेजी से बढ़ता जा रहा है और पुलिस की सारी कवायद अपराधियो में वह खौफ पैदा नहीं कर पा रही है, जिस तरह का खौफ होना चाहिए। यह कहानी किसी एक राज्य की नहीं है। कमोबेश देश के मुख्य राज्यों का यही हाल है। निश्चित रूप से अपराधों का बढ़ता ग्राफ हमें गंभीर चिंतन की तरफ ले जाने के लिए मजबूर करता है, लेकिन क्या हमारी राज्य सरकारें इस पर गंभीरता से विचार करेंगी।

## कश्मीरियों को बंदूक का डर दिखा रही भाजपा



कश्मीर में लोगों को जबरन, यहां तक कि बंदूक की नोक पर राष्ट्रगान के लिए खड़ा किया जा रहा है, यह दुर्भाग्यपूर्ण है कि भाजपा ने हालात ऐसे बना दिए हैं कि लोगों को राष्ट्रगान के लिए मजबूर किया जा रहा है, जब मैं स्टूडेंट थी, तो हम अपनी इच्छा से राष्ट्रगान के सम्मान में खड़े होते थे, लेकिन अब यह दबाव डालकर करवाया जा रहा है, यह सरकार की विफलता है, हमारे खेल मैदान छीने जा रहे हैं, अगर युवाओं से ये सार्वजनिक स्थान छीन लिए गए, तो असंतोष बढ़ेगा, पुलिस हमारी रक्षक हैं, शहीदों का स्मारक कहीं और भी बनाया जा सकता है, जम्मू-कश्मीर में ऐसी जगहों की कमी नहीं है।

**महबूबा मुफ्ती, पीडीपी प्रमुख**

# राष्ट्र साधना के सौ वर्ष



**नरेंद्र मोदी**



100 वर्ष पूर्व विजयदशमी के महापर्व पर राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ की स्थापना हुई थी। ए हजारों वर्षों से चली आ रही उस परंपरा का पुनर्स्थापन था, जिसमें राष्ट्र चेतना समय-समय पर उस युग की चुनौतियों का सामना करने के लिए,नए-नए अवतारों में प्रकट होती है। इस युग में संघ उसी अनादि राष्ट्र चेतना का पुण्य अवतार है। ए हमारी पीढ़ी के स्वयंसेवकों का सौभाग्य है कि हमें संघ के शताब्दी वर्ष जैसा महान अवसर देखने मिल रहा है। मैं इस अवसर पर राष्ट्रसेवा के संकल्प को समर्पित कोटि-कोटि स्वयंसेवकों को शुभकामनाएं देता हूं। मैं संघ के संस्थापक, हम सभी के आदर्श परम पूज्य डॉक्टर हेडगेवार जी के चरणों में श्रद्धांजलि अर्पित करता हूं। संघ की 100 वर्षों की इस गौरवमई यात्रा की स्मृति में भारत सरकार ने विशेष डाक टिकट और स्मृति सिक्के भी जारी किए हैं।

जिस तरह विशाल नदियों के किनारे मानव सभ्यताएं पनपती हैं, उसी तरह संघ के किनारे भी सैकड़ों जीवन पुष्पित-पल्लवित हुए हैं। जैसे एक नदी जिन रास्तों से बहती हैं, उन क्षेत्रों को अपने जल से समृद्ध करती हैं, वैसे ही संघ ने इस देश के हर क्षेत्र, समाज के हर आयाम को स्पर्श किया है। जिस तरह एक नदी कई धाराओं में खुद्द को प्रकट करती है, संघ की यात्रा भी ऐसी ही है। संघ के अलग-अलग संगठन भी जीवन के हर पक्ष से जुड़कर राष्ट्र की सेवा करते हैं। शिक्षा, कृषि, समाज कल्याण, आदिवासी कल्याण,महिला सशक्तिकरण, समाज जीवन के ऐसे कई क्षेत्रों में संघ निरंतर कार्य करता रहा है। विविध क्षेत्र में काम करने वाले हर संगठन का उद्देश्य एक ही है, भाव एक ही है।

अपने गठन के बाद से ही राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ राष्ट्र निर्माण का विराट उद्देश्य लेकर चला। इस उद्देश्य की पूर्ति के लिए संघ ने व्यक्ति निर्माण से राष्ट्र निर्माण रास्ता चुना और इस चलने के लिए जो कार्यपद्धति चुनी वो थी नित्य-नियमित चलने वाली शाखाएं। संघ शाखा का मैदान, एक ऐसी प्रेरणा भूमि है, जहां से स्वयंसेवक की अहम् से वयं की यात्रा शुरू होती है। संघ की शाखाएं व्यक्ति निर्माण की यज्ञवेदी हैं। राष्ट्र निर्माण का महान उद्देश्य, व्यक्ति निर्माण का स्पष्ट पथ और शाखा जैसी सरल, जीवंत कार्यपद्धति यही संघ की सौ वर्षों की यात्रा का आधार बने। इन्हीं स्तंभों पर खड़े होकर संघ ने लाखों स्वयंसेवकों को गढ़ा, जो विभिन्न क्षेत्रों में देश को आगे बढ़ा रहे हैं।

संघ के लिए देश की प्राथमिकता ही उसकी अपनी प्राथमिकता रही। आजादी की लड़ाई के समय परम पूज्य डॉक्टर हेडगेवार जी समेत अनेक कार्यकर्ताओं ने स्वतंत्रता आंदोलन में हिस्सा लिया, डॉक्टर साहब कई बार जेल तक गए। आजादी की लड़ाई में कितने ही स्वतन्त्रता सेना. नियों को संघ संरक्षण देता रहा। उनके साथ कंधे से कंधा मिलाकर काम करता रहा। आजादी के बाद भी संघ निरंतर राष्ट्र साधना में लगा रहा। इस यात्रा में संघ के खिलाफ साजिशें भी हुईं, संघ को कुचलने का प्रयास भी हुआ। ऋषितुल्य परम पूज्य गुरु जी को झूठे केस में फंसाया गया। लेकिन संघ के स्वयंसेवकों ने कभी कटुता को स्थान नहीं दिया। क्योंकि वो जानते है, हम समाज से अलग नहीं हैं, समाज हमसे ही तो बना है। समाज के साथ एकात्मता और संवैधानिक संस्थाओं के प्रति आस्था ने संघ के स्वयंसेवकों को हर संकट में स्थित प्रज्ञ रखा है। समाज के प्रति संवेदनशील बनाए रखा है।

प्रारंभ से संघ राष्ट्रभक्ति और सेवा का पर्याय रहा है। जब विभाजन की पीड़ा ने लाखों परिवारों को बेघर कर दिया, तब स्वयंसेवकों ने शरणार्थियों की सेवा की। हर आपदा में संघ के स्वयंसेवक अपने सीमित संसाधनों के साथ सबसे आगे खड़े रहते रहे। यह केवल राहत नहीं थी, यह राष्ट्र की आत्मा को संबल देने का कार्य था। खुद कष्ट उठाकर दूसरों के दुख हरना। यह हर स्वयंसेवक की पहचान है। आज भी प्राकृतिक आपदा में हर जगह स्वयंसेवक सबसे पहले पहुंचने वालों में से एक रहते हैं। अपनी 100 वर्षों की इस यात्रा में, संघ ने समाज के अलग-अलग वर्गों में आत्मबोध जगाया। स्वाभिमान जगाया। संघ देश के उन क्षेत्रों में भी कार्य करता रहा है। जो दुर्गम हैं जहां पहुंचना सबसे कठिन है।

संघ दशकों से आदिवासी परंपराओं, आदिवासी रीति-रिवाज, आदिवासी मूल्यों को सहेजने-संवारने में अपना सहयोग देता रहा है। अपना कर्तव्य निभा रहा है। आज सेवा भारती। विद्या भारती, एकल विद्यालय। वनवासी कल्याण आश्रम। आदिवासी समाज के सशक्तिकरण का स्तंभ बनकर उभरे हैं। समाज में सदियों से घर कर चुकी जो बीमारियां हैं, जो ऊंच-नीच की भावना है, जो कुप्रथाएं हैं, यह हिन्दू समाज की बहुत बड़ी चुनौती रही हैं। यह एक ऐसी गंभीर चिंता है, जिस पर संघ लगातार काम करता रहा है। डॉक्टर साहब से लेकर आज तक, संघ की हर महान विभूति ने, हर सर-संघचालक ने भेदभाव और छुआछूत के खिलाफ लड़ाई लड़ी है। परम पूज्य गुरु जी ने निरंतर ह्न हिन्दू पतितो भवेत' की भावना को आगे बढ़ाया। पूज्य बाला साहब देवरस जी कहते थे- छुआछूत अगर पाप नहीं, तो दुनिया में कोई पाप नहीं! सरसंघचालक रहते हुए पूज्य रज्जू भैया जी और पूज्य सुदर्शन जी ने भी इसी भावना को आगे बढ़ाया।

वर्तमान सरसंघचालक आदरणीय मोहन भागवत जी ने भी समरसता के लिए समाज के सामने एक कुआं, एक मंदिर और एक श्मशान का स्पष्ट लक्ष्य रखा है। जब 100 साल पहले संघ अस्तित्व में आया था तो उस समय की आवश्यकताएं, उस समय के संघर्ष कुछ और थे। लेकिन आज 100 वर्षों बाद जब भारत विकसित होने की तरफ बढ़ रहा है तब आज के समय की चुनौतियां अलग हैं, संघर्ष अलग हैं। दूसरे देशों पर आर्थिक निर्भरता, हमारी एकता को तोड़ने की साजिशें, डेमोग्राफी में बदलाव के षड्यंत्र, हमारी सरकार इन चुनौतियों से तेजी से निपट रही है। मुझे ए खुशी है कि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ ने भी इन चुनौतियों से निपटने के लिए ठोस रोडमैप भी बनाया है।

संघ के पंच परिवर्तन, स्व बोध, सामाजिक समरसता, कुटुम्ब प्रबोधन, नागरिक शिष्टाचार और पर्यावरण यह संकल्प हर स्वयंसेवक के लिए देश के समक्ष उपस्थित चुनौतियों को परास्त करने की बहुत बड़ी प्रेरणा हैं। स्व बोध की भावना का उद्देश्य गुलामी की मानसिकता से मुक्त होकर अपनी विरासत पर गर्व और स्वदेशी के मूल संकल्प को आगे बढ़ाना है। सामाजिक समरसता के जरिए वंचित को वरीयता देकर सामाजिक न्याय की स्थापना का प्रण है। आज हमारी सामा. जिक समरसता को घुसपैठियों के कारण डेमोग्राफी में आ रहे बदलाव से भी बड़ी चुनौती मिल रही है। देश ने भी इससे निपटने के लिए डेमोग्राफी मिशन की घोषणा की है। हमें कुटुम्ब प्रबोधन यानी परिवार संस्कृति और मूल्यों को भी मजबूत बनाना है। नागरिक शिष्टाचार के जरिए नागरिक कर्तव्य का बोध हर देशवासी में भरना है। इन सबके साथ अपने पर्यावरण की रक्षा करते हुए आने वाली पीढ़ियों के भविष्य को सुरक्षित करना है। अपने इन संकल्पों को लेकर संघ अब अगली शताब्दी की यात्रा शुरू कर रहा है। 2047 के विक. सित भारत में संघ का हर योगदान, देश की ऊर्जा बढ़ाएगा, देश को प्रेरित करेगा। पुनः प्रत्येक स्वयंसेवक को बहुत-बहुत शुभकामनाएं।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

**प्रधानमंत्री बनने के बाद शास्त्री जी जब पहली बार अपने घर काशी आ रहे थे, तब पुलिस-प्रशासन उनके स्वागत के लिए चार महीने पहले से ही तैयारियों में जुट गया था। चूंकि उनके घर तक जाने वाली गलियां काफी संकरी थी, जिसके चलते उनकी गाड़ी का वहां तक पहुंचना संभव नहीं था, इसलिए प्रशासन द्वारा वहां तक रास्ता बनाने के लिए गलियों को चौड़ा करने का निर्णय लिया गया। शास्त्री जी को जब यह बात पता चली तो उन्होंने तुरंत संदेश भेजा कि गली को चौड़ा करने के लिए किसी भी सूरत में कोई भी मकान तोड़ा न जाए, मैं पैदल ही घर जाऊंगा। 2 अक्टूबर 1904 को उत्तर प्रदेश के मुगलसराय में जन्मे भारत के दूसरे प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की आज हम 121वीं जयंती मना रहे हैं।**

# सादगी और ईमानदारी का दूसरा नाम थे शास्त्री



**श्वेता गोयल**

भारत के प्रधानमंत्री बनने से पहले लाल बहादुर शास्त्री भारत सरकार में विदेश मंत्री, गृहमंत्री और रेल मंत्री जैसे महत्वपूर्ण पद संभाल चुके थे। एक बार वे रेल के एसी कोच में सफर कर रहे थे। उस दौरान वे यात्रियों की समस्या जानने के लिए जनरल बोगी में चले गए। वहां उन्होंने अनुभव किया कि यात्रियों को कितनी समस्याओं का सामना करना पड़ता है। इससे वे काफी नाराज हुए और उन्होंने जनरल डिब्बे के यात्रियों को भी सुविधाएं देने का निर्णय लिया। रेल के जनरल डिब्बों में पहली बार पंखा लगवाते हुए रेलों में यात्रियों को खानपान की सुविधा उपलब्ध कराने के लिए पैंट्री की सुविधा भी उन्होंने शुरू करवाई। एक अन्य अवसर पर रेल में यात्रा करते वक्त शास्त्री जी उस समय भड़क गए थे, जब विशेष रूप से उनके लिए रेल कोच में कूलर लगाने की व्यवस्था की गई। शास्त्री जी उस समय रेल मंत्री थे और बम्बई जा रहे थे। गाड़ी चलने पर शास्त्री जी अपने पीए से बोले कि बाहर तो बहुत गर्मी है लेकिन डिब्बे में काफी ठंडक है। तब उनके पीए कैलाश बाबू ने कहा, सर, डिब्बे में कूलर लग गया है, इसीलिए डिब्बे में इतनी ठंडक है। शास्त्री जी को गुस्सा आया और उन्होंने अपने पीए से पूछा कि बगैर मुझसे पूछे कूलर कैसे लग गया? आप लोग कोई भी कार्य करने से पहले मुझसे पूछते क्यों नहीं? क्या इतने सारे लोग, जो इस गाड़ी में चल रहे हैं, उन्हें गर्मी नहीं लगती होगी? उन्होंने कहा कि होना तो यह चाहिए था कि मुझे भी जनरल डिब्बे में ही सफर करना चाहिए था लेकिन वह संभव नहीं है किन्तु जितना हो सकता है, उतना तो किया ही जाना चाहिए। उन्होंने सख्त लहजे में पीए को निर्देश दिया कि अगले स्टेशन पर गाड़ी जहां भी रुके, वहां सबसे पहले इस कूलर को निकलवाइए। इस प्रकार मथुरा स्टेशन पर शास्त्री जी कूलर हटवाकर ही माने।

1964 में शास्त्री जी जब प्रधानमंत्री बने, तब उन्हें सरकारी आवास के साथ इंपाला शेवरले कार भी मिली थी लेकिन उसका उपयोग वे बहुत ही कम किया करते थे। वह गाड़ी किसी राजकीय अतिथि के आने पर ही निकाली जाती थी। एक बार की बात है, जब शास्त्री जी के बेटे सुनील शास्त्री किसी निजी कार्य के लिए यही सरकारी कार उनसे बगैर पूछे निकालकर ले गए और अपना काम पूरा करने के पश्चात कार चुपचाप लाकर खड़ी कर दी। जब शास्त्री जी को इस बात का पता चला तो उन्होंने ड्राइवर को बुलाकर पूछा कि गाड़ी कितने किलोमीटर चलाई गई? ड्राइवर ने बताया, चौदह किलोमीटर। उसके बाद शास्त्री जी ने उसे निर्देश दिया कि रिकॉर्ड में लिख दो, चौदह किलोमीटर प्राइवेट यूज। शास्त्री जी इतने से ही शांत नहीं हुए, उन्होंने पत्नी ललिता को बुलाया और निर्देश दिया कि निजी कार्य के लिए गाड़ी का इस्तेमाल करने के लिए उनके निजी सचिव से कहकर वह सात पैसे प्रति किलोमीटर की दर से सरकारी कोष में पैसे जमा करवा दें। स्वतंत्रता संग्राम के दौरान 1940 के दशक में लाला लाजपत राय की संस्था सर्वेंट्स ऑफ इंडिया सोसायटी द्वारा गरीब पृष्ठभूमि वाले स्वतंत्रता सेनानियों के परिवारों को जीवनयापन हेतु आर्थिक मदद दी जाया करती थी। उसी समय की बात है, जब लाल बहादुर शास्त्री जेल में थे। उन्होंने उस दौरान जेल से ही अपनी पत्नी ललिता को एक पत्र लिखकर पूछा कि उन्हें संस्था से पैसे समय पर मिल रहे हैं या नहीं और क्या इतनी राशि परिवार की आवश्यकताओं की पूर्ति के लिए पर्याप्त है? पत्नी ने उत्तर लिखा कि उन्हें प्रतिमाह पचास रूपए मिलते हैं, जिसमें से करीब चालीस रूपए ही खर्च हो पाते हैं, शेष राशि वह बचा लेती हैं। पत्नी का यह जवाब मिलने के बाद शास्त्री जी ने संस्था को एक पत्र लिखा, जिसमें उन्होंने धन्यवाद देते हुए कहा कि अगली बार से उनके परिवार को केवल चालीस रूपए ही भेजे जाएं और बचे हुए दस रूपए से किसी और जरूरतमंद की सहायता कर दी जाए।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

# अहिंसा गांधी का शास्त्र, भारत की पहचान व नई पीढ़ी की चुनौती




**वीरेश तरार**

भारत के इतिहास में महात्मा गांधी का नाम केवल स्वतंत्रता संग्राम के नायक के रूप में ही नहीं, बल्कि एक ऐसे पथप्रदर्शक के रूप में दर्ज है जिन्होंने दुनिया को यह दिखाया कि बिना हथियार, बिना बारूद और बिना हिंसा के भी सबसे बड़ी साम्राज्यवादी ताकत को हराया जा सकता है। दो अक्टूबर को जब हम गांधी जयंती मनाते हैं, तो यह केवल उनके जन्म की स्मृति नहीं होती, बल्कि यह हमारे लिए एक अवसर होता है कि हम गांधी के विचारों को, उनके शास्त्रों को और उनके मूल्यों को आज की परिस्थितियों में परखें। यह सच है कि आजादी के संघर्ष के समय गांधी ने जिस अहिंसा के शस्त्र को चुना था, वही आगे चलकर दुनिया की अनेक लड़ाइयों और आंदोलनों का भी आधार बना। लेकिन यह भी सच है कि आज की नई पीढ़ी अहिंसा की ताकत को उतना नहीं समझती जितना उसे समझना चाहिए।

गांधी का अहिंसा का मार्ग अचानक पैदा नहीं हुआ। यह एक लंबे अनुभव, अध्ययन और आत्मचिंतन की प्रक्रिया का परिणाम था। बचपन से ही वे धार्मिक प्रवृत्ति के थे। जैन साधुओं और वैष्णव भक्ति परंपरा का वातावरण उनके जीवन को प्रभावित करता रहा। अहिंसा उनके लिए केवल एक नीति नहीं थी, बल्कि यह एक गहरी आध्यात्मिक अनुभूति थी। बाद में इंग्लैंड और दक्षिण अफ्रीका में रहकर उन्होंने जब उपनिवेशवाद की क्रूरता और नस्लीय भेदभाव को देखा, तब उन्होंने यह ठान लिया कि लड़ाई का रास्ता तलवार और बंदूक से नहीं, बल्कि सत्य और अहिंसा से ही निकलेगा। सत्याग्रह का प्रयोग सबसे पहले दक्षिण अफ्रीका में हुआ। रंगभेद के खिलाफ भारतीयों की आवाज को संगठित करने के लिए गांधी ने न केवल जनजागरण किया, बल्कि उन्हें यह विश्वास भी दिलाया कि बिना हिंसा के, शांतिपूर्ण ढंग से भी हम सत्ता को झुका सकते हैं। यह प्रयोग सफल रहा और गांधी को जीवनभर का मार्ग मिल गया। भारत लौटने के बाद चंपारण सत्याग्रह, खेड़ा और अहमदाबाद मिल आंदोलन से लेकर नमक सत्याग्रह और भारत छोड़ो आंदोलन तक हर जगह गांधी ने यही रास्ता अपनाया। परिणाम यह हुआ कि भारत के सामान्य किसान, मजदूर, स्त्री, पुरुष, शिक्षित और अशिक्षित सभी लोग इस अहिंसा की सेना के सिपाही बन गए। बंदूक के सामने निहत्थे खड़े हो जाना, डंडे खाने के बाद भी जवाब में पत्थर न उठाना, यह आसान नहीं था। लेकिन इसने ब्रिटिश हुकूमत को भीतर से हिला दिया।

यहां यह समझना जरूरी है कि अहिंसा का अर्थ कायरता नहीं है। गांधी कहते थे कि कायरता और हिंसा में से चुनाव करना पड़े तो मैं हिंसा को चुनूंगा, लेकिन अहिंसा कायरता नहीं है, यह वीरता का सर्वोच्च रूप है। हिंसा तो पलभर में प्रतिशोध की आग में भड़क जाती है, लेकिन अहिंसा के लिए धैर्य, साहस और सहनशीलता चाहिए। किसी का थप्पड़ खाकर मुस्कुराना कोई साधारण काम नहीं है, लेकिन जब हजारों लोग यह करने लगें, तो सत्ता की नींव हिल जाती है। यही गांधी का चमत्कार था। भारत ने इसी मार्ग से स्वतंत्रता पाई। दुनिया ने इसे देखा और माना। दक्षिण अफीका के नेल्सन मंडेला ने गांधी के अहिंसावादी सिद्धांत को अपनाया और रंगभेद की जंजीरों को तोड़ा। अमेरिका में मार्टिन लूथर किंग जूनियर ने इसी सिद्धांत के सहारे नस्लीय भेदभाव के खिलाफ आंदोलन चलाया और श्वेत सत्ता को झुकाया। म्यांमार में आंग सान सू की ने गांधी का हवाला दिया। इस तरह गांधी का अहिंसा का शास्त्र केवल भारत की धरोहर नहीं रहा, बल्कि यह दुनिया की संपत्ति बन गया, लेकिन आज जब हम अपने देश को देखते हैं, तो गांधी की विरासत कहीं खोती हुई दिखाई देती है। आंदोलनों में पत्थरबाजी, आगजनी, तोड़फोड़ और हिंसा को सामान्य मान लिया गया है। नतीजा यह होता है कि सरकार दमन करती है, लाठीचार्ज होता है, गोलियां चलती हैं और जिनके लिए सहानुभूति पैदा होनी चाहिए, वही अपराधी घोषित कर दिए जाते हैं। हाल ही में किसानों का आंदोलन इसका एक उदाहरण था। चौदह महीने तक किसान शांतिपूर्ण ढंग से दिल्ली की सीमाओं पर बैठे रहे। न तो कोई हिंसा हुई, न ही कोई बड़ी तोड़फोड़। धीरे-धीरे पूरा देश उनकी आवाज के साथ खड़ा हो गया और आखिरकार सरकार को झुकना पड़ा। इसी तरह लेह-लद्दाख का आंदोलन भी तब तक सफल रहा जब तक वह अहिंसक था। लेकिन जैसे ही हिंसा की एक चिंगारी उठी, सहानुभूति खत्म हो गई, आंदोलन कमजोर पड़ गया और नेता जेल की सलाखों के पीछे पहुंच गए।

यह बात हमारी समझ में आनी चाहिए कि अहिंसा केवल एक नैतिक मूल्य नहीं है, बल्कि यह एक रणनीति भी है। शांतिपूर्ण आंदोलन से सरकार और समाज को यह संदेश जाता है कि यह संघर्ष किसी स्वार्थ के लिए नहीं, बल्कि न्याय के लिए है। हिंसा होते ही यह नैतिक ऊंचाई खो जाती है। गांधी का चमत्कार यही था कि उन्होंने आंदोलन को नैतिक ऊंचाई पर टिकाए रखा। विदेशी अखबारों से लेकर ब्रिटिश संसद तक में यह चर्चा होती थी कि भारत के लोग कितने अनुशासित और कितने शांतिप्रिय होकर संघर्ष कर रहे हैं। यह अनुशासन ही हमारी ताकत बना।



आज जरूरत है कि हम इस अनुशासन को फिर से जीवित करें। नई पीढ़ी को यह समझाना होगा कि अहिंसा कोई पुरानी, बासी या अव्यावहारिक चीज नहीं है। बल्कि यह आज भी उतनी ही प्रासंगिक है जितनी गांधी के समय थी। आज जब दुनिया में आतंकवाद, सांप्रदायिकता, पूंजीवाद और हिंसा का बोलबाला है, तब गांधी की यह सीख और भी जरूरी हो जाती है। एक गोली का जवाब दूसरी गोली से देने का परिणाम केवल मौत और तबाही है। लेकिन एक गोली का जवाब मौन रहकर, सीना तानकर खड़े होने से सरकार और समाज दोनों का चेहरा उजागर होता है।

गांधी ने कहा था कि अहिंसा परमो धर्मः केवल ग्रंथों की पंक्ति नहीं है, यह जीवन का मार्ग है। भारत में जैन धर्म, बौद्ध धर्म और वैष्णव परंपरा सबने इसे माना। गांधी ने इसे राजनीति का शस्त्र बना दिया।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

# शटडाउन से अमेरिका बेहाल

## सरकारी कामकाज ठप, नौ लाख सरकारी कर्मचारियों की सैलरी पर छाया संकट

**वाशिंगटन।** अमेरिका में आज से शटडाउन लागू हो गया है। राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प सीनेट से फंडिंग बिल को पास नहीं करा पाए। इससे कई गैरजरूरी सरकारी कामकाज ठप हो गए हैं, जिससे करीब 9 लाख सरकारी कर्मचारियों को बिना सैलरी छुट्टी पर भेजने की नौबत आ गई है। दरअसल, मंगलवार देर रात बिल पर वोटिंग हुई। बिल के समर्थन में 55 और विरोध में 45 वोट पड़े। इसे पास कराने के लिए 60 वोटों की जरूरत थी।

ट्रम्प की रिपब्लिकन पार्टी को विपक्षी डेमोक्रेट्स सांसदों का समर्थन जरूरी था, लेकिन डेमोक्रेट्स ने बिल के खिलाफ वोट किया। 100 सदस्यों वाली सीनेट में 53 रिपब्लिकन, 47 डेमोक्रेट और 2 निर्दलीय सांसद हैं। दोनों निर्दलियों ने बिल के समर्थन में वोटिंग की। सीनेट में मंगलवार को फंडिंग बिल पर वोटिंग के दौरान रिपब्लिकन और डेमोक्रेट सांसदों के बीच तीखी बहस हुई। अमेरिका में सरकार को हर साल अपना बजट पास कराना पड़ता है। अगर संसद बजट पर सहमत नहीं होती, तो फंडिंग बिल पास नहीं होता और सरकार को मिलने वाला पैसा रुक जाता है। इस वजह से कुछ सरकारी विभागों और सेवाओं को पैसे नहीं मिलते। गैर-जरूरी सेवाओं को बंद कर दिया जाता है। इसे ही सरकारी शटडाउन कहा जाता है। रिपब्लिकन पार्टी सीनेट में आज देर रात एक बार फिर से फंडिंग बिल पर वोट कराने की तैयारी में है। रिपब्लिकन नेताओं ने कहा है कि जब तक डेमोक्रेट्स बिल को समर्थन नहीं देंगे, तब तक इस बिल को रोजाना पेश किया जाएगा। ट्रम्प ने इस शटडाउन के लिए डेमोक्रेट्स को जिम्मेदार ठहराया है। वे पहले ही सरकारी कर्मचारियों को नौकरी से निकालने की धमकी दे चुके है। अमेरिका में 2019 के बाद सरकारी शटडाउन लगा है। इससे पहले ट्रम्प के कार्यकाल में ही 35 दिन का शटडाउन लगा था। अमेरिका के दोनों प्रमुख दल डेमोक्रेट और रिपब्लिकन में ओबामा हेल्थ केयर सब्सिडी प्रोग्राम को लेकर ठन गई थी। डेमोक्रेट्स चाहते थे कि हेल्थ केयर (स्वास्थ्य बीमा) की सब्सिडी बढ़ाई जाए। रिपब्लिकन को डर था कि अगर सब्सिडी बढ़ाई गई तो सरकार को खर्च करने के लिए और पैसे की जरूरत पड़ेगी, जिससे बाकी सरकारी काम प्रभावित होंगे। शटडाउन रोकने के लिए राष्ट्रपति ट्रम्प और डेमोक्रेटिक नेताओं ने सोमवार को व्हाइट हाउस में बैठक की थी, लेकिन इसका कोई नतीजा नहीं निकला। शटडाउन के दौरान, ट्रम्प प्रशासन आफिस आफ मैनेजमेंट एंड बजट (ओएमबी) के जरिए जरूरी और गैर-जरूरी सेवाओं का फैसला कर सकता है। इससे वे डेमोक्रेट समर्थित प्रोग्राम्स जैसे शिक्षा, पर्यावरण, स्वास्थ्य सब्सिडी को गैर-जरूरी कर सकते हैं, जबकि डिफेंस और इमिग्रेशन को जरूरी का दर्जा दे सकते हैं। ट्रम्प ने खुद कहा है शटडाउन से कई अच्छी चीजें होंगी।




■ ट्रम्प फंडिंग बिल पास नहीं करा पाए, 60 वोटों की जरूरत थी, 55 ही मिले
■ फंडिंग बिल पर वोटिंग के दौरान रिपब्लिकन और डेमोक्रेट सांसदों के बीच तीखी बहस हुई

### छोटे शटडाउन से ट्रम्प को होगा ज्यादा फायदा

**छोटे** शटडाउन से ट्रम्प को ज्यादा फायदा होगा क्योंकि वे अपने एजेंडे को आगे बढ़ा सकते हैं, लेकिन लंबा खिंचने पर आर्थिक नुकसान से उनकी छवि खराब हो सकती है। अमेरिका का फिस्कल ईयर यानी खर्च का साल 1 अक्टूबर से शुरू होता है। यह एक तरह से सरकार का आर्थिक साल होता है, जिसमें वह अपना पैसा खर्च करने और बजट बनाने की योजना बनाती है। इस दौरान सरकार तय करती है कि कहां पैसा लगाना है, जैसे सेना, स्वास्थ्य या शिक्षा में। अगर इस तारीख तक नया बजट पास नहीं होता, तो सरकारी कामकाज बंद हो जाता है। इसे शटडाउन कहते हैं। अमेरिका में सरकारी शटडाउन लगने के बाद अब सरकार के पास खर्च के लिए पैसा नहीं होगा। इससे सरक. ारी कर्मचारियों को मिलने वाली सैलरी से लेकर तमाम दूसरे खर्च रुक जाएंगे।

# फिलीपींस में 6.9 तीव्रता का भूकंप

## 69 की मौत, 150 से ज्यादा घायल, कई मकान और चर्च धराशाई हुए



■ मृतकों की संख्या बढ़ने की आशंका है, अब तक कई लोगों को मलबे से निकाला गया

**मनीला।** फिलीपींस के सेबू प्रांत में मंगलवार रात को 6.9 तीव्रता का भूकंप आया। इसकी वजह से 69 लोगों की मौत हो गई है, जबकि करीब 150 घायल है। न्यूज एजेंसी एपी की रिपोर्ट के मुताबिक मृतकों की संख्या बढ़ने की आशंका है। अब तक कई लोगों को मलबे से निकाला गया है। रेस्क्यू टीमें मंगलवार रात से ही बचाव अभियान चला रही हैं।

अमेरिकी जियोलाजिकल सर्वे (यूएसजीएस) ने पहले इसे 7.0 तीव्रता का बताया था, लेकिन बाद में कम करके 6.9 कर दिया। भूकंप का केंद्र सेबू आइलैंड के बोगो शहर के पास था। इस शहर की आबादी 90 हजार है। पहले झटके के बाद इलाके में 5 या उससे अधिक तीव्रता के चार और झटके महसूस किए गए। भूकंप के झटके महसूस होते ही लोग अपने घरों से बाहर निकल आए। भूकंप के तेज झटकों की वजह से एक चर्च का ऊपरी हिस्सा गिर गया। भूकंप के झटकों के दौरान लोग घरों से बाहर निकल आए और एक दूसरे को पकड़कर खड़े रहे। भूकंप से एक होटल के फर्श की टाइल टूट गई और लोग भागने पर मजबूर हो गए। एक ब्लागर ने अपने कैमरे में भूकंप के झटकों को रिकॉर्ड किया। वह फिलीपींस के एक बार में बैठा हुआ था। रैम्प वाक शो के दौरान भूकंप के झटकों के बाद महिला माडल रैम्प से कूदकर भाग गईं। रैम्प वाक शो में मौजूद कई दूसरे लोग भी भूकंप के झटकों के दौरान भागते नजर आए। भूकंप में फूड चेन मैकडानल्ड्स के एक आउटलेट की दो मंजिला बिल्डिंग को भी नुकसान पहुंचा। इस बिल्डिंग की दीवारें टूट गईं, जिससे वह एक तरफ झुक गई। राहतकर्मियों ने भूकंप में घायल हुए लोगों को रेस्क्यू करके अस्पताल पहुंचाया। अस्पताल में पर्याप्त जगह नहीं होने से कई घायलों का बाहर ही इलाज करना पड़ा। फिलीपींस रिंग आफ फायर के पास मौजूद है, ऐसे में यहां भूकंप आना आम बात है। रिंग आफ फायर ऐसा इलाका है, जहां कई कान्टिनेंटल के साथ ही ओ. शियनिक टेक्टोनिक प्लेट्स भी हैं। ये प्लेट्स आपस में टकराती हैं तो भूकंप आता है, सुनामी उठती है और ज्वालामुखी फटते हैं। दुनिया के 90 प्रतिशत भूकंप इसी रिंग आफ फायर क्षेत्र में आते हैं। यह क्षेत्र 40 हजार किलोमीटर में फैला है। दुनिया में जितने सक्रिय ज्वालामुखी हैं, उनमें से 75 प्रतिशत इसी क्षेत्र में हैं। जापान, रूस, फिलीपींस, इंडोनेशिया, न्यूजीलैंड, अंटार्कटिका, कनाडा, अमेरिका, मेक्सिको, ग्वाटेमाला, कोस्टा रिका, पेरू, इक्वाडोर, चिली और बोलिविया रिंग आफ फायर के पास हैं।

## संक्षिप्त समाचार

### बांग्लादेश में भारतीय छात्रा का शव फंदे पर झूलता मिला

**ढाका।** बांग्लादेश की ढाका में भारत की मेडिकल छात्रा निंदा खान (19 साल) की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। वह राजस्थान के झालावाड़ की रहने वाली थीं। वह अड-डिन मोमिन मेडिकल कॉलेज में एमबीबीएस की पढ़ाई कर रही थीं। रिपोर्ट्स के मुताबिक, शनिवार को परीक्षा में नकल करते हुए पकड़े जाने के बाद कॉलेज प्रशासन ने उसे निष्कासित कर दिया था। इसके कुछ घंटों बाद रविवार तड़के उसका शव हास्टल के कमरे में फांसी से लटका मिला। ढाका पुलिस प्रमुख सैयद मोहम्मद अख्तर ने बताया कि उन्हें सुबह 4:15 बजे सूचना मिली और मौके पर पहुंचने पर छात्रा का शव बरामद किया गया।

### इंडोनेशिया में स्कूल की इमारत ढहने से कम से कम 91 लोग फंसे

**जकार्ता।** इंडोनेशिया की आपदा प्रबंधन एजेंसी ने बुधवार को कहा कि पूर्वी जावा प्रांत के सिदोअर्जो जिले में 29 सितम्बर को एक स्कूल की इमारत ढहने के बाद कम से कम 91 लोग फंस गए हैं। राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन एजेंसी (बीएनपीबी) के प्रवक्ता अब्दुल मुहरी ने बताया कि कल शाम तक, इस दुर्घटना में तीन लोगों की मौत हो चुकी थी और 90 से जयादा घायल हो गए थे, जबकि 26 अभी भी अस्पताल में भर्ती हैं। विभिन्न एजेंसियों के सैकड़ों बचावकर्मियों को घटनास्थल पर तैनात किया गया है। भारी मशीनरी के इस्तेमाल से इमारत के ढहने की आशंका की वजह से बचावकर्मियों ने हाथ से खुदाई पर ध्यान केंद्रित किया है। वे मलबे में फंसे लोगों तक खाना और पानी पहुंचा रहे हैं।

### हमास से ट्रम्प की गाजा योजना स्वीकार करने का आग्रह

**मॉस्को।** कतर, मिस्र और तुर्की ने हमास से अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प की गाजा योजना को स्वीकार करने का आग्रह किया है। एक्सियोस समाचार पोर्टल ने सूत्रों के हवाले से यह जानकारी दी है। ट्रम्प ने सोमवार को गाजा संघर्ष को हल करने के लिए 20-सूत्रीय योजना का प्रस्ताव सामने रखा। इस प्रस्ताव में अन्य बातों के साथ, तत्काल युद्धविराम और 72 घंटों के भीतर बंधकों की रिहाई की मांग की गई है। प्रस्तावित योजना में यह भी निर्धारित किया गया है कि हमास और 'अन्य समूहों' को गाजा शासन में प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से भागीदारी छोड़नी होगी। प्रस्ताव के मुता. बिक गाजा का शासन एक 'तकनीकी, गैर-राजनीतिक फिलिस्तीनी समिति' द्वारा किया जाएगा।

# आतंकवाद की चुनौती से मिलकर निपटेंगे भारत-उज्बेकिस्तान

**नई दिल्ली।** भारत और उज्बेकिस्तान ने आतंकवाद की चुनौती का मिलकर मुकाबला करने तथा इस क्षेत्र में सहयोग बढाने के लिए सूचना साझा करने, क्षमता निर्माण और सर्वोत्तम तौर तरीकों के आदान-प्रदान की जरूरत पर बल दिया है। दोनों देशों ने पहलगाम आतंकवादी हमले की कड़ी निंदा करते हुए आतंकवाद से संबंधित मौजूदा और उभरती चुनौतियों पर भी चर्चा की।

भारत-उज्बेकिस्तान आतंकवाद रोधी संयुक्त कार्य समूह की नौवीं बैठक मंगलवार को ताशकंद में हुई। बैठक की सह-अध्यक्षता विदेश मंत्रालय के संयुक्त सचिव (आतंकवाद निरोधक) डॉ. विनोद जे. बहाडे और उज्बेकिस्तान के विदेश मंत्रालय में दक्षिण एशिया, पश्चिम एशिया और अफ्रीका सहयोग विभाग के प्रमुख गुला. मजोन पिरिमकुलोव ने की। दोनों पक्षों ने वैश्विक स्तर पर और अपने-अपने क्षेत्रों में आतंकवादी समूहों द्वारा उत्पन्न खतरों पर चर्चा की। उन्होंने आतंकवाद से निपटने में मौजूदा और उभरती चुनौतियों पर विचारों का आदान-प्रदान किया, जिनमें उग्रवाद और कट्टरपंथ का मुक. ाबला, आतंकवाद के वित्तपोषण का मुकाबला, आतंकवादी उद्देश्यों के लिए प्रौद्योगिकी के उपयोग को रोकना, अंतर्राष्ट्रीय संगठित अपराध और आतंकवाद के बीच गठजोड़ और आतंकवादियों की वैश्विक आवाजाही जैसे मुद्दे शामिल हैं। दोनों पक्षों ने जम्मू और कश्मीर के पहलगाम में निर्दोष नागरिकों पर कायरतापूर्ण आतंकवादी हमले की निंदा की। उन्होंने सूचना साझा करने क्षमता निर्माण और सर्वोत्तम प्रथाओं के आदान-प्रदान के माध्यम से आतंकवाद से निपटने के लिए द्विपक्षीय सहयोग को मज़बूत करने के उपायों पर भी विचार-विमर्श किया।

# बेंजामिन नेतन्याहू ने 30 साल में तीन मुस्लिम देशों से मांगी माफी

## कतर से पहले जॉर्डन ने किया था मजबूर

**तेल अवीव।** हमास से जुड़े बड़े लीडर्स राजधानी के एक रिहाइशी काम्प्लेक्स में सीजफायर को लेकर चर्चा करने के लिए इकट्ठा हुए थे।

मीटिंग चल ही रही थी कि इजरायली एयरफोर्स ने रेड सी से बैलिस्टिक मिसाइल से इमारत को निशाना बनाकर हमला कर दिया। हमले में हमास के 5 अधिकारी समेत कतर सेना के एक सैनिक की मौत हो गई। कतर पर हमला ट्रम्प की असफलता माना गया। हमले के 5 दिन बाद ही दोहा में 50 से ज्यादा मुस्लिम देशों के नेता इकट्ठा हुए और इजरायली हमले की निंदा की। दबाव इतना बढ़ा कि 20 दिन बाद नेतन्याहू ने व्हाइट हाउस से कतर के पीएम को फोन कर माफी मांगी।



■ तुर्की को इजरायल ने मुआवजा भी दिया था

उन्होंने साफ कहा कि इजरायल दोबारा कभी कतर पर हमला करने की गलती नहीं करेगा। कतर, अमेरिका का मित्र देश है। अमेरिका उसे 1992 से सुरक्षा गारंटी दे रहा है। बदले में कतर, अमेरिका को अरबों का निवेश देता है। इसी साल मई में कतर ने अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रम्प को 3400 करोड़ का लग्जरी प्लेन गिफ्ट किया था। यह पहली बार नहीं है जब इजरायल को अपनी आक्रामक नीतियों की वजह से मुस्लिम देशों से माफी मांगनी पड़ी है। इससे पहले भी नेतन्याहू जार्डन और तुर्की से माफी मांग चुके हैं बेंजामिन नेतन्याहू जून 1996 में पहली बार इजरायल के प्रधानमंत्री बने थे। पद संभालने के बाद ही उन्होंने हमास को टारगेट करना शुरू किया। उन्होंने हमास में तेजी से उभर रहे नेता खालिद मेशाल को मारने के लिए खुद मोसाद के 6 एजेंट्स चुने। खालिद मेशाल उन दिनों हमास का प्रवक्ता था और जार्डन में रह रहा था। 25 सितम्बर 1997 का दिन चुना गया जब उसकी हत्या होनी थी।

# इजरायली हमलों से फिर दहला गाजा, 16 की मौत

■ अस्पतालों ने बताया कि हमले में राहतकर्मी भी मारे गए

**गाजा पट्टी।** गाजा पट्टी पर इजरायल के हवाई हमले लगातार जारी हैं। बुधवार को कम से कम 16 फलस्तीनी नागरिकों की मौत की पुष्टि हुई है। यह हमले ऐसे समय हो रहे हैं जब पूरी दुनिया अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प की शांति योजना पर हमास की प्रतिक्रिया का इंतजार कर रही है।

मृतकों में वे लोग भी शामिल हैं जिन्होंने गाजा सिटी के अल-फलाह स्कूल में शरण ली थी। अधिकारियों के मुताबिक स्कूल पर दो बार हमला हुआ। अस्पतालों ने बताया कि हमलों में राहतकर्मी भी मारे गए। सुबह एक और हमले में पांच लोगों की मौत तब हुई जब वे पीने के पानी की टंकी के पास खड़े थे। गाजा सिटी के शिफा अस्पताल ने एक व्यक्ति के शव को लिया, जिसकी मौत अपार्टमेंट पर हमले में हुई। नुसेरात शरणार्थी शिविर में एक दंपति की मौत हुई, जबकि बुरेज शिविर में एक व्यक्ति मारा गया। मंगलवार को तुर्की चौनल टीआरटी के पत्रकार यहया बरजाक भी एक हमले में मारे गए। गाजा के स्वास्थ्य मंत्रालय का कहना है कि अब तक इजरायली अभियान में 66000 से अधिक फलस्तीनियों की मौत हो चुकी है और करीब 1.70 लाख लोग घायल हुए हैं। मृतकों में महिलाओं और बच्चों की संख्या लगभग आधी है। हालांकि मंत्रालय नागरिक और आतंकी में अंतर नहीं करता। अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रम्प ने हाल ही में एक 20 सूत्रीय शांति योजना पेश की है। इसमें हमास से बंधकों की रिहाई, गाजा छोड़ने और हथियार डालने की शर्त रखी गई है।

# शांति प्रस्ताव पर फैसले के लिए हमास के पास 3-4 दिन का समय

■ डेडलाइन के बाद ट्रम्प की अंजाम भुगतने की धमकी

**वाशिंगटन।** हमास ने कहा कि वह अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रम्प के गाजा शांति प्रस्ताव पर प्रतिक्रिया देने से पहले इसपर विचार करेगा और अन्य फलस्तीनी गुटों के साथ भी चर्चा करेगा। इजरायली प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू पहले ही ट्रम्प के प्रस्ताव का समर्थन कर चुके हैं, लेकिन अभी यह साफ नहीं है कि हमास इस पर तैयार है या नहीं।

प्रस्ताव में कहा गया है कि हमास प्रभावी रूप से आत्मसमर्पण करे और निशस्त्रीकरण करे, बदले में गाजा में लड़ाई समाप्त होगी। फलस्तीनियों के लिए मानवीय सहायता और गाजा में पुनर्निर्माण का वादा किया गया है। ट्रम्प का कहना है कि हमास के पास प्रस्ताव पर प्रतिक्रिया देने के लिए 'तीन या चार दिन' का ही समय है। राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने व्हाइट हाउस में मीडिया से बात करते हुए कहा कि हमास या तो प्रस्ताव पर सहमत होगा और अगर ऐसा नहीं होता है, तो इसका अंत बहुत दुखद होगा। राष्ट्रपति ने कहा कि उनके नवीनतम शांति प्रस्ताव में हमास के लिए बातचीत की ज्यादा गुंजाइश नहीं है। कतर और मिस्र के अधिकारियों ने हमास के वार्ताकारों के सामने यह ट्रम्प का प्रस्ताव रखा है, जो इसकी समीक्षा कर रहे हैं। ट्रम्प ने सोमवार को कहा कि अगर हमास इस समझौते पर सहमत नहीं होता है, तो इजरायल को हमास को तबाह करने के लिए उनकी सरकार का पूरा समर्थन होगा। ट्रम्प ने कहा कि मैं उन्हें जो करना है, करने दूंगा। वे इसे बहुत आसानी से कर सकते हैं। संयुक्त राष्ट्र का कहना है कि वह जब भी संभव हो, वे गाजा में सहायता पहुंचाने के लिए तैयार है। ट्रम्प के प्रस्ताव में कहा गया है कि सहायता की आपूर्ति इजरायल या हमास के हस्तक्षेप के बिना होगी और सहायता आपूर्ति संयुक्त राष्ट्र और उसकी एजेंसियों, और रेड क्रिसेंट के माध्यम से की जाएगी। संयुक्त राष्ट्र की जिनेवा प्रवक्ता एलेसेंड्रा वेलुची ने कहा कि यूएन शांति प्रयासों को लेकर विभिन्न पक्षों के संपर्क में है। हम सभी मध्यस्थता का स्वागत करते हैं। पोप लियो ने हमास से ट्रम्प के शांति प्रस्ताव को स्वीकार करने की अपील की और तत्काल युद्धविराम और हमास द्वारा बंधक बनाए गए लोगों की रिहाई का आह्वान दोहराया।

# नेपाल, भूटान व श्रीलंका के लोगों को रुपये में ऋण दे सकेंगे भारतीय बैंक

**मुंबई।** रुपये में अंतर्राष्ट्रीय व्यापार को बढ़ावा देने के लिए भारत के प्राधिकृत डीलर बैंक नेपाल, भूटान और श्रीलंका के लोगों को रुपये में ऋण दे सकेंगे। भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के गवर्नर संजय मल्होत्रा ने बुधवार को इसकी घोषणा करते हुए बताया कि इस संबंध में शीघ्र ही नियमों को अधिसूचित किया जाएगा। उन्होंने बताया कि नेपाल, भूटान और श्रीलंका के नागरिकों के अलावा वहां के बैंकों को भी रुपये में कर्ज दिया जा सकेगा। इसके अलावा एक और बड़े बदलाव के तहत अब फाइनेंशल बेंचमार्क इंडिया लिमिटेड को अमेरिकी डॉलर, यूरो, ब्रितानी पाउंड और जापानी येन के अलावा दूसरी मुद्राओं के लिए भी संदर्भ दर जारी करने के निर्देश दिये गए हैं।

# 3 मौतों के बाद POK में लोगों का गुस्सा चरम पर

## पाकिस्तान के सभी एंट्री पॉइंट बंद करने की धमकी दी

**जिनेवा।** पाकिस्तान अधिकृत कश्मीर में इन दिनों उबाल है और विरोध प्रदर्शन के दौरान तीन प्रदर्शनकारियों की मौत से लोगों का गुस्सा और भड़क गया है। पीओके का विरोध प्रदर्शन इस कदर व्यापक हो गया है कि विदेशों में बसे पीओके के लोग भी प्रदर्शन में शामिल हो गए हैं।



यूनाइटेड कश्मीर पीपल्स नेशनल पार्टी (यूकेपीएनपी) के अध्यक्ष शौकत अली कश्मीरी ने स्विट्जरलैंड में न्यूज एजेंसी एएनआई के साथ बातचीत में कहा कि यह विरोध प्रदर्शन लोगों की बुनियादी जरूरतों को लेकर है। उन्होंने कहा कि पीओके के लोग बीते दो वर्षों से अपने बुनियादी अधिकारों के लिए विरा. ध प्रदर्शन कर रहे हैं। शौकत अली कश्मीरी ने कहा कि जॉइंट एक्शन कमेटी के बैनर तले लोग बीते दो वर्षों से आंदोलन कर रहे हैं। यह आंदोलन बुनियादी जरूरतों को लेकर है। बीते 77 वर्षों से पीओके के लोगों को बुनियादी अधिकारों और जरूरतों से दूर रखा गया। पहले राजनीतिक पार्टियां अपने-अपने मंच से विरोध प्रदर्शन कर रहीं थीं। फिर सभी राजनीतिक पार्टियों और आम लोगों ने मिलकर एक जॉइंट अवामी एक्शन कमेटी का गठन किया। बीते दो वर्षों से ये कमेटी ही आंदोलन का नेतृत्व कर रही है। यूनाइटेड कश्मीर पीपल्स नेशनल पार्टी के अध्यक्ष ने पाकिस्तान अधिकृत कश्मीर की सरकार को कठपुतली सरकार बताया और आरोप लगाया कि ये कठपुतली सरकार लोगों की वैध और सही मांगों को भी पूरा करने में नाकाम रही। लोग बिजली की किल्लत, बेरोजगारी और संवैधानिक अधिकारों की मांग को लेकर आंदोलन कर रहे हैं, लेकिन कठपुतली सरकार उनकी जायज मांगों को भी पूरा नहीं कर पा रही है। यूकेपीएनपी के नेताओं ने धमकी दी कि आने वाले समय में आंदोलन और तेज होगा क्योंकि लोग अब सोशल मीडिया के जरिए जुड़े हुए हैं।

# नोबेल शांति पुरस्कार पाने के लिए छटपटा रहे ट्रंप

**वाशिंगटन।** अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने कहा कि अगर उन्हें नोबेल शांति पुरस्कार नहीं मिलता है तो यह उनके देश का अपमान होगा। उन्होंने अपने इस दावे को दो. हराया कि उन्होंने कम से कम सात अंतर्राष्ट्रीय संघर्षों को खत्म करने में अहम भूमिका निभाई है।



ट्रम्प का यह ताजा बयान ऐसे समय में सामने आया, जब एक दिन पहले उन्होंने गाजा में जारी युद्ध को खत्म करने के लिए शांति योजना की पेशकश की। उन्होंने कहा कि अगर हमास इस प्रस्ताव को स्वीकार करता है, तो यह आठवां संघर्ष होगा, जिसे उन्होंने मध्यस्थता करके खत्म किया होगा। ट्रम्प ने कहा क्या आपको नोबेल पुरस्कार मिलेगा? बिल्कुल नहीं। यह पुरस्कार किसी ऐसे व्यक्ति को दिया जाएगा जिसने कुछ भी नहीं किया। उन्होंने अमेरिका के शीर्ष सैन्य अधिकारियों को संबोधित करते हुए कहा यह हमारे देश का बड़ा अपमान होगा। मैं इसे (अपने लिए) नहीं चाहता, मैं चाहता हूं कि यह देश को मिले। उन्होंने आगे कहा, इसे देश को मिलना चाहिए क्योंकि ऐसा पहले कभी नहीं हुआ। राष्ट्रपति का यह दावा दस अक्टूबर से पहले आया है, जब इस साल नोबेल पुरस्कारों की घोषणा की जाएगा। ट्रम्प लंबे समय से इस बात से परेशान हैं कि पूर्व राष्ट्रपति बराक ओबामा को 2009 में यह पुरस्कार मिला था, जो डेमोक्रेटिक पार्टी के नेता हैं। अपने ताजा संबोधन में ट्रम्प ने फिर से दावा किया कि उन्होंने इस साल जनवरी से सात संघर्षों को समाप्त किया है। उन्होंने कहा कि अगर गाजा शांति योजना सफल हो जाती है तो हमारे पास ऐसे आठ युद्ध होंगे, आठ महीनों में आठ युद्ध। यह बहुत अच्छा है। गाजा शांति योजना की पेशकश उन्होंने इजरायली प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू की अमेरिका यात्रा के दौरान की थी। पिछले हफ्ते संयुक्त राष्ट्र महासभा (यूएनजीए) को संबोधित करते हुए अमेरिकी राष्ट्रपति ने कहा कि उन्होंने सात महीने में सात संघर्ष खत्म किए हैं। उन्होंने कहा कहा जा रहा था कि ये संघर्ष खत्म नहीं होंगे। कुछ 31 साल से चल रहे थे। इनमें एक 36 साल से। मैंने सात युद्ध खत्म किए और सभी मामलों में हजारों लोग मारे जा रहे थे।

■ ट्रम्प ने दोहराया सात संघर्षों को रोकने का दावा

